# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, गुरुवार 18 दिसंबर 2025


केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी का ऐलान

## अब पूरे देश में लागू होगा एआई बेस्ड डिजिटल 'टोल सिस्टम'

सैटेलाइट का होगा इस्तेमाल, सालाना करीब 1,500 करोड़ रुपए के ईंधन की बचत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की हाईवे यात्रा में बड़ा बदलाव आने वाला है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने ऐलान किया है कि 2026 के अंत तक पूरे भारत में एआई आधारित डिजिटल टोल कलेक्शन सिस्टम लागू कर दिया जाएगा। इसके बाद टोल प्लाजा पर गाड़ियों को रुकने की जरूरत नहीं होगी। मल्टी लेन फ्री फ्लो यानी एमएलएफएफ सिस्टम से यात्रा तेज होगी, ईंधन की बचत होगी और सरकार की आमदनी भी बढ़ेगी। बता दें कि इस सिस्टम में गाड़ियां 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक की स्पीड से भी टोल पार कर सकेंगी। इससे जाम और अनावश्यक रुकावट पूरी तरह समाप्त हो सकती है। मल्टी लेन फ्री फ्लो एक आधुनिक टोल तकनीक है, जिसमें वाहन बिना रुके तय गति से टोल क्रॉस कर सकते हैं। नितिन गडकरी के अनुसार, फॉस्टैग के बाद टोल पर रुकने का समय 60 सेकंड से कम हुआ था, लेकिन एमएलएफएफ के बाद यह समय पूरी तरह खत्म हो जाएगा। इस सिस्टम में गाड़ियां 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक की स्पीड से टोल पार कर सकेंगी। इससे जाम और अनावश्यक रुकावट पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। नया टोल सिस्टम पूरी तरह एआई आधारित होगा और इसमें सैटेलाइट के जरिए नंबर प्लेट पहचान की जाएगी। इससे सिस्टम ज्यादा पारदर्शी बनेगा और किसी भी तरह की टोल चोरी पर रोक लगेगी। आधुनिक टोल तकनीक से देश को सालाना करीब 1,500 करोड़ रुपए के ईंधन की बचत होगी।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### आईसीसी रैंकिंग में वरुण ने तोड़ा बुमराह का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है। वह आईसीसी टी20 रैंकिंग में अपने देश के सबसे ज्यादा रेटिंग पाने वाले गेंदबाज बन गए हैं। बुधवार को जारी रैंकिंग में चक्रवर्ती ने हुए सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की। इससे पहले गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के नाम सबसे अधिक रेटिंग पाने वाले गेंदबाज का रिकॉर्ड था।

### तेज रफ्तार कार पलटी 3 दोस्तों की गई जान



**उमरिया।** जिले में मंगलवार रात को भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार मोड़ पर बेकाबू होकर पलट गई, हादसे में तीन दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गई। कार बुरी तरह से चकनाचूर हो गई। बताया जा रहा है कि पांच दोस्त कार में सवार होकर घूमने निकले थे तभी हादसे का शिकार हो गए। 5 में से तीन दोस्तों की मौत हो गई है, दो लोग घायल हैं।

**एक दिन का विशेष सत्र:** विधानसभा के 69 साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री ने विशेष सत्र में किया ऐलान

# भोपाल व इंदौर को बनाया मेट्रोपॉलिटन सिटी, जबलपुर-ग्वालियर होंगे शामिल



### उज्जैन के बाद प्रदेश के बड़े शहर बनेंगे मेडिसिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा ने अपनी स्थापना के 69 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर बुधवार को विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आयोजित किया गया। सदन में चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकार के कामों को गिनाया। उन्होंने कहा कि इंदौर और भोपाल को मेट्रोपोलिटन के लिए चुना गया है। वर्ष 2026 में ग्वालियर और जबलपुर को भी मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाने का काम शुरु करेंगे। हम शहरों और गांवों के विकास को लेकर निरंतर काम कर रहे हैं।

इसके साथ गांवों में विकास भी जारी रहेगा। ब्लॉक स्तर पर वृंदावन गांव बनाने की योजना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 395 सांदीपनि आश्रम बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अर्जुन सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने नवोदय विद्यालय का मॉडल दिया और उज्जैन में आश्रम खोला। नवोदय ने देश की शिक्षा व्यवस्था माइलस्टोन का काम किया।

◀ मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में महाकाल लोक, राम वन गमन पथ, लोक परंपराएं यह सब हमारी पहचान है। जिसके तहत राजधानी में सम्राट विक्रमादित्य, राजाभोज सहित 9 महापुरूषों के नाम पर 9 गेट बनाए जाएंगे

**शहरों के साथ गांवों का भी होगा विकास, ब्लॉक स्तर पर बनेंगे वृंदावन गांव**

**प्रदेश में 395 सांदीपनि आश्रम बनाए गए**

◀ प्राइवेट स्कूलों के साढ़े आठ लाख छात्रों की सरकार ने भरी फीस



विकास और सेवा के दो वर्ष विषय पर प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए

### नक्सलियों का किया खात्मा

मुख्यमंत्री ने सदन में चर्चा के दौरान जिक्र किया कि 11 दिसंबर को नक्सलियों में अंतिम कील ठोकी गई। 1999 में कांग्रेस सरकार के एक मंत्री को सरेराह चौराहे पर नक्सलियों ने हत्या की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 799 मॉडल स्कूल, 52 सांदीपनि स्कूलों में रोबोटिक लैब, 3 हजार 367 स्कूलों में प्रोफेशनल कोर्स शुरु किए गए हैं। इसके साथ ही 30 हजार से अधिक प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले साढे आठ लाख छात्रों की फीस सरकार ने भरी है।

### एक साल में आए साढ़े तेरह करोड़ पर्यटक

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने तरक्की की है। पहले कभी एक साल में जितने पर्यटक आते थे, उतने तो अब एक सप्ताह में आ रहे हैं। वर्ष 2024 में साढ़े 13 करोड़ रिकॉर्ड पर्यटक मध्यप्रदेश आए।

### पीएम मित्र पार्क से तीन लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश को दी गई पीएम मित्र पार्क की सौगात से मालवा निमाड़ अंचल में तीन लाख से अधिक लोगों को रोजगार और 6 लाख से ज्यादा कपास उत्पादकों को फायदा होगा। नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश दूसरे राज्यों से आगे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में महाकाल लोक, राम वन गमन पथ, लोक परंपराएं यह सब हमारी पहचान है। जिसके तहत राजधानी में सम्राट विक्रमादित्य, राजाभोज सहित 9 महापुरूषों के नाम पर 9 गेट बनाए जाएंगे। श्रीकृष्ण पाथेय के निर्माण के लिए श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के गठन को स्वीकृति दी। क्षिप्रा के शुद्धिकरण के लिए 599 करोड़ की लागत से बनने वाली कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना का भूमिपूजन किया गया है।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हादसा, पिकअप में चार जिंदा जले

## तीन लोगों की मौत, मृतकों में दो सागर के रहने वाले

एजेंसी ▶▶ अलवर



पिकअप बनी आग का गोला

अलवर में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार-बुधवार रात एक पिकअप में आग लग गई। हादसे में 3 लोगों की बुरी तरह जलने से मौके पर ही मौत हो गई। एक गंभीर झुलसे व्यक्ति को जयपुर रेफर किया गया है। एक्सीडेंट जिले के रैणी थाना क्षेत्र में रात करीब एक बजे हुआ। पिकअप को ड्राइवर साइड की तरफ किसी वाहन से टक्कर लगी है। टक्कर के तुरंत बाद आग लग गई। तीनों शव सीट पर चिपके हुए मिले। एएसआई ने बताया पिकअप में मिले तीन लोगों के शवों की पहचान मोहित निवासी बहादुरगढ़ (हरियाणा), दीपेंद्र निवासी सागर और पदम निवासी सागर के रूप में हुई है। हादसे में घायल ड्राइवर की पहचान हन्नी निवासी झज्जर (हरियाणा) के रूप में हुई है, जिसे प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर पिकअप में आग देखने के बाद कई गाड़ियां मौके पर ही रुक गईं। स्थानीय लोगों ने बताया कि रेस्क्यू शुरू किया गया, तब तक गाड़ी पूरी तरह से जल गई थी।

**बेंगलुरु में रह रही थी, कोल घोटाले में जमानत पर थी सौम्या**

# सौम्या पर अब शराब घोटाले में ईडी का फंदा, पूछताछ के बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उप सचिव रही सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने सौम्या को पूछताछ के लिए सुबह ईडी दफ्तर बुलाया था। दिनभर पूछताछ के बाद शाम को उन्हें गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार कोयला घोटाला मामले में कोर्ट से जमानत मिलने के बाद सौम्या चौरसिया बेंगलुरु में रह रही थी। ईडी ने प्रदेश में हुए 3200 करोड़ रुपए से अधिक के शराब घोटाला मामले में पूछताछ करने के लिए उन्हें समन भेजकर रायपुर कार्यालय में बुलाया था। सौम्या ईडी का समन पाकर सुबह ईडी कार्यालय पहुंची, जहां उनसे कई घंटे तक पूछताछ की गई। इस पूछताछ के बाद ईडी ने सौम्या को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी को शराब घोटाला में सौम्या के शामिल होने के कई ठोस सबूत मिले हैं। इन सबूतों एवं सौम्या से की गई पूछताछ के बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया है। सूत्र के अनुसार ईडी सौम्या को बुधवार को विशेष कोर्ट में पेश करेगी।

### 3200 करोड़ का शराब घोटाला

उल्लेखनीय है कि शराब घोटाला मामले में ईडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई है, जिसमें 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले का आरोप है। ईडी ने अपनी जांच में यह भी पाया है कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर ने सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया था। इस घोटाला के मुख्य आरोपियों में सौम्या का नाम भी शामिल है। इसके अलावा इस घोटाला में आबकारी विभाग के 28 आबकारी अधिकारी भी आरोपी बनाए गए थे, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है।

### ऐसे हुआ था घोटाला

छत्तीसगढ़ में तत्कालीन कांग्रेस के शासनकाल में शराब घोटाला हुआ है। शराब घोटाला के लिए शराब नीति को बदलकर करीबी सप्लायरों के माध्यम से शराब घोटाला किया गया था। शराब की नई नीति में लाइसेंस की शर्तें ऐसी रखी गई थी जिससे मनपसंद कम्पनियों को ही काम मिल सके।

होटल व्यवसायी से मांगे थे 10 लाख रुपए

## सीजीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर को 4 लाख की घूस लेते पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



जबलपुर में सीबीआई ने सीजीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर को चार लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सीबीआई के सूत्रों के अनुसार सीजीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर विवेक शर्मा और इंस्पेक्टर सचिन खरे ने एक होटल व्यवसाय से रिकवरी का सेटलमेंट करने के लिए 10 लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी। जानकारी के अनुसार, सीबीआई ने ग्वारीघाट रोड पर अवधपुरी स्थित सीजीएसटी कार्यालय में इंस्पेक्टर सचिन खरे को 4 लाख रुपए की नकद रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। जांच की आंच असिस्टेंट कमिश्नर विवेक वर्मा तक भी पहुंची, जिसके बाद उन्हें भी हिरासत में ले लिया गया है। सीबीआई की इस अचानक छापेमारी से पूरे कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। यह कार्रवाई जबलपुर के एक होटल व्यवसायी विवेक त्रिपाठी की शिकायत पर की गई है। होटल व्यापारी विवेक त्रिपाठी के ऊपर जीएसटी विभाग द्वारा लगभग 1 करोड़ रुपए की रिकवरी निकाली गई थी। इस भारी-भरकम रिकवरी के मामले को रफा-दफा करने और फाइल सेटल करने के बदले में अधिकारियों ने व्यापारी से 10 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। रिश्वत की पहली किस्त 4 लाख रुपए देने के दौरान सीबीआई की टीम ने पहले से बिछाए जाल में इंस्पेक्टर को दबोच लिया। सीबीआई अब इन अधिकारियों के निवास और कार्यालयीन दस्तावेजों की सघन जांच कर रही है। यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या इस वसूली में विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। केंद्रीय जीएसटी विभाग जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय में इस स्तर के अधिकारियों की गिरफ्तारी ने सरकारी सिस्टम की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।







राज्यसभा में मंत्री गडकरी बोले

# एक्सप्रेसवे बनने से दिल्ली से देहरादून की दूरी दो घंटे में तय हो सकेगी, 15 दिन में शुरू होगा, अभी प्रायोगिक ट्रायल, दिल्ली-मेरठ मार्ग पर कम होगा ट्रैफिक




गडकरी ने बताया कि इसके उद्घाटन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी से समय मांगा गया है। यह एक्सप्रेसवे करीब पंद्रह दिनों में चालू हो जाएगा। दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर से इसके प्रायोगिक परिचालन को मंजूरी दे दी गई है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि कहा कि दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे शुरू होने के बाद राष्ट्रीय राजधानी से उत्तराखंड की राजधानी की दूरी मात्र दो घंटे में तय की जा सकेगी और इसके उद्घाटन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी से समय मांगा गया है। यह एक्सप्रेसवे करीब पंद्रह दिनों में चालू हो जाएगा।

दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर से इसके प्रायोगिक परिचालन को मंजूरी दे दी गई है। इसके शुरू होने से दिल्ली-मेरठ मार्ग पर परिवहन काफी कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे बनाया है जिसके चलते मेरठ जाने में अब 45 मिनट लगते हैं जबकि पहले साढ़े तीन घंटे का समय लगता था। बता दें, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे एक निर्माणाधीन परियोजना है, जो लगभग 210 किमी लंबी है और दिल्ली से देहरादून की यात्रा को 6-7 घंटे से घटाकर केवल 2.5 घंटे कर देगी। इसका एक हिस्सा (अक्षरधाम से ईपीई जंक्शन तक) परीक्षण के लिए खोला जा चुका है।

■ अक्षरधाम से ईपीई जंक्शन तक परीक्षण के लिए खोला गया

**देश में 10 हजार किमी सड़क निर्माण का लक्ष्य**

सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर घटकर 4.3 हो गई


राज्यसभा में जानकारी देते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी

## अब तक 3468 किमी सड़कों का निर्माण पूरा

मंत्री गडकरी ने एक अन्य सवाल के उत्तर में कहा कि चालू वित्त वर्ष (अक्टूबर 2025 तक) में 3,468 किमी राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि 2025-26 के लिए 10,000 किमी निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। वित्तवर्ष 2024-25 के दौरान 10,420 किमी के लक्ष्य के मुकाबले 10,660 किमी का निर्माण किया गया था। गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों के विश्लेषण से सुधार के संकेत मिले हैं। उन्होंने कहा कि 2018 में प्रति 10,000 वाहन पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर 5.8 थी जो घटकर 2022 में 4.3 हो गई।

## दो हजार किमी रेल मार्ग पर कवच का काम पूराः वैष्णव

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि दो हजार किमी से अधिक रेल मार्ग पर कवच सुरक्षा प्रणाली लगाने का काम पूरा हो चुका है और देश में यह काम तेजी से चल रहा है। अब तक 7,129 किलोमीटर ओएफसी लाइन पूरी कर ली है, 860 दूरसंचार टॉवर लगाए जा चुके हैं, 767 स्टेशन पर डेटा सेंटर बन चुके हैं और 3,413 पटरियों पर उपकरण लग चुके हैं। 4,154 लोकोमोटिव में इसके उपकरण लग चुके हैं। इसके अलावा 40,000 टेक्नीशियन और ऑपरेटर को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।



**155 स्टेशनों का पुनर्निर्माण किया**

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मुंबई समेत देश के अन्य बड़े शहरों में रेलवे स्टेशनों की क्षमता बढ़ाने का काम बहुत तेजी से चल रहा है। मुंबई के लिए 238 नई रेलगाड़ियों की खरीद की प्रक्रिया जारी है जो 'ऑटो डोर क्लोज' सुविधा वाली होंगी। उन्होंने कहा कि देश में अमृत भारत योजना में जितने भी स्टेशन लिए गए हैं, उन पर काम तेजी से चल रहा है। योजना के तहत देश में अब तक 1,337 स्टेशनों को पुनर्निर्माण के लिए चिह्नित किया गया है और अब तक 155 स्टेशनों पर काम पूरा हो चुका है।

### 6जी तकनीक में हम दुनिया का नेतृत्व करेंगे : सिंधिया

दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लोकसभा में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में 5जी तकनीक देश की ही नहीं, विश्वव्यापी सफलता की कहानी बन गई है। भारत ने 4जी में दुनिया का अनुसरण किया, 5जी में दुनिया के साथ चला और हम 6जी में विश्व का नेतृत्व करेंगे। 2023 में 5जी का क्रियान्वयन शुरू होने से लेकर आज तक करीब 5 लाख बीटीएस (बेस ट्रांसीवर स्टेशनत) लग चुके हैं। देश के 778 जिलों में से 767 जिलों में 5जी की कनेक्टिविटी उपलब्ध है।



परमाणु ऊर्जा में निजी भागीदारी वाला विधेयक मंजूर

## उन्हीं सुरक्षा उपायों पर अमल जो नेहरू के समय केः जितेंद्र

लोकसभा ने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी की अनुमति देने के प्रावधान वाले विधेयक को विपक्ष के विरोध के बीच बुधवार को मंजूरी प्रदान की। सरकार ने 'भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025' को ऐतिहासिक करार दिया है तो विपक्ष ने आरोप लगाया कि इसमें आपूर्तिकर्ता के उत्तरदायित्व का प्रावधान नहीं है तथा यह संवेदनशील क्षेत्र में निजी कॉरपोरेट समूहों के लिए रास्ता खोलने वाला है। परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र के लिए 37 हजार करोड़ रुपए से अधिक का बजट है। यदि हमने 2047 तक 100 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा का लक्ष्य रखा है तो पूरा करने में परमाणु क्षेत्र महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उन्हीं सुरक्षा उपायों को जारी रखा गया है जो प्रथम पीएम जवाहर लाल नेहरू के समय अमल में आए थे। निजी क्षेत्र की भागीदारी होगी, लेकिन सुरक्षा का पूरा प्रबंध किया गया है। दुनिया स्वच्छ ऊर्जा की तरफ बढ़ गयी है, बढ़ती ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने और 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए यह महत्वपूर्ण है।



### जोखिम पूरी तरह से नजरअंदाजः थरूर



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने विधेयक में विभिन्न खामियों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि इसमें रेडियोधर्मी पदार्थों के विकिरण और परमाणु अपशिष्ट से उत्पन्न होने वाले 'जोखिम को पूरी तरह से नजरअंदाज' किया गया है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद गणपत ने सुरक्षा को लेकर सवाल उठाया और भोपाल गैस त्रासदी की याद दिलाई। उन्होंने न्यूक्लियर वेस्ट के निपटान को लेकर चिंता जताई।

**खबर संक्षेप**

### ट्रक से टकराई कार 4 की मौके पर मौत



**ऋषिकेश।** उत्तराखंड में कोहरा के चलते ऋषिकेश में मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की छत क्षतिग्रस्त होकर अलग हो गई थी। जान गंवाने वाले कार सवार के शरीर के टुकड़े हो गए।

### मोकिम का सोनिया को लिखा पत्र भाजपा से प्रेरित



**भुवनेश्वर।** ओडिशा प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा कि निष्कासित कांग्रेस नेता मोहम्मद मोकिम का हाल में सोनिया गांधी को लिखा गया पत्र 'भाजपा की मानसिकता' से तैयार किया हुआ लगता है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर सवाल उठाने वाला यह पत्र भाजपा के

### दिल्ली में जनवरी से शुरू होगी भारत टैक्सी सर्विस




**नई दिल्ली।** सरकार की सहकारी कैब सर्विस भारत टैक्सी की दिल्ली एनसीआर में शुरूआत एक जनवरी 2026 से कर दी जाएगी। इसके लिए पायलट प्रोजेक्ट को शुरू भी कर दिया गया है। जिसके कुछ समय बाद इस सेवा को पूरे भारत में शुरू किया जाएगा।

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# बंद कीजिए 9 टोल प्लाजा, मौजूदा उपायों को ही प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत



*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों की ओर से क्यों नहीं कहा जाता है कि जनवरी तक कोई टोल प्लाजा नहीं रहेंगे। सीजेआई सूर्यकांत ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के 9 टोल प्लाजा कुछ समय के लिए बंद किए जाने पर विचार किया जाए। उन्होंने इस पर फैसला लेने के लिए एक हफ्ते की समयसीमा भी तय की*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गहराते संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई की। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एनएचएआई और एमसीडी को दिल्ली की सीमाओं पर बने नौ टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या स्थानांतरित करने पर विचार करने को कहा। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि केवल प्रोटोकॉल तैयार करने के बजाय मौजूदा उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत है, क्योंकि प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जाता है।

सीजेआई ने टिप्पणी करते हुए कहा कि आइए इस खतरे के व्यावहारिक और कारगर समाधानों के बारे में सोचें। सुनवाई के दौरान दिल्ली के कई टोल प्लाजा पर लगने वाले जाम के चलते होने वाले प्रदूषण पर सीजेआई सूर्यकांत ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के 9 टोल प्लाजा कुछ समय के लिए बंद किए जाने पर विचार किया जाए। उन्होंने इस पर फैसला लेने के लिए एक हफ्ते की समयसीमा भी तय की। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को यह अनुमति दे दी कि वह ऐसे पुराने वाहनों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई कर सकती है, जो भारत स्टेज-IV (बीएस-IV) उत्सर्जन मानकों का पालन नहीं करते। यानी डीजल वाहन अगर 10 साल से पुराने हैं या पेट्रोल वाहन 15 साल से पुराने हैं, लेकिन वे बीएस-IV मानकों का पालन करते हैं, तो उन्हें फिलहाल राहत मिलेगी।



बुधवार सुबह धुंध में समाया इंडिया गेट

## स्कूल की छुट्टियां जारी रहेंगी

सुनवाई के दौरान वकील मेनका गुरुस्वामी ने दलील देते हुए कहा कि हर बार जब स्कूल बंद किए जाते हैं तो गरीब बच्चों को सबसे ज्यादा नुकसान होता है, क्योंकि वे मिड-डे मील जैसी सुविधाओं से वंचित हो जाते हैं। इस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि हमें इस मामले को विशेषज्ञों पर छोड़ देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्कूलों की छुट्टियां जारी रहेंगी। हम दुआ करते हैं कि छुट्टियां खत्म होने से पहले प्रदूषण कम हो जाए। सुनवाई के दौरान एक वकील ने दलील देने की कोशिश की। जिस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि हमारी समस्या है कि ऐसे मामलों में हमें विशेषज्ञों की सलाह कम मिलती है और उनकी जगह वकील ही विशेषज्ञ बन जाते हैं।

### निर्माण मजदूरों के पैसे अन्य लोगों के खातों में न जाएं

सुनवाई के दौरान मजदूरों के संगठन की ओर से पेश वकील ने भत्ते के भुगतान न होने का मुद्दा उठाया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों की जांच करने और उनके खातों में पैसे भेजने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों को वैकल्पिक काम उपलब्ध कराने पर विचार करने को कहा। दिल्ली सरकार ने दलील दी कि 2.5 लाख निर्माण श्रमिकों में से 7,000 का सत्यापन हो चुका है और उनके खातों में धनराशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि श्रमिकों के खातों में स्थानांतरित किया गया पैसा गायब नहीं होना चाहिए, न किसी अन्य खाते में चला जाना चाहिए।

दिल्ली सरकार का बड़ा ऐलान

## मजदूरों को 10 हजार का मुआवजा दफ्तरों में 50 प्रतिशत वर्क फ्रॉम होम

बुधवार को एक्यूआई 326 दर्ज


मंत्री कपिल मिश्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण राष्ट्रीय राजधानी में गंभीर प्रतिबंधों वाला ग्रैप का चौथा चरण लागू है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, दिल्ली सरकार ने प्रभावित मजदूरों को आर्थिक सहायता देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पंजीकृत मजदूरों को 10,000 की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में प्रदान की जाएगी। सरकार ने सभी सरकारी और निजी कार्यालयों में 50% कर्मचारियों के लिए 'वर्क फ्रॉम होम' (घर से काम) को अनिवार्य कर दिया है। दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि पंजीकृत मजदूरों को 10,000 की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

### वाहनों की आवाजाही पर रोक से फायदा

सरकार ने निजी कार्यालयों को निर्देश दिया कि कार्यस्थलों पर कर्मचारियों की संख्या अधिकतम 50 प्रतिशत होनी चाहिए और शेष कर्मचारियों को घर से काम करना होगा। सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य संस्थानों, परिवहन, स्वच्छता और आपातकालीन सेवाओं सहित कुछ क्षेत्रों में हालांकि छूट दी गई है। निजी संस्थाओं को यह भी निर्देश दिया गया कि वे जहां भी संभव हो, अलग-अलग कार्य समय लागू करें, घर से काम करने के नियमों का सख्ती से पालन करें और कार्यालय आने-जाने से संबंधित वाहनों की आवाजाही को कम से कम करें। नियमों का पालन न करने पर पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 15 और 16 तथा अन्य लागू कानूनों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### पड़ोसी राज्यों के साथ संपर्क कर रहेः सिरसा



मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली में एक बड़ा सर्वे चल रहा है, जिसके माध्यम से अवैध रूप से संचालित हो रहे उद्योगों का पता लगाया जा रहा है। इन उद्योगों को बंद करने और उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण एक सीमा-पार समस्या है और इसे प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने के लिए पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार पड़ोसी राज्यों के साथ भी संपर्क कर रही है। लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि पड़ोसी राज्यों का वायु गुणवत्ता सूचकांक भी नीचे आए, जिससे पूरे क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर कम हो सके। यह सहयोगात्मक दृष्टिकोण दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण से निपटने में अधिक प्रभावी साबित हो सकता है।

मनरेगा का नाम बदलने पर सियासी संग्राम, दिल्ली से लेकर कर्नाटक तक कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

# गांधी का नाम हटाना, औपचारिक बदलाव नहीं, बल्कि उनकी विचारधारा और विरासत पर सीधा प्रहार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी (ग्रामीण) (जी राम जी) विधेयक करने के फैसले को लेकर राजनीतिक हलकों में विवाद गहरा गया है। नई दिल्ली में बुधवार को ऑल इंडिया अनऑर्गेनाइज्ड वर्कर्स कांग्रेस के बैनर तले आयोजित प्रदर्शन में पार्टी ने नए विधेयक पर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि यह सिर्फ नाम बदलने का मामला नहीं है, बल्कि मनरेगा को धीरे-धीरे समाप्त करने की साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाना सिर्फ एक औपचारिक बदलाव नहीं, बल्कि गांधी की विचारधारा और विरासत पर सीधा प्रहार है। बता दें, पार्टी की ओर से सभी प्रदेशों में जिला मुख्यालयों, राज्य राजधानियों और ब्लॉक स्तर पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन, रैलियां कीं।

**देश भर के जिला मुख्यालयों पर किया प्रदर्शन**

हाथों में बैनर, तख्तियां लेकर जताया विरोध


कर्नाटक के बेलगावी में विरोध प्रदर्शन करते सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार

### राज्यों से सलाह किए बगैर फैसले थोपे जा रहे

कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने मनरेगा बदलाव के खिलाफ बुधवार को बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। बेलगावी स्थित सुवर्ण विधान सौध परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने सीएम सिद्धरमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। इसमें राज्य सरकार के मंत्री, कांग्रेस विधायक और विधान परिषद के सदस्य शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ग्रामीण रोजगार जैसे संवेदनशील मुद्दे पर बिना राज्यों से सलाह लिए फैसले थोप रही है।

### मनरेगा का नाम यथावत रखें

कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि कांग्रेस ने केंद्र सरकार से मांग की है कि मनरेगा का नाम यथावत रखा जाए। योजना के अधिकार-आधारित स्वरूप से कोई छेड़छाड़ न की जाए। ग्रामीण रोजगार के लिए बजट और काम के दिनों में कटौती बंद की जाए। यदि सरकार ने इस फैसले पर पुनर्विचार नहीं किया तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

ईडी की अपील खारिज होने पर कांग्रेस का आरोप

## नेशनल हेराल्ड राजनीतिक प्रतिशोध और उत्पीड़न की 'मनगढ़ंत' कहानी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला राजनीतिक प्रतिशोध और उत्पीड़न की कहानी है। ये लोग (भाजपा) ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों का उपयोग करके हमारे लोगों को बदनाम कर रहे हैं। खासकर गांधी परिवार को सताने के लिए उन्होंने ये केस डाला है। नहीं तो उसमें कुछ नहीं है। कोई एफआईआर नहीं है। कोई व्यक्ति शिकायत डालता है और ये उस पर कार्रवाई करते हैं। जिस चीज में कोई दम नहीं है, उसमें दम भरने की कोशिश करके हमारे लोगों का उत्पीड़न करते हैं। हमारी कांग्रेस पार्टी के बहुत से नेता, 50 बड़े नेता जो उनसे सहानुभूति नहीं रखते हैं, उनके खिलाफ ईडी का केस डालकर उन्हें सता रहे हैं।


मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष


गुजरात के अहमदाबाद शहर में विरोध प्रदर्शन

# जबलपुर

गुरुवार, 18 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष -14
वर्ष : 20, अंक : 229
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 23
न्यून. 9

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## अजित पवार गुट के खेल मंत्री माणिकराव को 2 साल की जेल



**एजेंसी:नासिक।** महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। नासिक जिला और सेशंस कोर्ट ने राज्य के खेल मंत्री और अजित पवार गुट की एनसीपी के वरिष्ठ नेता माणिकराव कोकाटे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। यह कार्रवाई उस फैसले के एक दिन बाद हुई है, जिसमें कोर्ट ने कोकाटे और उनके भाई विजय कोकाटे को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत फ्लैट घोटाले में दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा और 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी।






## प्रदेश में सबसे कम रात का पारा मंदसौर में 3.7 डिग्री, भोपाल में लगातार दूसरे दिन सबसे सर्द रात



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। बुधवार को प्रदेश में सबसे कम रात का पारा मंदसौर में 3.7 डिग्री रहा। यहां पत्तियों पर ओस जम गई। भोपाल में सीजन में लगातार दूसरे दिन सबसे सर्द रात का पारा 5.1 डिग्री रहा। मंगलवार को यहां सीजन का सबसे कम न्यूनतम पारा 4.8 डिग्री रहा था। सीजन में इससे पहले 17 नवंबर को भी रात का पारा 5.2 डिग्री रहा है। अभी प्रदेश में कड़ाके की सर्दी के बीच कोहरे का असर बना हुआ है। बुधवार को ग्वालियर, मुरैना, रीवा, सतना, नौगांव, खजुराहो, दतिया, गुना, नर्मदापुरम और उज्जैन आदि जिलों में मध्यम से हल्का कोहरा रहा। मौसम केंद्र ने गुरुवार को भी एक दर्जन जिलों में मध्यम कोहरे का अलर्ट जारी किया है। इनमें ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिले शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### देवास पुलिस ने पकड़ी 11 लाख की एमडी ड्रग्स



**देवास।** ऑपरेशन प्रहार के तहत देवास पुलिस को नशे के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स की तस्करी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अपचारी बालक को अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपियों के पास से 55 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 11 लाख बताई जा रही है। ड्रग्स को राजस्थान सीमा में बेचते थे।

### दोबारा न हों पूर्व सीजेआई पर जूता फेंकने जैसी घटनाएं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार और 'सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन' (एससीबीए) से पूर्व सीजेआई बीआर गवई पर अदालत कक्ष में जूता फेंकने के प्रयास जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उपाय सुझाने को कहा। ऐसी घटनाओं की रिपोर्टिंग को लेकर एक एसओपी तैयार करने के सुझाव भी मांगे। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले की सुनवाई की।

### राहुल का केस रायबरेली से लखनऊ में ट्रांसफर



**लखनऊ।** लोकसभा में नेता विरोधी दल और रायबरेली से कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता के मामले में अब लखनऊ की विशेष कोर्ट में सुनवाई होगी। रायबरेली में सुनवाई के मामले में जान से मारने की धमकी मिलने के आरोप लगाकर कर्नाटक के विग्नेश शिशिर ने केस रायबरेली से बाहर ट्रांसफर करने का लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने ट्रांसफर के आदेश दिए।

### पीएम मोदी तीन देशों की राजकीय यात्रा के आखिरी चरण में ओमान पहुंचे

# भारत-ओमान मुक्त व्यापार 'समझौता' अगले 100 सालों के लिए साझा सोच



पीएम नरेंद्र मोदी

*भारत और ओमान के बीच प्रस्तावित व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) व्यापार, निवेश और सेवाओं के क्षेत्र में मौजूद हर तरह की बाधाओं को हटाकर अभूतपूर्व संभावनाओं के दरवाजे खोलेगा*

**एजेंसी ▶▶ मस्कट**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओमान दौरे पर हैं। ओमानी उद्योग जगत का मानना है कि भारत और ओमान के बीच प्रस्तावित व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) द्विपक्षीय व्यापार, रोजगार के अवसरों और आर्थिक विविधीकरण के लिहाज से बड़ा बदलाव लाने वाला साबित होगा। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार से ओमान के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं और इस दौरान भारत-ओमान सीईपीए पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

ओमान की जानी-मानी कारोबारी कंपनी खिमजी रामदास ग्रुप के निदेशक अजय खिमजी ने प्रधानमंत्री के दौरे को भारत और ओमान दोनों के लिए सम्मान की बात बताया।

### ओमानी कारोबारी बता रहे हैं एक बड़ा 'गेमचेंजर'



पीएम मोदी इथियोपिया सांसदों से हाथ मिलाते हुए

» *लंबे समय के निवेश, सप्लाई चेन में विविधता और नवाचार को मजबूती मिलेगी*

» *कस्टम ड्यूटी और व्यापारिक अड़चनें हटने से कारोबार को नई रफ्तार मिलेगी*

### भारत-ओमान का द्विपक्षीय व्यापार करीब 12 अरब डॉलर का

कल्लुकारन ने कहा कि ये समझौता ओमान में निर्यात, आयात और रोजगार के लिहाज से बड़ा बदलाव लाने वाला है। फिलहाल भारत-ओमान का द्विपक्षीय व्यापार करीब 12 अरब डॉलर का है, लेकिन सीईपीए के बाद यह कई गुना बढ़ सकता है। कस्टम ड्यूटी और व्यापारिक अड़चनें हटने से कारोबार को नई रफ्तार मिलेगी। उन्होंने दोनों देशों के लिए आपसी फायदे गिनाते हुए कहा कि ओमान, भारत के लिए पश्चिमी देशों, अफ्रीका और अन्य क्षेत्रों तक पहुंच का एक अहम गेटवे बन सकता है, जबकि ओमान को भारत के 1.4 अरब आबादी वाले विशाल बाजार तक सीधी पहुंच मिलेगी।

### इथियोपिया की संसद में पीएम मोदी का संबोधन

## वंदे मातरम और इथियोपिया के राष्ट्रगान में भूमि को मां कहते हैं

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इथियोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए उसे शेरों की भूमि बताया और कहा कि उन्हें इस देश में घर जैसा महसूस हो रहा है। साथ ही उन्होंने दोनों देशों के राष्ट्रगान की तुलना करते हुए बताया कि दोनों देशों के राष्ट्रगान में भूमि को मां कहा गया है। इथियोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज आप सबके सामने खड़ा होना मेरे लिए अत्यंत सौभाग्य का क्षण है।

### कारोबारी नेताओं और दोनों देशों के मंत्रियों की बैठक

प्रधानमंत्री मोदी के मस्कट पहुंचने से पहले बुधवार सुबह भारत और ओमान के कारोबारी नेताओं और दोनों देशों के मंत्रियों की बैठक भी हुई। इससे पहले भारत के ओमान में राजदूत गोदावर्थी वेंकट श्रीनिवास ने प्रधानमंत्री के दौरे को बेहद समयोचित बताया।

### दतिया कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े का एक्शन

## नया पटवारी नेताओं नहीं जनता के लिए काम करने वाला होना चाहिए

» शिविर में लापरवाही और गलत जानकारी देने पर एक पटवारी मौके पर ही सस्पेंड

» सीनियर वेटनरी डॉक्टर को थमाया नोटिस



स्वप्निल वानखेड़े

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दतिया**

दतिया कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े ने जनसुनवाई के दौरान शिकायत मिलने पर पटवारी को जमकर फटकार लगाई।

कलेक्टर ने पटवारी को तुरंत सस्पेंड करने के आदेश दिए और कहा कि नया पटवारी नेताओं के लिए नहीं, जनता के लिए काम करने वाला होना चाहिए। वहीं, गोशाला निरीक्षण में अनियमितता मिलने पर एक सीनियर वेटनरी डॉक्टर डॉ. एमएस परिहार को नोटिस थमाया दिया। कलेक्टर बुधवार को बसई पहुंचे। यहां समस्याएं सुनने के दौरान ग्रामीणों ने पटवारी शैलेंद्र शर्मा की शिकायत की। कहा कि पटवारी नेताओं के दबाव में काम करते हैं। पटवारी ने एक सार्वजनिक नाली को लेकर भी कलेक्टर को गलत जानकारी दी।

### एचआईवी पॉजिटिव ब्लड चढ़ाने की जांच

## दिल्ली से दो सदस्य टीम पहुंची जिला अस्पताल के ब्लड बैंक

» *प्रदेश सरकार ने भी बैठाई जांच, 6 सदस्यीय विशेष जांच कमेटी का गठन किया*




जिला अस्पताल


**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/सतना**

सतना के सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में बच्चों को एचआईवी पॉजिटिव ब्लड चढ़ाने के मामले में जांच तेज हो गई है। बुधवार को दिल्ली से दो सदस्य टीम घटना की जांच करने जिला अस्पताल ब्लड बैंक पहुंची।

ब्लड बैंक के प्रभारी के कार्यालय में स्थानीय अधिकारी से पूछताछ की। इधर, प्रदेश सरकार ने एक 6 सदस्यीय कमेटी बनाई है, जो इस बात की जांच करेगी कि थैलेसीमिया ब्लड डिसऑर्डर से पीड़ित बच्चों को एचआईवी इन्फेक्शन कैसे हुआ? पब्लिक हेल्थ और मेडिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट के कमिश्नर तरुण राठी ने एक आदेश जारी कर जांच टीम के गठन की घोषणा की और उसे सात दिन के अंदर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। 12 से 15 साल की उम्र के इन छह बच्चों को सतना, जबलपुर और दूसरी जगहों के जिला अस्पतालों में दूषित खून चढ़ाने के शक के बाद एचआईवी पॉजिटिव पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से एक बच्चे के माता-पिता भी इन्फेक्टेड पाए गए हैं। सतना कलेक्टर सतीश कुमार एस ने पत्रकारों को बताया कि सतना में एचआईवी इन्फेक्शन के ये मामले इस साल जनवरी से मई के बीच सामने आए हैं और सभी पीड़ित फिलहाल इलाज करवा रहे हैं। थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को रेगुलर खून चढ़ाया जा रहा था।

### मंदसौर शहर में घुसा तेंदुआ

## छतों पर मचाई धमाचौकड़ी मुश्किल से आया काबू में



लोग दहशत में थे, वन विभाग के अमले ने सुरक्षित रेस्क्यू किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर**

शहर के पूर्वी इलाके से गुजर रही रेलवे लाइन के निकट मयूर कॉलोनी में बुधवार सुबह तेंदुए की धमाचौकड़ी से लोग दहशत में आ गए। इस दौरान लोग घरों में कैद हुए तो कुछ लोग अपनी छतों से तेंदुए का सर्कस देखते रहे। इससे इलाके में हड़कंप मचा रहा। वन विभाग के अमले ने सुरक्षित रेस्क्यू किया। उसे गांधी सागर छोड़ने के लिए वाहन से ले जाया गया।

### प्रेम प्रसंग में उठाया आत्मघाती कदम

## युवक ने प्रेमिका के सामने खुद को आग लगाई, मौत



शादीशुदा महिला ससुराल से विवाद के चलते मायके में रह रही

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**

प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक ने अपनी प्रेमिका के सामने खुद को आग लगा ली। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम घोड़ाडोंगरी रेलवे स्टेशन के सामने स्थित पार्क में हुई। मृतक की पहचान अविनाश परतेती (22 वर्ष) के रूप में हुई है, जो चटवा, जिला पांढुर्णा का निवासी था। जानकारी के अनुसार, अविनाश मंगलवार शाम अपनी प्रेमिका से मिलने घोड़ाडोंगरी पहुंचा था।

### आय से अधिक संपत्ति की जांच

## कटनी में खनन कारोबारी के कई ठिकानों पर आयकर का छापा



जबलपुर और भोपाल समेत अन्य शहरों से आए करीब 50 से अधिक अफसर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

जिले के जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अशोक विश्वकर्मा के ठिकानों पर आयकर विभाग ने तड़के सुबह छापेमारी की है। तड़के सुबह करीब 4 बजे आयकर विभाग की टीम ने बीएमसी विश्वकर्मा माइनिंग, होटल सहित अशोक और उनके भाई शंकर लाल विश्वकर्मा के जुड़े कई ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई शुरू की। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले को लेकर की जा रही है।

### नेशनल हेराल्ड केस : भाजपा कार्यालय घेरने निकले कांग्रेसी गिरफ्तार

## बैरिकेडिंग पर प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल

भाजपा मीडिया प्रभारी ने कहा - पटवारी के इशारे पर कार्यकर्ताओं ने बस घेरी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फैसले के बाद राजधानी भोपाल में कांग्रेसी बुधवार को दोपहर 3 बजे भाजपा कार्यालय का घेराव करने निकले।

पुलिस ने बैरिकेडिंग कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बीच रास्ते में रोक दिया। प्रदर्शन के दौरान बैरिकेडिंग पर चढ़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का प्रयोग किया।





कांग्रेस के प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछारें

### गिरफ्तारी के बाद जीतू का इशारा, फिर बस को घेरा

कांग्रेस के प्रदर्शन पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा- जिस बस में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी बैठे थे, उसी बस से कार्यकर्ताओं को हाथ से धकेलकर आगे बढ़ने का इशारा किया गया।

## मुख्यमंत्री ने लाल परेड मैदान पर किया वन मेले का शुभारंभ

पिछले एक साल में हमने 8 नए शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोलने का निर्णय लिया

## सीएम बोले-हमारे घर-घर में आयुर्वेदिक नुस्खों का भंडार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज लघु वनोपज के अनेक उत्पाद बाजार में उपलब्ध हैं। जब एलोपैथिक दवाएं आराम न दे तो लोग आयुर्वेद की शरण में जाते हैं। हमारे घर-घर में आयुर्वेदिक नुस्खों का भंडार है। वर्तमान परिदृश्य में मेडिकल साइंस तो प्रशंसनीय है लेकिन आयुर्वेदिक उत्पादों का भी अपना अलग महत्व है। मुख्यमंत्री बुधवार को लाल परेड ग्राउंड में आयोजित वन मेले के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में आयुर्वेदिक काढ़ा दुनिया के लिए अमृत के समान था।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्टॉल पर दवाओं का अवलोकन करते हुए

### वन विभाग छोटे उद्यमियों को भी समृद्ध कर रहा: अहिरवार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन मेले में प्रदेश के जिला यूनियन, वन, वन धन केंद्र, जड़ी-बूटी संग्राहक, उत्पादक, आयुर्वेदिक औषधि निर्माता, परंपरागत भोजन सामग्री के निर्माता एवं विक्रेतागण अपने उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय करेंगे। मेले में 10 शासकीय स्टॉल, 24 अन्य राज्यों के स्टॉल, 16 प्रदर्शनी के स्टॉल, 136 प्रायवेट स्टॉल, 26 फूड स्टॉल, जिनमें अलीराजपुर का दालपानिया, छिंदवाड़ा की वन रसोई, बांधवगढ़ की गोंडी व्यंजन का स्वाद मिलेगा। मेले को वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में वन विभाग लघु वनोपज के माध्यम से छोटे उद्यमियों को भी समृद्ध कर रहा है।

# वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की तैयारियां अंतिम चरणों में

## निरीक्षण : कलेक्टर और निगमायुक्त ने चाक चौबंद इंतजामों के दिये निर्देश

हरिभूमि जबलपुर।




आगामी वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार को कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार मानस भवन पहुँचे और सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। इस उच्च-स्तरीय निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कॉन्फ्रेंस के लिए सभी तैयारियां चाकचौबंद रहें और आयोजन भव्य तथा सफल हो।

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने आयोजन स्थल पर विभिन्न व्यवस्थाओं, जैसे कि बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छता, पार्किंग और अन्य मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया। कॉन्फ्रेंस में शामिल होने वाले गणमान्य व्यक्तियों और श्रद्धालुओं की सुगमता के लिए सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को विशेष रूप से मजबूत करने के निर्देश दिए गए। मानस भवन परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में उच्च-स्तरीय स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया गया, ताकि अतिथियों को एक स्वच्छ और सकारात्मक वातावरण मिल सके। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि अतिथियों और प्रतिनिधियों के स्वागत और सत्कार में कोई कमी न रहे।

कलेक्टर श्री सिंह ने जोर देते हुए कहा कि यह आयोजन जबलपुर के लिए गौरव का विषय है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के अवसर पर पदाधिकारी ज्ञानेश्वरी दीदी, डॉ अखिलेश गुमास्ता, एडिशनल डायरेक्टर रोहित सिंह कौशल, संयुक्त संचालक आशीष दीक्षित, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, नवीन लोनारे, कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## जनहित याचिका में आरोप, हाईकोर्ट ने राज्य सरकार सहित अन्य को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

# भूमि क्रय-विक्रय व नामांकरण में करोड़ों का घोटाला



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर शास्त्री नगर जबलपुर में भूमि क्रय-विक्रय व नामांकरण में करोड़ों रु के घोटाले का आरोप लगाया गया है।चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इस पर जवाब मांग लिया है। राज्य शासन, कलेक्टर जबलपुर व लघुवेतन कल्याण सहकारी समिति सहित अन्य को नोटिस जारी किए गए हैं। अगली सुनवाई 27 जनवरी को होगी। जनहित याचिकाकर्ता पर्यावरण सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास समिति, जबलपुर व रमेश कुमार यादव की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि शास्त्री नगर, सगड़ा स्थित भूमि का क्रय-विक्रय और नामांकरण कठघरे में है। ऐसा इसलिए क्योंकि नियमों का पालन नहीं किया गया। लघुवेतन कल्याण सहकारी समिति ने 1979 में कालोनी निर्माण प्रारंभ किया था। नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से कालोनी निर्माण की स्वीकृति प्राप्त करके लेआउट प्लान स्वीकृत कराया था। समिति द्वारा मूल रूप से 450 भूखंड स्वीकृत कराए गए थे। इसके बावजूद मनमाने तरीके से 1000 भूखंड विक्रय कर दिए गए। इस तरह साफ है कि जो जमीन समिति की नहीं थी, वह भी लगे हाथ बेच दी गई। यही वजह है कि कई लोग नामांकरण के लिए भटकने विवश हैं। इससे साफ है कि करोड़ों रु का घोटाला हुआ है। इसकी जांच होनी चाहिए।

# निगमायुक्त ने किया रांझी का दौरा कर दिए आवश्यक निर्देश

**जबलपुर।** शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने आज सुबह ठीक 07:00 बजे राँझी क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। उनका यह दौरा शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के मापदंडों पर खरा उतारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने मौके पर पहुंचकर सबसे पहले सफाई मित्रों की उपस्थिति की जानकारी ली और सभी को नियमित रूप से ड्यूटी पर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वच्छता कार्य को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप और भी बेहतर व प्रभावी ढंग से किया जाए।

### अतिक्रमण हटाने पर ज़ोर

निगमायुक्त श्री अहिरवार ने सड़क किनारे हो रहे अस्थायी अतिक्रमणों पर भी ध्यान दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों से बातचीत कर उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करने के लिए समझाइश दी, ताकि यातायात सुगम बना रहे और शहर सुंदर दिखे।

### सांची उत्पादों की बिक्री पर निगमायुक्त ने दिये विशेष निर्देश

निरीक्षण के दौरान, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सांची कॉर्नर का भी जायजा लिया। उन्होंने वहाँ के दुकानदार को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए कि इस कॉर्नर में केवल सांची के ही आइटम विक्रय किए जाएं, जिससे उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद मिल सकें। इस मौके पर अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोला राव, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक अनिल मिश्रा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## आज रांझी क्षेत्र में नहीं आएगा पानी

**जबलपुर।** नगर निगम जल विभाग द्वारा आवश्यक मरम्मत कार्य किए जाने के कारण आज गुरुवार 18 दिसंबर को सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। नगर निगम के अधीक्षण यंत्री एवं जल विभाग के प्रमुख कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि रांझी जलशोधन संयंत्र परिसर स्थित सब स्टेशन में आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाना है। इसके साथ ही परियट जलशोधन संयंत्र के गेटवॉल के सुधार का कार्य भी प्रस्तावित है, जिसके चलते रांझी जलशोधन संयंत्र से होने वाली सायंकालीन जलापूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। जल विभाग के अनुसार, इस तकनीकी कार्य का सीधा असर रांझी जलशोधन संयंत्र से जुड़ी उच्चस्तरीय टंकियों की जलापूर्ति पर पड़ेगा। परिणामस्वरूप अधारताल, रांझी बजरंग नगर, रांझी मुक्तिधाम, मानेगांव, बिलपुरा, मढ़ई, शारदा नगर (रांझी), कुलीहिल, शोभापुर और संजय नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में सायंकाल नल से पानी नहीं मिल सकेगा।

# कलेक्टर और सीईओ ने संभागीय हाट बाजार का किया निरीक्षण



**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत ने कांचघर क्षेत्र में संभागीय हाट बाजार का निरीक्षण किया। यह हाट बाजार महाकौशल क्षेत्र की पहचान को बढ़ावा देने और ग्रामीण उत्पादों को शहर तक पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इस हाट बाजार में स्व-सहायता समूह की महिलाएं अपनी उत्पादों को बेचने के लिए एक मंच प्रदान करेंगी, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपनी आजीविका कमा सकें। हाट बाजार में गोंडी पेंटिंग, मार्बल उत्पाद, कच्ची घानी तेल मिल, दाल प्रसंस्करण इकाई, प्रसंस्कृत कोदो कुटकी मिलेट एवं कुकीज, नॉनवेज रेस्टॉरेंट, देशी चिकन शॉप और देशी अंडे की शॉप जैसी विभिन्न इकाइयां शामिल हैं। यह पहल न केवल महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त भी बनाएगी।

# कृषि अधिकारियों ने बीज एवं उर्वरक प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण




**जबलपुर।** किसानों को गुणवत्तायुक्त, प्रमाणित एवं मानक अनुरूप कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा आज आज बुधवार को पनागर विकासखंड के बीज एवं उर्वरक विक्रेताओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसानों को केवल उच्च गुणवत्ता के बीज एवं उर्वरक ही उपलब्ध हों, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि हो तथा किसानों को किसी भी प्रकार की क्षति का सामना न करना पड़े।

निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग के सहायक संचालक रवि आम्रवंशी, अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्रीमती प्रतिभा गौर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी डॉ. पंकज शर्मा, कृषि विस्तार अधिकारी जी पी मांझी, श्रीमती सुजाता एवं विजय परसवार उपस्थित रहे। इस दौरान बीज एवं उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों के लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों की गहनता से जांच की गई।

निरीक्षण में अधिकारियों द्वारा पनागर विकासखंड के चंबल फर्टिलाइज़र, एग्रो स्टार एवं विवेक बीज भंडार से उर्वरक एवं बीज के नमूने संकलित कर प्रयोगशाला विश्लेषण हेतु भेजे गए, ताकि उनकी गुणवत्ता एवं मानकों के अनुरूपता की पुष्टि की जा सके। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर वी के ग्रुप बेलखाडू एवं कृषि धन एग्रो को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा संबंधित प्रतिष्ठानों को शासन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन करने, सभी अभिलेखों को अद्यतन रखने एवं किसानों को सही जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

# मालवीय चौक पर नगर निगम और आर.टी.ओ. की संयुक्त कार्रवाई

**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के कड़े निर्देशों के तहत, नगर निगम जबलपुर ने शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से मालवीय चौक पर एक बड़ा संयुक्त अभियान चलाया। इस विशेष कार्रवाई में नगर निगम के विभिन्न विभागों के साथ-साथ क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आर.टी.ओ.) और यातायात पुलिस का अमला भी शामिल रहा। कार्रवाई के दौरान प्रदूषण नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया गया। आर.टी.ओ. अमले के सहयोग से सघन पी.यू.सी. (पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल) चेकिंग अभियान चलाया गया। प्रदूषण मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध मौके पर ही चालानी कार्यवाही की गई, जिससे वाहन चालकों में जागरूकता लाई जा सके।



इसके अतिरिक्त, यातायात को सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस के साथ मिलकर काम किया गया, ताकि चौक पर अनावश्यक जाम और वाहनों के कारण होने वाले प्रदूषण को कम किया जा सके। सफाई अभियान के तहत, मालवीय चौक और उसके आसपास के फुटपाथों की विशेष धुलाई (वॉशिंग) की गई, जिससे धूल के कण हवा में न मिलें। साथ ही, सार्वजनिक स्थानों और सड़कों के किनारे पड़े निर्माण सामग्री के मलबे को तत्काल प्रभाव से हटाने की कार्रवाई भी प्रमुखता से की गई। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया है कि वे समन्वय बनाकर शहर की हवा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाते रहें। कार्रवाई के दौरान जिला-पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधि के साथ नगर निगम के उपायुक्त संभव अयाची, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, प्रभारी सहायक यंत्री आशीष पाटकर आदि उपस्थित रहे।

## हिरन नदी से रेत का अवैध उत्खनन कर जा रही ट्रेक्टर ट्राली जब्त

**जबलपुर।** मझगवां थाना अतंर्गत कचनारी घाट हिरन नदी से अवैध रुप से बिना नंबर की ट्रेक्टर ट्राली में परिवहन कर ले जा रही चोरी की रेत पुलिस ने जब्त कर लिया है, वहीं पुलिस को देखकर ट्रेक्टर ट्राली चालक मौके से फरार हो गए। मझगवां थाना प्रभारी हरदयाल सिंह ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर कचनारी घाट हिरन नदी से रेत उत्खनन कर बिना नंबर की ट्रेक्टर ट्राली में ले जा रहे ट्राली को पुलिस ने जब्त कर लिया है। वहीं पुलिस को देखकर ट्रेक्टर चालक और मजदूर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने ट्रेक्टर चालक के विरूद्ध धारा 303(2), 317(5), बीएनएस तथा 4/21 खान खनिज अधिनियम, के तहत कार्यवाही की गई।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछनी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- धिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहू पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण**- 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण** – 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल बाघमारे पिता\पति संदीप बाघमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण** - 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# एनएचएआई परियोजना में सुरक्षा मानकों की अनदेखी, मजदूरों की जान जोखिम में



पनागर।

एनएचएआई की भारतमाला परियोजना अंतर्गत निर्माणाधीन जबलपुर रिंग रोड के चौथे चरण (कुशनर–अमझर खंड) में गंभीर लापरवाही सामने आई है। निर्माण स्थल पर मजदूरों को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के अस्थिर स्कैफोल्डिंग पर ऊँचाई में काम करते देखा गया, जो किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकता है। स्थल पर मजदूरों के पास न तो हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट, सेफ्टी बूट, ग्लव्स और न ही रिफ्लेक्टिव जैकेट उपलब्ध हैं। जबकि निर्माण सुरक्षा नियमों के अनुसार ऊँचाई पर कार्य के दौरान सुरक्षा किट, मजबूत स्कैफोल्डिंग, सेफ्टी हार्नेस एवं लाइफलाइन अनिवार्य है। जमीनी हकीकत में इन नियमों का पालन होता नजर नहीं आ रहा। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी भारतमाला योजना से जुड़ी इस परियोजना में सुरक्षा मानकों की अनदेखी ने एनएचएआई की निगरानी व्यवस्था और ठेकेदार कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो किसी भी दुर्घटना की जिम्मेदारी इसी लापरवाही पर आएगी।

# नगर निगम के स्वच्छता अभियान में बैंकर्स ने की भागीदारी




जबलपुर।

शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आज सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बैंकर्स ने सक्रिय सहभागिता की। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के साथ बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गौरीघाट स्थित उमाघाट पर श्रमदान कर नर्मदा तट की सफाई की।

सुबह आयोजित इस अभियान में एलडीएम, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर सहित सौ से अधिक बैंक कर्मचारी शामिल हुए। श्रमदान के पश्चात नगर निगम की टीम द्वारा तत्काल कचरा उठवाकर घाट को पूर्ण रूप से स्वच्छ किया गया। इस अवसर पर निगमायुक्त ने उपस्थित सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन सहित निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त ने नागरिकों व सामाजिक संगठनों से स्वच्छता अभियान में भागीदारी की अपील करते हुए इसे सामूहिक जिम्मेदारी बताया।

# महाकौशल विधि छात्र संघ द्वारा भव्य सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया

जबलपुर।

महाकौशल विधि छात्र संघ द्वारा भव्य एवं संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन हितकारिणी विधि महाविद्यालय प्रांगण में किया गया, जहां बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिसमें एसोसिशन अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने बताया कि पं. संतोष शास्त्री, महामंत्री श्री नगर पंडित महासभा, जबलपुर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रो. राजेश वर्मा, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष एड. मनीष मिश्रा, हाई कोर्ट बार पूर्व अध्यक्ष एड. संजय वर्मा, जिला अधिवक्ता संघ सचिव एड. ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, एडिशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक प्रांत संगठन मंत्री डॉ मनोज पांडे, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय कुलसचिव, अधिवक्ता सुदामा चौधरी, एड. अशोक गुप्ता, बीजेपी विधि प्रकोष्ठ संयोजक एड. राहुल श्रीवास्तव एवं जिला अधिवक्ता संघ समस्त पदाधिकारीगण, जेडीए पूर्व उपाध्यक्ष मधु चौधरी, ब्रिटिश फाउंडेशन के डायरेक्टर अनुराग सोनी, ज्ञान गंगा कॉलेज के डायरेक्टर पंकज गोयल की गरिमामय उपस्थिति रही।

एडिशनल एसपी द्वारा मन मोह देने वाले भजन की प्रस्तुति ने सबको झूम कर नृत्य करने विवश कर दिया, एड. मनीष मिश्रा, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी एवं जिला अधिवक्ता संघ के समस्त पदाधिकारियों ने महाआरती सम्पन्न की एवं एसोशिएशन ने आज की युवा पीढ़ी को संदेश देने के लिए यह सुंदरकांड साल के अंतिम माह में कराया, जिससे कि वर्ष 2025 की विदा और आने वाले वर्ष 2026 का प्रारंभ ईश्वर की भक्ति और उनका स्मरण कर किया जाए, जिससे आने वाला वर्ष हम सभी के लिए मंगलमय रहे। सुंदरकांड की प्रस्तुति गायक भक्त राजेंद्र यादव एवं मण्डली द्वारा किया गया।

आयोजन समिति में एड. अंकुश चौधरी, एड. मोहित प्यासी, एड. राहुल अगरिया, एड. हर्ष पाण्डेय, एड. रोहित गुप्ता, हर्ष प्रताप, एड. शुभांशु सिंह, एड. शुभम प्रजापति, एड. संदीप चौधरी, रोहित कुरील, अतुल अहिरवार, एड अमित चौधरी आकाश यादव , आशीष प्रजापति, दिनेश चक्रवर्ती, एड प्रज्ञा वर्मा , एड मासूम उपाध्याय, उपासना सोनकर, नंदिनी पटेल, ईशान जैन, एड अर्चना पटेल, एड पुष्पा कोल, एड स्नेहिल सिंह, एड किरण केवट, एड आशीष साहू, एड देवेंद्र सिंह, एड नितिन पटारिया एड प्रियेश शर्मा, सौरभ सोनकर, लखन श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

# 47वीं अखिल भारतीय विद्युत हॉकी प्रतियोगिता : पंजाब चैंपियन



**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में आयोजित 47वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल हॉकी प्रतियोगिता में पंजाब स्टेट पावर कार्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी बार विजेता बनने का गौरव हासिल किया। हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप उपविजेता रहा, जबकि मेजबान एमपी पावर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) एवं केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव श्री राजीव गुप्ता द्वारा प्रदान की गई। प्रतियोगिता में पंजाब टीम अपराजेय रही और चारों मैच जीतकर 12 अंक अर्जित किए। पंजाब ने पूरे टूर्नामेंट में 26 गोल किए और एक भी गोल नहीं खाया। हरियाणा ने 9 अंक तथा एमपी पावर ने 6 अंक प्राप्त किए। उत्तराखंड पावर स्पोर्ट्स ग्रुप और तेलंगाना जेनको को एक-एक अंक मिला। आज खेले गए मैचों में एमपी पावर ने उत्तराखंड को 2-0 से हराया, जबकि पंजाब ने एमपी पावर को 4-0 और तेलंगाना जेनको को 12-0 से पराजित किया। हरियाणा ने उत्तराखंड को 3-0 से मात दी। मैचों में ज़ाकिर अली, मोहम्मद शकील, रंजीत गोतेल एवं सौरभ राजपूत अम्पायर रहे।

# एम.पी. ट्रांसको सब स्टेशन में ब्लैक स्टार्ट मॉकड्रिल सफल

**जबलपुर।** प्रदेश की ट्रांसमिशन ग्रिड आपातकालीन तैयारियों एवं सिस्टम रिस्टोरेशन क्षमता के परीक्षण के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) द्वारा सबस्टेशन एवं टोन्स हाइडल पावर हाउस सिरमौर के समन्वय से ब्लैक स्टार्ट मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया।

220 केवी सबस्टेशन कोटर (रीवा) से संचालित इस मॉकड्रिल में ब्लैकआउट जैसी स्थिति में ग्रिड बहाली की प्रक्रियाओं का परीक्षण किया गया। अभ्यास के दौरान ग्रिड आइलैंडिंग, सिंक्रोनाइजेशन, वोल्टेज एवं फ्रिक्वेंसी नियंत्रण से जुड़ी तकनीकी प्रक्रियाओं को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया गया। एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री प्रदीप सचान ने बताया कि मॉकड्रिल के अंतर्गत 33 केवी के 6 फीडरों पर लगभग दो घंटे तक अस्थायी विद्युत व्यवधान रखकर वास्तविक परिस्थितियों में सिस्टम रिस्टोरेशन का परीक्षण किया गया। इस दौरान स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर जबलपुर, कंट्रोल रूम एवं फील्ड स्टाफ के बीच बेहतर समन्वय रहा। इस प्रकार की मॉकड्रिल से ग्रिड की विश्वसनीयता, तकनीकी दक्षता एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता में वृद्धि होती है, जो भविष्य में किसी भी बड़े ग्रिड फेल्योर की स्थिति में त्वरित विद्युत बहाली में सहायक सिद्ध होगी।

## बिहारी पुनः सिहोरा ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष नियुक्त



**सिहोरा।** जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय यादव पूर्व विधायक की अनुशंसा पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा पुनः बिहारी पटेल को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा का अध्यक्ष पद नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर समस्त कांग्रेस जनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# स्वेटर पाकर बच्चे खिलखिला उठे



**जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा शीतकाल में जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए सराहनीय पहल करते हुए एम.डी. पब्लिक स्कूल के बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखते ही बनती थी। कार्यक्रम के समन्वयक अरुण कान्त अग्रवाल ने बताया कि रोटरी क्लब 'स्वयं से परे सेवा' की भावना के तहत प्रतिवर्ष नगर की विभिन्न शालाओं में अध्ययनरत जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को शीतकालीन वस्त्र उपलब्ध कराता है। इस सेवा कार्य में पूर्वाध्यक्ष आर.पी. अग्रवाल द्वारा स्व. पुष्पल अग्रवाल की स्मृति में दिया गया सहयोग उल्लेखनीय रहा। निवर्तमान प्रांतपाल अखिल मिश्र ने इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट सेवा बताते हुए शाला प्रबंधन प्रमुख श्री देवेन्द्र माहेश्वरी, क्लब अध्यक्ष सारंग भिड़े एवं क्लब सचिव अखिल खण्डेलवाल के सहयोग की प्रशंसा की।

# एकलव्य आवासीय विद्यालय की अव्यवस्थाओं को लेकर एनएसयूआई ने संभागीय आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

जबलपुर।

**एकलव्य आवासीय विद्यालय, बरबटी (बरगी), जिला जबलपुर में व्याप्त शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं में गंभीर अनियमितताओं को लेकर आज भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (NSUI) के प्रतिनिधि मंडल ने संभागीय आयुक्त, जबलपुर संभाग को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन NSUI जिला अध्यक्ष सचिन रजक के नेतृत्व में प्रस्तुत किया गया।**

ज्ञापन में बताया गया कि मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग के अधीन संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालय का उद्देश्य जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित एवं समुचित आवासीय सुविधाएँ प्रदान करना है, किंतु विद्यालय में छात्रों को दी जा रही मूलभूत सुविधाओं की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। विशेष रूप से भोजन की नियमितता एवं गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए गए हैं।ज्ञापन के माध्यम से यह भी अवगत कराया गया कि आवासीय विद्यालय होने के कारण छात्रों के लिए भोजन, आवास एवं स्वास्थ्य सुविधाएँ सर्वोच्च प्राथमिकता की श्रेणी में आती हैं, परंतु विद्यालय में न तो भोजन नियमित रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है और न ही उसकी गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई जा रही है। इससे छात्रों के स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका व्यक्त की गई है।

प्रतिनिधि मंडल ने यह भी स्मरण कराया कि पूर्व में जिले के एक अन्य आवासीय विद्यालय रामपुर में खराब भोजन के कारण कई छात्र अस्वस्थ हो गए थे और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। ऐसी घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए एकलव्य आवासीय विद्यालय, बरबटी में समय रहते ठोस एवं प्रभावी कदम उठाना आवश्यक बताया गया।

# महाविद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित, 100 यूनिट रक्त एकत्र कर मेडिकल टीम को सौंपा



**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सोमवार को प्राचार्य प्रो.एम के श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एंव एनएसएस इकाई तथा युवा रेड रिबन क्लब के प्रभारी डॉ.धीरेंद्र कुमार बघेल के नेतृत्व में एंव एल्गिन महिला चिकित्सालय एवं एचडीएफसी बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में एल्गिन से डॉ तुषार गुप्ता,टेक्नीशियन प्रशांत पटेल,विशाल धुरिया,राजेश पांडे,वार्ड बॉय सहवाग आदि उपस्थित थे। ब्रांच मैनेजर श्रीलीजू जोसेफ, जसविंदर सिंह,विवेक विश्वकर्मा उपस्थित रहे रक्तदान करने वाले विद्यार्थियों को बैंक के द्वारा थर्मस भी प्रदान किया गया। शिविर में 123 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया एवं 100 यूनिट रक्त महाविद्यालय द्वारा एकत्र किया गया शिविर में एन एस एस विद्यार्थियों के अलावा गणमान्य नागरिकों महाविद्यालय के प्राध्यापक सहायक,प्राध्यापकों रक्तदान किया अंत में सभी रक्तवीरों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। संयोजक बघेल शिविर का आयोजन पिछले करीब 20 सालों से करते आ रहे हैं जो मानवता के लिए बड़ी सेवा है इसका मूल उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान के प्रति जागरूकता पैदा करना ताकि रक्त के अभाव में किसी की मृत्यु ना हो आज के रक्तदान शिविर में छात्रों और छात्रों का उत्साह बहुत अधिक देखने को मिला जिससे पता चलता है कि समाज में रक्तदान के प्रति जो गलतफहमियां थी वह धीरे-धीरे दूर होते जा रही है। शिविर में आये सभी लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

# शासकीय महाविद्यालय मझौली में जन भागीदारी समिति की बैठक संपन्न



**मझौली।** स्थानीय शासकीय महाविद्यालय मझौली में जनभागीदारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने की। बैठक में छात्र-छात्राओं की सुविधाओं, शैक्षणिक हितों एवं उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में समिति सदस्य रोहित साहू, प्रभु दत्त पटेल एवं राजू चक्रवर्ती विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सहित समस्त शैक्षणिक स्टाफ की गरिमामय उपस्थिति रही।

# बरेला महाविद्यालय में निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण का शुभारंभ



**बरेला।** पं. रामशंकर बन्नीलाल पाठक शासकीय महाविद्यालय, बरेला में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना अंतर्गत 12 दिवसीय निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जबलपुर संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. पंजाबराव चंदेलकर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. अजय गुप्ता रहे। अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार मिश्रा एवं स्टाफ द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई तथा साहित्य, संस्कृति एवं खेलकूद में जिला एवं संभाग स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि ने नव निर्मित जिम व कम्प्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया तथा वृक्षारोपण भी किया। डॉ. चंदेलकर ने विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को कम्प्यूटर दक्षता व कौशल विकास के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर डॉ. राजेश कुमार की विशेष प्रशंसा की गई। आभार प्रदर्शन क्रीड़ा अधिकारी श्री जुगल किशोर मेवारी ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।




# सिहोरा को जिला बनाने की मांग पर लगातार जारी है आन्दोलन

**सिहोरा।** शनिवार को उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से हुई वार्ता के बाद आंदोलनकारियों को उम्मीद थी कि उपमुख्यमंत्री,सिहोरा विधायक,भाजपा जिलाध्यक्ष जैसे लोगो के आश्वासनों के बाद मुख्यमंत्री की ओर से बुलावा आएगा या सरकार की तरफ से सिहोरा जिला को लेकर कोई सकारात्मक निर्णय घोषित होगा। लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी न तो कोई आश्वासन मिला और न ही किसी स्तर से बातचीत की पहल हुई। इस खामोशी ने आंदोलनकारियों के आक्रोश को और तेज कर दिया है।आर पार की लड़ाई का संकल्प ले चुके सिहोरा वासी अब सरकार के बुलावे के इंतजार के साथ आंदोलन के लिए भी तैयारी करने लगे है। पुराने बस स्टैंड पर बुधवार को क्रमिक अनशन पर छठवें जत्थे के रुप में शिशिर पांडे, जगदीश वंशकार, प्रेमचंद चौधरी, पुरुषोत्तम गुप्ता, कृष्ण कुमार कुररिया, केदार परौहा आदि बैठे। लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि अब निर्णय में और देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सप्ताह भर से ज्यादा समय से चल रहे शांतिपूर्ण आंदोलन के बाद भी सरकार का मौन रवैया जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। पुराने बस स्टेंड में विगत 15 दिनों से लगातार जिला आन्दोलन जारी है।




**श्री रामनाथ साहू-** रामनगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री रामनाथ साहू (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुशल कौर इस्सर-** महानद्दा रोड मदनमहल गुप्तेश्वर निवासी श्री अवतार सिंह इस्सर की धर्मपत्नी श्रीमती कुशल कौर इस्सर (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गोरे लाल चौधरी-** कांचघर चुंगी चौकी निवासी श्री गोरे लाल चौधरी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जया रजक-** कदम तलैया बेलबाग थाने के पीछे निवासी श्री संजू रजक की धर्मपत्नी श्रीमती जया रजक (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नरेंद्र कुमार मालिया-** पंचशील नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री नरेंद्र कुमार मालिया (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामकली चौधरी-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री शिवकरण चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली चौधरी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती देवका बाई कोष्टा-** मिलौनीगंज वीरन साहू गली निवासी श्री खुशी लाल कोष्टा की धर्मपत्नी श्रीमती देवका बाई कोष्टा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गेंदा बाई चौधरी-** रामहरख का बगीचा पूर्वी घमापुर निवासी श्री प्रेम लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती गेंदा बाई चौधरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री आदर्श शर्मा-** उमरिया शहपुरा भिटौनी निवासी श्री राजेश शर्मा के पुत्र श्री आदर्श शर्मा (18) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला कोरी-** भानतलैया रोड राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री अशोक कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती विमला कोरी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भारत आजाद-** संत नगर पोलीपाथर निवासी श्री राधिका प्रसाद के पुत्र श्री भारत आजाद (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुर्गा बाई बक्शी-** भानतलैया बकरा मार्केट निवासी श्री हीरा लाल बक्शी की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा बाई बक्शी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमाकांत गुप्ता-** सुखसागर ब्लू गौरीघाट रोड निवासी श्री ओपी गुप्ता के पुत्र श्री रमाकांत गुप्ता (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई-** नारायण चौक गोपाल होटल रज्जन डेयरी के पास निवासी श्री कन्हैया लाल की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मंगल-** जोन आफिस के पास लालमाटी निवासी श्री मंगल (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री बबलू बर्मन- चिमनी प्लाट मदनमहल निवासी श्री बबलू बर्मन (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

# पुरुषों का 'दर्द' अब सुना जाएगा! दुर्ग पुलिस ने महिला थाने में शुरू की 'पुरुष पक्ष' की काउंसलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिले में पारिवारिक विवादों के समाधान के लिए दुर्ग पुलिस ने एक बड़ी और नई पहल की है। महिला थाना में अब पुरुष पक्ष की शिकायतों की भी सुनवाई होगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल की उपस्थिति में इस महत्वपूर्ण व्यवस्था की शुरुआत की गई।

पारिवारिक परामर्श केंद्र में पुरुषों की समस्याओं व प्रताड़ना से जुड़े मामलों के सुनवाई के लिए पुरुष काउंसलरों की नियुक्ति कर उन्हें विधिक मार्गदर्शन देने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। औपचारिक शुभारंभ के पहले ही दिन कुल आठ पुरुष आवेदकों की शिकायतों पर काउंसलिंग की गई।

कुल आठ पुरुष आवेदकों की शिकायतों पर काउंसलिंग की गई

महत्वपूर्ण व्यवस्था की औपचारिक शुरुआत हुई



### दोनों पक्षों को विधिक सलाह देने के निर्देश

पहले ही दिन कुल आठ पुरुष आवेदकों की शिकायतों पर काउंसलिंग की गई। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्वयं मौजूद रहे और आवेदकों की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए दोनों पक्षों को निष्पक्ष और विनम्रता के साथ विधिक सलाह देने के निर्देश दिए। पुलिस के अनुसार, प्रत्येक रविवार पुरुष आवेदकों के पारिवारिक विवाद, घरेलू प्रताड़ना और वैवाहिक समस्याओं से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। पुरुषों को मानसिक शांति, कानूनी मार्गदर्शन और पारिवारिक समाधान दिलाना इस काउंसलिंग केंद्र का मुख्य उद्देश्य रहेगा। काउंसलिंग टीम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सेवानिवृत्त) अशोक जोशी पुरुष काउंसलर के रूप में तथा महिला काउंसलर रत्ना डाकलिया और मोनिका सिंह शामिल रहीं। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्यू) पद्मश्री तंवर, उप पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्यू) भारती मरकाम, थाना प्रभारी महिला थाना नीता राजपूत व अन्य पुलिस स्टाफ मौजूद रहे।

### पुरुष आवेदकों की सुनवाई की व्यवस्था लागू

एसएसपी दुर्ग ने बताया कि अक्सर पुरुष आवेदकों की शिकायत रहती थी कि महिला परामर्श केंद्र में केवल महिलाओं की बात सुनी जाती है और पुरुषों की परेशानियां व पक्ष सामने नहीं आ पाते। इसी को ध्यान में रखते हुए परिवार बचाने के उद्देश्य से परामर्श केंद्र में पुरुष आवेदकों की सुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के ब्लॉक स्तर के अध्यक्षों की नियुक्ति नहीं

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूप में जीतू पटवारी के कार्यकाल को दो वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन संगठन के सबसे महत्वपूर्ण आधार माने जाने वाले ब्लॉक स्तर पर अब तक अध्यक्षों की नियुक्ति नहीं हो सकी है। ग्रास रूट यानी ब्लॉक लेवल को कांग्रेस संगठन की रीढ़ माना जाता है, लेकिन प्रदेशभर में ब्लॉक अध्यक्ष असमंजस की स्थिति में हैं कि वे पद पर बने रहेंगे या हटाए जाएंगे। ब्लॉक स्तरीय कमेटियों की भी बनी हुई है। ब्लॉक स्तर पर अनिश्चितता का सीधा असर पार्टी के कामकाज पर पड़ रहा है। खासकर एसआईआर जैसे संगठनात्मक और चुनावी महत्व के कार्यों में समन्वय की कमी देखी जा रही है। इसमें वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष और उनकी टीम की भूमिका अहम मानी जा रही है, लेकिन असमंजस के बीच वे अपना आउटपुट सौ प्रतिशत नहीं दे पा रहे हैं। पिछले दो महीनों से कांग्रेस में ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के बीच में विचार ही चल रहा है, लेकिन यह विचार नियुक्तियों में नहीं बदल सका।

### समाधान योजना में उपभोक्ताओं का पंजीयन

**भोपाल।** विगत 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 का लाभ हजारों बकायादार उपभोक्ता उठा रहे हैं। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 में कंपनी कार्यक्षेत्र में अब तक 1 लाख 74 हजार 347 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 191 करोड़ 55 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 101 करोड़ 02 लाख का सरचार्ज माफ किया गया है। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया जमा राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं। कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने कंपनी के बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रथम चरण में ही एकमुश्त भुगतान कर इस योजना में शामिल होकर सरचार्ज में अधिकतम छूट का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश भी देगा अनुकंपा नियुक्ति

**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश न केवल हितग्राहियों बल्कि अपने कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। एक अप्रैल से लागू हुए एच आर मैनुअल में कई कर्मचारी हितैषी नीतियों शामिल की गई थी। जिनमें कर्मचारियों को प्रतिवर्ष संविदा अनुबंध के नवीनीकरण की आवश्यकता समाप्त दी गई थी। इसके अतिरिक्त कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के अनुसार वार्षिक वेतन वृद्धि का प्रावधान किया गया था। जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा जिले के अंतर्गत स्थानांतरण का प्रावधान भी लागू किया गया था। मिशन द्वारा जारी संविदा नीति में सबसे बड़ा परिवर्तन किसी भी कर्मचारी की आकस्मिक मृत्यु पर अनुकंपा नियुक्ति दिया जाना शामिल है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश अंतर्गत विभिन्न संवर्गों में 32,000 से अधिक संविदा कर्मचारी कार्यरत है तथा कई कर्मचारियों के साथ आकस्मिक मृत्यु जैसी दुखदः घटना पूर्व में देखी गई है।

## इंदौर के एमवाय हॉस्पिटल का 773 करोड़ रुपए की लागत से होगा नवनिर्माण

# राजधानी के प्रमुख मार्गों पर बनने वाले द्वार विरासत से विकास के संकल्प की करेंगे सिद्धि

**मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को किया संबोधित**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक की हुई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर गुना जिले के म्याना रेलवे स्टेशन को सम्मानित किया है। म्याना स्टेशन को 9687 यूनिट विद्युत ऊर्जा की बचत के लिए राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि म्याना रेलवे स्टेशन का बेस्ट परफॉर्मिंग यूनिट के रूप में सम्मानित होना, प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू ने बैतूल जिले के शिल्पकार बलदेव वाघमारे को राष्ट्रीय शिल्प पुरस्कार से सम्मानित किया है।

उन्होंने बताया कि भरेवा धातु शिल्प को जीआई टैग प्राप्त हुआ है। गोंड जनजाति की एक उपजाति धातु ढलाई का यह कौशल, पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित करती है। यह शिल्पकार प्रतीकात्मक देवी-देवताओं की मूर्ति, परंपरागत आभूषण, गोंड अनुष्ठान में प्रयुक्त धार्मिक सामान के साथ ही मोर लैंप, बैलगाड़ी, घंटियां, पायल, दर्पण के फ्रेम जैसी सजावटी वस्तुएं का निर्माण करते हैं। इस सामग्री की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत लोकप्रियता है। मुख्यमंत्री ने वाघमारे को बधाई दी।

### 773 करोड़ रुपए लागत से इंदौर में एमवाय हॉस्पिटल का नवनिर्माण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 773 करोड़ रुपए लागत से इंदौर में एमवाय हॉस्पिटल का नवनिर्माण किया जाएगा। नए 1450 बिस्तरीय एमवाय हॉस्पिटल के निर्माण से पुरानी बिल्डिंग की कठिनाईयों से मुक्ति मिलेगी। अस्पताल के साथ ही नर्सिंग हॉस्टल, ऑडिटोरियम आदि का भी निर्माण होगा। मुख्यमंत्री ने बताया की विमेन टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 (ब्लाइंड) का फाइनल मैच जीतने वाली भारतीय टीम में शामिल मध्यप्रदेश की तीन दृष्टि बाधित महिला क्रिकेट खिलाड़ियों सुश्री सुनीता सराठे, सुश्री सुषमा पटेल और सुश्री दुर्गा येवले को 25-25 लाख रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जा रही है। प्रत्येक खिलाड़ी के लिए 10-10 लाख रुपए नगद और 15-15 लाख रुपए की एफडी की व्यवस्था है। टीम के तीनों कोच सर्वश्री सोनू गोलकर, ओमप्रकाश पाल और दीपक पहाड़े को एक-एक लाख रुपए प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि नई दिल्ली में 12, 13 ,14 दिसंबर को मप्र उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें हस्तशिल्प, एक जिला-एक उत्पाद, माटी कला परिषद, पर्यटन आदि के स्टाल लगाए गए और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी हुई। सीएम ने कहा कि विधायक मधु वर्मा ने अपने पुत्र का विवाह का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। सीएम ने विधायक वर्मा की ओर से सामाजिक समरसता और शादियों में अपव्यय को रोकने के लिए की गई इस पहल की सराहना की। सीएम ने कहा कि भोपाल को प्रदेश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समृद्धता से जोड़ने के संकल्प के अंतर्गत राजधानी भोपाल के प्रमुख मार्गों पर महापुरुषों को समर्पित द्वार बनाने का निर्णय लिया गया था।

**मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना को लेकर मंजूरी**

## स्वीकृत अस्थायी पदों को स्थायी पदों में परिवर्तित करने के प्रावधान की स्वीकृति

भोपाल । मप्र कैबिनेट ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना को वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक निरंतर रखे जाने और योजना के तहत 905 करोड़ 25 लाख रुपए के व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई। योजना के तहत प्रदेश के 18-45 वर्ष के स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के लिए 50 हजार से 50 लाख रुपए तक का ऋण बैंक की ओर से स्वीकृत किया जाता है। राज्य शासन की ओर से 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष ब्याज अनुदान और 7 वर्ष तक ऋण गारंटी फीस अनुदान दिया जाता है। कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। बैठक में आधा दर्जन से अधिक मुद्दों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने भोपाल एवं इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के संचालन और रखरखाव के लिए वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व मद में 90 करोड़ 67 लाख रुपए के बजट की स्वीकृति प्रदान की गई। दोनों महानगरों के मेट्रो प्रोजेक्ट अब लगभग पूर्ण हो चुके हैं। भोपाल मेट्रो का शुभारंभ 20 दिसंबर को होने जा रहा है।

▶ मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना को वर्ष 2030-31 तक निरंतर रखने की स्वीकृति

### मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना के कार्यों को अनुमति

कैबिनेट की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना में विभाग में 10 लाख या उससे अधिक लागत राशि के कार्य स्वीकृत किए जाने की अनुमति प्रदान की गई। स्वीकृति अनुसार 693 करोड़ 76 लाख रुपए की लागत के लगभग 3810 कार्य पूर्ण किए जा सकेंगे।

### वन विज्ञान केंद्र की के लिए राशि स्वीकृत

कैबिनेट की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक राज्य में 6 वन विज्ञान केंद्र की स्थापना के लिए 48 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृति अनुसार प्रदेश में वन क्षेत्र के बाहर वानिकी विस्तार गतिविधियों को बढ़ाने, वन भूमि की उत्पादकता बढ़ाने, काष्ठ के विदोहन से अतिरिक्त आय के साधन के लिए जागरूकता बढ़ाने, वृक्ष खेती को बढ़ावा देने और कृषि वानिकी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वन विज्ञान केंद्र की स्थापना की जा रही है। अशासकीय संस्था की ओर से भी वन विज्ञान केंद्र की स्थापना, वन विभाग की अनुमति से की जा सकेगी।

## ऐतिहासिक व सर्वांगीण प्रगति प्रशंसनीय शासकीय मेडिकल कॉलेजों की संख्या 14 से बढ़कर 19 हुई



प्रेस को संबोधित करते डिप्टी सीएम।

▶ मप्र में सुलभ, गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक सेवाएं उपलब्ध कराने योजनाबद्ध तरीके से स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। शासकीय मेडिकल कॉलेजों की संख्या 14 से बढ़कर 19 हो चुकी है तथा निजी मेडिकल कॉलेज 12 से बढ़कर 14 हो गए हैं। आगामी शैक्षणिक सत्र से दमोह, बुधनी और छतरपुर में नए मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किए जाएंगे, जिससे इन क्षेत्रों में चिकित्सा शिक्षा के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ सेवाएं भी सुदृढ़ होंगी। राजगढ़, मंडला और उज्जैन में मेडिकल कॉलेज स्थापना का कार्य तेजी से प्रगति पर है। यह बात उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने जनसंपर्क संचालनालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही।

### ग्वालियर में अत्याधुनिक लिनियर एक्स-रेटर मशीनें स्थापित

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बताया कि इंदौर, जबलपुर, रीवा और ग्वालियर में अत्याधुनिक लिनियर एक्स-रेटर मशीनें स्थापित की गई हैं, जिससे कैंसर उपचार की सुविधाएं प्रदेश स्तर पर सुलभ हुई हैं। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा और सागर में सीटी स्कैन एवं एमआरआई मशीनों को स्वीकृति दी गई है, जबकि ग्वालियर, रतलाम और विदिशा में एमआरआई एवं सीटी सुविधाओं का विस्तार किया गया है। भोपाल एवं रीवा में कार्डियक कैथ लैब स्थापित की गई हैं तथा भोपाल, इंदौर, रीवा और सागर में ब्रेकी-थेरेपी मशीनों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इंदौर और जबलपुर में बोन मैरो ट्रांसप्लांट सेवाएं प्रारंभ हो चुकी हैं और जबलपुर मेडिकल कॉलेज में ऑर्गन एवं हार्ट हार्वेस्टिंग के माध्यम से सात लाभार्थियों को जीवनदान मिला है।
इंदौर मेडिकल कॉलेज में ब्लड कैंसर उपचार के लिए अत्याधुनिक सीएआर-टी सेल थेरेपी प्रारंभ की गई है, जो प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।
जननी सुरक्षा योजना और मुख्यमंत्री प्रसूति सहायता योजना के तहत लाखों लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाया गया है।

### एमबीबीएस सीटों की संख्या 2850 हुई

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि शासकीय एमबीबीएस सीटों की संख्या 2275 से बढ़कर 2850 हो गई है तथा शासकीय एवं निजी क्षेत्र को मिलाकर कुल एमबीबीएस सीटें 5550 तक पहुंच चुकी हैं। पीजी (एमडी, एमएस) सीटों की संख्या 1262 से बढ़कर 1468 हुई है। कुल पीजी सीटें 2862 हो गई हैं। इसके साथ ही 93 सुपर स्पेशियलिटी सीटों की उपलब्धता से प्रदेश में उन्नत चिकित्सा शिक्षा और विशेषज्ञ सेवाओं को नया आयाम मिला है। साथ ही 13 नए नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना के लिए 192.40 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

**सीएमएचओ पर महिला कर्मचारी ने लगाया आरोप**

## साहब अकेला पाकर करते थे छेड़छाड़ थे, सीएमएचओ बोले-आरोप निराधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिले के स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सीएमएचओ पर आदिवासी महिला कर्मचारी ने छेड़छाड़ के गंभीर आरोप लगाए है। जिसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। महिला की शिकायत पर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने सीएमएचओ आरके सिंह के खिलाफ जांच बैठा दी है।

जांच टीम ने पीड़ित महिला कर्मचारी के बयान दर्ज कर दिए है। उधर पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने आरोपों को गंभीर बताते हुए एफआईआर दर्ज करने की बात कही और कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही सीएमएचओ ने खुद पर लगे आरोपों को निराधार बताया है और जांच में सब कुछ साफ होने की बात कही। जानकारी के मुताबिक कलेक्टर के नाम का शिकायत पत्र में पीड़िता ने बताया कि वह प्राथमिक



स्वास्थ्य केंद्र किस्टाराम में पदस्थ थी। लेकिन 21 अगस्त को अचानक उसका ट्रांसफर सीधे सीएमएचओ कार्यालय कर दिया गया। स्थिति तब और संदिग्ध हुई, जब कार्यालय के बजाय उसे सीएमएचओ के घर पर भोजन बनाने की ड्यूटी दे दी गई। पीड़िता के अनुसार खाना बनाते समय अकेला पाकर सीएमएचओ उसे पकड़ते थे और डबल मीनिंग बातें करते थे। इसका विरोध करने पर भी वे अपने पद का दबाव बनाते रहे। यह खुलासा स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त मनमानी और संवेदनशील कर्मचारियों के शोषण को उजागर करता है।

### तत्काल एफआईआर दर्ज हो: कुंजाम

पूर्व विधायक और आदिवासी नेता मनीष कुंजाम ने घटना की निंदा करते हुए कहा यह सीधा पद का दुरुपयोग है। एक आदिवासी महिला कर्मचारी के साथ वरिष्ठ अधिकारी द्वारा छेड़छाड़ किया जाना घोर अपराध है और क्षमा योग्य नहीं है। आरोपी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज हो। कुंजाम ने सवाल उठाया कि स्वास्थ्य विभाग जैसे संवेदनशील दायित्व वाले विभाग में महिला सुरक्षा की स्थिति यदि ऐसी है, तो ग्रामीणों को कौन न्याय दिलाएगा?

### जांच चल रही है

हमारी तरफ से किसी को भी छेड़छाड़ नहीं की गई। शिकायत निराधार है उसके बावजूद जांच चल रही है। जिसमें सब कुछ साफ हो जाएगा।

आरके सिंह सीएमएचओ

**महिला को लगाया दो लाख रुपए का चूना**

## खाकी के नाम पर धोखा! कलेक्टर ऑफिस में मिला 'फर्जी' जवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सशस्त्र पुलिस बल का फर्जी जवान बनकर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के मामले मे पुलिस ने आरोपी को बिलासपुर जिले के कोटा से गिरफ्तार किया है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि जिले के सोनक्यारी चौकी क्षेत्र के झरगांव निवासी सीमा बाई (29) ने कोतवाली मे दर्ज कराए गए शिकायत में बताया था कि 28 अगस्त को वह अपने काम के सिलसिले में कलेक्टर कार्यालय आई हुई थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात पुलिस की वर्दी पहने हुए एक व्यक्ति से हुआ। उसने अपना नाम पुन्नीलाल अनंत बताते हुए स्वयं को छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल का जवान बताया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने स्वयं का उच्चाधिकारियों तक पहुंच होने का झांसा देते हुए सरकारी नौकरी लगवा देने का दावा किया। पीड़िता के अनुसार पुलिस की वर्दी देखकर वह आरोपी के झांसे मे आ गई और उसने अपना मोबाइल नंबर दे दिया। कुछ दिनों बाद शातिर ठग ने पीड़िता को कॉल करके बताया कि उसने मत्स्य विभाग मे नौकरी की बात कर ली है।

## राज्य सरकार को नहीं दी गई मोहलत, अगली सुनवाई आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

प्रमोशन में आरक्षण की नई पॉलिसी को चुनौती देने वाली याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने अनुरोध किया कि मामले की सुनवाई शीतकालीन अवकाश के बाद की जाए। वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन ने कहा कि वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बहस संभव नहीं है, इसलिए कोई अगली तारीख दे दी जाए। कोर्ट ने पूछा कि दलीलें पेश करने के लिए कितना समय लेंगे। इस पर वैद्यानाथन ने कहा कि करीब एक घंटे का समय लगेगा। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मामले की सुनवाई 18 दिसंबर को निर्धारित की है।

इस मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से अपनी बहस पूरी कर दी गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से सभी वर्गों के प्रतिनिधित्व का डाटा भी पेश किया गया है। दावा किया गया है कि आरक्षित वर्ग के कर्मचारियों को अधिक प्रमोशन दिए गए हैं, जिस कारण एससी व एसटी वर्ग के कर्मचारी ऊंचे पदों पर पदस्थ हैं। वहीं अनारक्षित वर्ग के कर्मचारियों को कम या देरी प्रमोशन दिए गए, जिनके नाम ग्रेडेशन लिस्ट नीचे हैं। आरबी राय के मामले में वर्ष 2016 में हाईकोर्ट ने कहा था कि वर्ष 2002 तक के सभी प्रमोशन निरस्त करें और नए सिरे से ग्रेडेशन लिस्ट जारी करें।

### दायर याचिकाओं में मप्र लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती

गौरतलब है कि भोपाल निवासी डॉ. स्वाति तिवारी व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं में मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती दी गई है। दलील दी गई कि वर्ष 2002 के नियमों को हाई कोर्ट के द्वारा आरबी राय के केस में समाप्त किया जा चुका है। इसके विरुद्ध मप्र शासन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामला अभी लंबित है, इसके बावजूद मप्र शासन ने महज नाम मात्र का शाब्दिक परिवर्तन कर जस के तस नियम बना दिए।

**कहा, श्रमिक प्रदेश को गढ़ने वाले सच्चे सेवक, इनकी मेहनत ही विकास की बुनियाद**

# अनुग्रह सहायता राशि श्रमिकों के बैंक खाते में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की अंतरित

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार गरीब, लाचार, श्रमिक, निराश्रित और जरूरतमंद नागरिकों को स्नेह, अपनत्व, स्वावलंबन और आर्थिक सहायता का संबल देती रहेगी। प्रदेश की जनता के सुख-दुख में सरकार हमेशा साथ खड़ी है। डॉ यादव मंगलवार को मंत्रालय में मुख्यमंत्री जनकल्याण सम्बल योजना के तहत सहायता राशि वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश के 55 जिलों के 7227 सम्बल हितग्राहियों के बैंक खाते में 160 करोड़ रुपए की अनुग्रह सहायता राशि अंतरित की। डॉ यादव ने कहा कि इस योजना के प्रारंभ वर्ष 2018 से लेकर अब तक 7.76 लाख प्रकरणों में 7383 करोड़ रुपए की सहायता राशि जरूरतमंद हितग्राहियों को दी जा चुकी है।



सीएम ने सम्बल 2.0 योजना के तहत हितग्राहियों को राशि अंतरित की।

### समय के साथ श्रम के स्वरूप भी बदले

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि समय के साथ श्रम के स्वरूप भी बदले हैं। हमारी सरकार ने गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को असंगठित श्रमिक का दर्जा दिया है। एक मार्च 2024 से इन्हें भी संबल योजना के दायरे में शामिल किया गया है। गरीबों और श्रमिकों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए हमने संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत योजना से भी जोड़ दिया है।

### माला की तरह रखती है संबल योजना

सीएम ने कहा कि अब पत्थर तोड़ने वाले, ईंट बनाने वाले, पापड़ अचार बनाने वाले, खाना बनाने वाले, घरों में काम करने वाले मजदूर या तेंदूपत्ता बीनने वाले सभी श्रमिक और उनके परिवार इस योजना से जुड़कर आर्थिक मदद पा रहे हैं। साथ ही प्रदेश की कुशल श्रम शक्ति को सहकारिता के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए हमने 'श्रमणा' जैसी योजनाएं भी शुरू की हैं, जिससे श्रमिक वर्ग आत्मनिर्भर बन सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में कठिनाई कभी बताकर नहीं आती। ऐसी स्थिति में जमा-पूंजी ही हमें संबल देता है। राज्य सरकार सभी श्रमिक परिवारों के हर मुश्किल वक्त में साथ खड़ी है।

### राज्य सरकार ने खत्म कर दिया बैकलॉग

पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कार्यक्रम में अमरकंटक से वर्चुअल शामिल होकर कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में आज संबल योजना के अंतर्गत 7वीं बार हितग्राही परिवारों को राशि अंतरित की जा रही है। संबल योजना के अंतर्गत अब तक 1.83 करोड़ से अधिक श्रमिकों ने पंजीयन कराया है, जबकि संबल 2.0 में 43 लाख लोगों ने पंजीयन किया है। राज्य सरकार ने पूर्व की सरकार का बैकलॉग भी खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब श्रम विभाग इस स्थिति में आ चुका है कि किसी भी संबल प्रकरण में हम मात्र 60 दिन के अंदर हितग्राही को भुगतान कर सकते हैं। यही हमारी दो साल की बड़ी उपलब्धि है।

# इंडिगो प्रवर्तक अपना कारोबार ऊंचाई तक पहुंचाने वालों में शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडिगो के प्रवर्तक राहुल भाटिया और राकेश गंगवाल अपने दम पर कारोबार को ऊंचाई पर पहुंचाने वाले 10 शीर्ष उद्यमियों में शामिल हैं। दोनों ने विमानन कंपनी को 2025 तक 2.2 लाख करोड़ रुपये के मूल्यांकन तक पहुंचाया है। हुरुन इंडिया की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया।

- दोनों ने इंडिगो को 2.2 लाख करोड़ रुपए के मूल्यांकन तक पहुंचाया

इस सूची में इटर्नल के दीपेंद्र गोयल शीर्ष पर हैं। उनके व्यवसाय का मूल्यांकन 3.2 लाख करोड़ रुपये है जो पिछले वर्ष की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने एवेन्यू सुपरमार्ट्स के राधाकिशन दमानी को पीछे छोड़ दिया जिनके व्यवसाय का मूल्यांकन पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत घटकर तीन लाख करोड़ रुपये रहा।

## हुरुन इंडिया ने जारी की शीर्ष उद्यमियों की सूची, इस सूची में इटर्नल के दीपेंद्र गोयल शीर्ष पर

### इंडिगो की देश के विमान बाजार में 65 प्रतिशत हिस्सेदारी

हुरुन की रिपोर्ट के अनुसार, इंडिगो के संस्थापक भारत के विमानन बाजार में घरेलू क्षेत्र में 65 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ इस शीर्ष सूची में जगह बनाने में कामयाब रहें। रिपोर्ट में कहा गया, " विमानन कंपनी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से विस्तार किया है और सतत विमानन पहलों को भी अपनाया है जिनमें जैव ईंधन का परीक्षण और ईंधन-कुशल विमानों की तैनाती शामिल है।" इसमें कहा गया कि गोयल पहली बार इस सूची में शीर्ष पर आए हैं।



**सूची 25 सितंबर 2025 तक के आंकड़ों पर तैयार**
'आईडीएफसी फर्स्ट प्राइवेट एवं हुरुन इंडिया' की अपने दम पर कारोबार को नई ऊंचाई पर पहुंचाने वाले 200 शीर्ष उद्यमियों की सूची को 25 सितंबर 2025 तक के आंकड़ों के आधार पर तैयार किया गया है। इंडिगो के संस्थापक इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

### अरब डॉलर वाली कंपनियां हुई 128 हुई

*अपने दम पर स्थान बनाने वाले उद्यमियों द्वारा स्थापित अरब डॉलर मूल्यांकन वाली कंपनियों की संख्या 128 हो गई है जो पिछले वर्ष 121 थी। सूची में शामिल होने के लिए न्यूनतम मूल्यांकन सीमा बढ़कर 4,300 करोड़ रुपये कर दी गई है। बेंगलुरु, सूची में शामिल कंपनियों के आधार स्थल के रूप में शीर्ष पर बना रहा। वहां 52 कंपनियां स्थित हैं। हालांकि इस संख्या में पिछली सूची के मुकाबले 14 की कमी आई है।*

***लेंसकार्ट का मूल्यांकन बढ़कर 60 फीसदी :*** *बाजार में हाल ही में सूचीबद्ध लेंसकार्ट का मूल्यांकन भी 60 प्रतिशत बढ़कर 67,000 करोड़ रुपये हो गया जिससे इसके सह-संस्थापक पीयूष बंसल, अमित चौधरी, नेहा बंसल और सुमीत कपाही सूची में 10वें स्थान पर रहे। सूची में शामिल सभी कंपनियों का कुल मूल्यांकन वर्ष 2025 में 42 लाख करोड़ रुपये रहा।*

### पेटीएम के संचालक ने 67 फीसदी की छलांग लगाई

रिपोर्ट में खाद्य वितरण कंपनी की सराहना की गई है, जो 800 शहरों में संचालन कर रही है। इसके प्रतिस्पर्धी ब्रांड स्विगी के सह-संस्थापक श्रीहर्ष मजेटी और नंदन रेड्डी सूची में पांचवें स्थान पर हैं। उनकी कंपनी का मूल्यांकन पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.06 लाख करोड़ रुपये रहा। पेटीएम के संस्थापक विजय शेखर शर्मा ने 67 प्रतिशत की सबसे बड़ी छलांग के साथ 72,900 करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ सूची में आठवें स्थान पर हैं।

## खबर संक्षेप

### टाटा केमिकल्स ने ऋणपत्र से जुटाए 1500 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** टाटा केमिकल्स लिमिटेड ने निजी निर्गम के आधार पर गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र के आवंटन के माध्यम से 1,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। उसने एक लाख रुपये के अंकित मूल्य वाले 1,50,000 सूचीबद्ध, असुरक्षित, 'रेटेड', 'रिडीमेबल', कर योग्य, गैर-संचयी गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र नकद में आवंटित किए हैं।

### एक्मे सोलर ने गुजरात में परियोजना चालू की



**नई दिल्ली।** एक्मे सोलर ने गुजरात के सुरेंद्रनगर में स्थित 100 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना में 52 मेगावाट क्षमता को चालू कर दिया है। यह परियोजना उसकी सहायक कंपनी एक्मे इको क्लीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से चालू की जा रही है। बयान के अनुसार ताजा चरण में आठ मेगावाट क्षमता को चालू किया गया है।

### रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर से उबरा



**मुंबई।** रुपया बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में अपने अबतक के सबसे निचले स्तर से उबरने में कामयाब रहा और 55 पैसे चढ़कर 90.38 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में हाल की गिरावट मुख्य रूप से बाहरी कारकों के कारण हुई है, न कि घरेलू आर्थिक कमजोरी की वजह से।

### पार्क मेडी वर्ल्ड के शेयर की बाजार में धीमी शुरुआत



**नई दिल्ली।** पार्क ब्रांड के तहत अस्पताल चलाने वाली पार्क मेडी वर्ल्ड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 162 रुपये से करीब चार प्रतिशत की गिरावट के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 3.95 प्रतिशत की गिरावट के साथ 155.60 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर इसने 1.97 प्रतिशत फिसलकर 158.80 रुपये पर कारोबार शुरू किया।

### एसबीआई के प्रबंध निदेशक तिवारी का कार्यकाल बढ़ा



**नई दिल्ली।** सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के प्रबंध निदेशक अश्विनी कुमार तिवारी का कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ा दिया है। एसबीआई ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि तिवारी को मौजूदा कार्यकाल समाप्त होने की तिथि 27 जनवरी, 2026 के बाद पुनर्नियुक्त किया गया है।

### अमेरिका में नवंबर में 64,000 नौकरियां बढ़ीं



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने देरी से जारी की गई रोजगार संबंधी रिपोर्ट में बताया कि नवंबर में 64,000 नौकरियां बढ़ीं, जबकि अक्टूबर में 1.05 लाख नौकरियां घटीं। ट्रंप प्रशासन की कटौतियों के बाद संघीय कर्मचारियों की संख्या कम होने से अक्टूबर में नौकरियों में गिरावट हुई। अमेरिका में बेरोजगारी दर बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो गई, जो 2021 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। श्रम विभाग ने मंगलवार को अक्टूबर और नवंबर दोनों महीनों के रोजगार आंकड़े जारी किए।

## एसबीआई के आर्थिक शोध विभाग ने जारी की रिपोर्ट

# अगले वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में रुपया कर सकता है मजबूत वापसी: एसबीआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी के भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क के कारण मुख्य रूप से कमजोर हो रहा भारतीय रुपया, अगले वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में मजबूत वापसी कर सकता है। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक शोध विभाग की एक रिपोर्ट में बुधवार को यह कहा गया।

अमेरिका ने दो अप्रैल, 2025 से सभी अर्थव्यवस्थाओं पर बड़े पैमाने पर शुल्क बढ़ोतरी की घोषणा की। तब से भारतीय रुपया, डॉलर के मुकाबले 5.7 प्रतिशत कमजोर हुआ है। यह प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ज्यादा है। हालांकि अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद बनने के कारण बीच-बीच में मजबूती के दौर भी आए।

### शुल्क विनिमय दर में गिरावट का बड़ा कारण

रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि भारतीय रुपया बाकियों के मुकाबले सबसे ज्यादा कमजोर हुआ है, लेकिन यह सबसे ज्यादा अस्थिर नहीं है। इसमें कहा गया है, "यह स्पष्ट रूप से बताता है कि भारत पर लगाया गया 50 प्रतिशत शुल्क रुपये की विनिमय दर में मौजूदा गिरावट पीछे प्रमुख कारणों में से एक है।"



### 90 से 91 प्रति डॉलर पहुंचने में 13 दिन लगे

*एसबीआई के अध्ययन में कहा गया है, "हमारे विश्लेषण के अनुरूप, रुपया वर्तमान में मूल्य में गिरावट के दौर से गुजर रहा है। रुपये के इस दौर से बाहर निकलने की संभावना है...। हमारा यह भी मानना है कि अगले वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में रुपये में जोरदार उछाल आने की संभावना है।" घरेलू मुद्रा को 90 से 91 प्रति डॉलर तक पहुंचने में सिर्फ 13 दिन लगे।*

- अमेरिकी शुल्क के कारण कमजोर हो रहा रुपया
- शुल्क वृद्धि से रुपया डॉलर के मुकाबले 5.7 फीसदी कमजोर हुआ
- भारतीय रुपया बाकियों के मुकाबले सबसे ज्यादा कमजोर हुआ पर अस्थिर नहीं

### निवेश प्रवाह भी रुपए को प्रभावित कर रहा

शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि 2014 से पहले पोर्टफोलियो निवेश प्रवाह अधिक रहना रुपये में उतार-चढ़ाव का मुख्य कारण था। रिपोर्ट में आगे कहा गया है, "व्यापार समझौते में देरी के कारण उत्पन्न भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के चलते अब ऐसी स्थिति नहीं है...। व्यापार आंकड़ों से पता चलता है कि भारत ने लंबे समय तक अनिश्चितता, बढ़ते संरक्षणवाद और श्रम आपूर्ति में आए झटकों से निपटने में उल्लेखनीय मजबूती दिखायी है।"

***निवेशकों का बड़ा पूंजी प्रवाह अब बीते दिनों की बात :*** *भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के साथ निवेशकों का बड़ा पूंजी प्रवाह अब बीते दिनों की बात है। पिछले रुझान बताते हैं कि वर्ष 2007 से वर्ष 2014 के दौरान, शुद्ध पोर्टफोलियो प्रवाह औसतन 162.8 अरब डॉलर था।*

***जोखिम सूचकांक में कमी आई :*** *'रुपये पर भरोसा' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि अप्रैल 2025 से भू-राजनीतिक जोखिम सूचकांक में कमी आई है, लेकिन अप्रैल-अक्टूबर 2025 के लिए सूचकांक का मौजूदा औसत मूल्य इसके दस साल के औसत से कहीं अधिक है।*

### विदेशी मुद्रा भंडार 703 अरब डॉलर पहुंचा



हालांकि, बुधवार को रुपये में तेजी से सुधार हुआ और यह डॉलर के मुकाबले 55 पैसे बढ़कर 90.38 पर बंद हुआ। भारत का विदेशीमुद्रा भंडार जून 2025 में 703 अरब डॉलर तक पहुंच गया था, लेकिन पांच दिसंबर, 2025 को समाप्त सप्ताह में यह घटकर 687.2 अरब डॉलर रह गया। जिसका मुख्य कारण बाजार से पूंजी की निकासी और विनिमय दर में उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए रिजर्व बैंक द्वारा विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में संभावित हस्तक्षेप है।

# चांदी की कीमत रिकॉर्ड दो लाख रुपए प्रति किलोग्राम के पार



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक बाजारों में मजबूत मांग से चांदी की कीमत में बुधवार को 7,300 रुपये का उछाल आया और राष्ट्रीय राजधानी में यह पहली बार दो लाख रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी का भाव बुधवार को 2,05,800 रुपये प्रति किलोग्राम रहा। मंगलवार को इसका बंद भाव 1,98,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। स्थानीय सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपये चढ़कर 1,36,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई जबकि मंगलवार को यह 1,35,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोने की कीमत 18.59 अमेरिकी डॉलर यानी 0.43 प्रतिशत बढ़कर 4,321.06 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई। इसके अलावा, हाजिर चांदी ने विदेशी बाजार में पहली बार 66 डॉलर प्रति औंस का आंकड़ा पार कर लिया। चांदी की कीमत में 2.77 अमेरिकी डॉलर यानी 4.35 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 66.52 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

- घरेलू और वैश्विक बाजारों में चांदी की मजबूत मांग
- चांदी में आया 7300 रुपए का बड़ा उछाल

# म्यूचुअल फंड में पारदर्शिता और प्रक्रिया सरल करने जोर

एजेंसी ▶▶| मुंबई




बाजार नियामक सेबी के निदेशक मंडल की बुधवार को हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण सुधारों को मंजूरी दी गई। इन सुधारों का मकसद कंपनियों और निवेशकों दोनों के लिए प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाना है।

निदेशक मंडल ने कंपनियों के लिए कोष जुटाने के समय पेश किए जाने वाले निर्गम दस्तावेज को सरल बनाने का प्रस्ताव मंजूर किया। इससे निवेशकों को निवेश के फैसले लेने में आसानी होगी और वे कम समय में ही मुख्य बिंदुओं की जानकारी जुटा पाएंगे। इसके अलावा, म्यूचुअल फंड योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए समग्र खर्च अनुपात (टीईआर) को अलग-अलग घटकों में तोड़ने की मंजूरी दी गई। इससे निवेशक यह समझ सकेंगे कि टीईआर में से कितनी राशि स्टांप शुल्क, प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे कानूनी मदों में जा रही है।

- सेबी की बोर्ड बैठक में बड़े सुधारों को मंजूरी
- दस्तावेज को सरल बनाने का प्रस्ताव मंजूर

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बॉन्ड या ऋण निर्गम में भी विशेष श्रेणी के निवेशकों को प्रोत्साहन देने की अनुमति दी। निदेशक मंडल ने बड़ी कंपनियों पर अनुपालन का बोझ कम करने के लिए उच्च ऋण मूल्य वाली सूचीबद्ध इकाइयों (एचवीडीएलई) की पहचान के लिए ऋणसीमा को 1,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5,000 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव भी मंजूर किया।

### अधिकारियों की संपत्ति संबंधी खुलासों पर जोर

सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में उच्च-स्तरीय समिति की सिफारिशों की समीक्षा भी की गई, जिसमें हितों के टकराव और वरिष्ठ अधिकारियों की संपत्ति संबंधी खुलासों पर भी ध्यान दिया गया। पांडेय के सेबी प्रमुख बनने के बाद निदेशक मंडल की यह चौथी बैठक थी।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 120 अंक टूटा

- विदेशी निवेशकों की निरंतर बिकवाली जारी रही
- निफ्टी में भी 42 अंक की

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विदेशी निवेशकों की निरंतर बिकवाली के दबाव में घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 120 अंकों की गिरावट दर्ज की गई जबकि निफ्टी करीब 42 अंक फिसल गया।

बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 120.21 अंक गिरकर 84,559.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 263.88 अंक टूटकर 84,415.98 के स्तर पर आ गया था। निफ्टी 41.55 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,818.55 अंक पर बंद हुआ, जो एक सप्ताह का निचला स्तर है। विदेशी निवेशक अपना पैसा निकाल रहे हैं और उभरते बाजार संघर्ष कर रहे हैं।



जबकि विकसित अर्थव्यवस्थाएं मजबूत बनी हुई हैं। इससे पता चलता है कि निवेशक उभरते बाजारों को लेकर अधिक सतर्क हो रहे हैं।'' रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों के बड़े शेयरों में बिकवाली से व्यापक स्तर पर कमजोरी आई, जबकि वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों ने निवेशकों की धारणा को और भी कमजोर किया।

**ट्रेंट में सबसे अधिक गिरावट दर्ज :** सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट में सबसे अधिक 1.61 प्रतिशत की गिरावट आई और एचडीएफसी बैंक का शेयर करीब एक प्रतिशत टूटा। इनके अलावा अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन और एशियन पेंट्स के शेयर में सबसे ज्यादा गिरावट रही।

**एसबीआई में रही तेजी :** इसके उलट, भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 1.51 प्रतिशत चढ़ा। इन्फोसिस, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर में भी तेजी रही।

### नेफ्रोकेयर सात फीसदी बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराने वाली कंपनी नेफ्रोकेयर हेल्थ सर्विसेज लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 460 रुपये से करीब सात प्रतिशत की बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 6.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 491.70 रुपये पर कारोबार शुरू किया। बाद में यह 8.41 प्रतिशत चढ़कर 498.70 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर 6.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 490 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 4,762.67 करोड़ रुपये रहा। नेफ्रोकेयर हेल्थ सर्विसेज लिमिटेड के आईपीओ को गत शुक्रवार को शेयर बिक्री के अंतिम दिन 13.96 गुना अभिदान मिला था।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
UADD Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक /598/न.पा.प./ लो.क.वि./2025 — अहिवारा दिनांक 16.12.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर क्र. | अनु. लागत लाख में | निविदा आनलाईन करने की प्रारंभिक / अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Palika Parishad, Ahiwara under SBM 2.0 (1st call) | 181893 | 437.06 Lakh | Bid Start Date- 16.12.2025, 17.00 PM<br>Bid Due Date - 08.01.2026, 17.00 PM<br>Physical FDR & Affidavit Submission<br>End Date - 12.01.2026, 14.00 PM<br>Bid open Date (Suheduled) - 12.01.2026, 17.00 PM<br>Prebid Meeting (Online) Meeting Link: meet.google.com/dej-pyiz-qfi<br>Date- 22-12-2025, 12.00 pm to 12.30pm |

विस्तृत जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईड http://eproc.cgstate.gov.in से डॉउनलोड / देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अहिवारा



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

N.I.T. No./PWD/e-tendring/PRO/681 — प्रथम निविदा सूचना — Date-17/12/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Date-22/12/2025 Tendr ID 2025_UAD_469188_1 | महाराजा अग्रसेन वार्ड मे एस. बी. आई. से वत्सला पैराडाईज तक दोनों ओर पेवर ब्लॉक का कार्य। (CM MONIT A+) | 03 माह<br>14.39 लाख | 2000/-<br>10795/- | 20/01//2026 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म विभाग)
नगर निगम जबलपुर



**पश्चिम मध्य रेल**

शुद्धिपत्र संख्या 48 / 2025

निविदा सं. 8125WCRTP-2 जिसके खुलने की तिथि 08 / 01 / 2026 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/110/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है–

| Tender No. & short Description | Earnest Money (INR) | |
|---|---|---|
| 8125WCRTP-02 Description : Manufacture एंड सप्लाई ऑफ CMS क्रासिंग 1 in 12,60 kg | Existing value | Modified value |
| EMD | 5000000/- | 2000000/- |

अद्धतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखें
(हस्ता)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.**
LIC HFL — LIC HOUSING FINANCE LTD

एरिया ऑफिस :–18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर – 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761–2401338, Website: www.lichousing.com

परिशिष्ट–IV नियम 8(1) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरकर्ता एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणीग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अत: ऋण ग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतरिमन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य को ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगहिता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. प्रभार के अधीन होगा।

| क्रं. | ऋण खाता संख्या | खातेदार का नाम एवं पता | संपत्ति विवरण | मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना | उल्लेखित राशि ₹ मांग सूचना पत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 120500010869 | श्री राजकुमार ओंकार जामनिक श्री अरविंद ओंकार जामनिक पता: मकान नंबर 1044, प्लॉट नंबर 02, नरसिंह वार्ड, आमनपुर, तहसील जिला जबलपुर | पता: मकान नंबर 1044, प्लॉट नंबर 02, खसरा नंबर 115, मौजा रानीपुर, एनबी 401,पटवारी हल्का नंबर 25, नरसिंह वार्ड, आमनपुर, तहसील जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश। क्षेत्रफल 1254 वर्ग फुट। | 19.08.2025<br>17.12.2025 | 15,38,631.68/- + ब्याज व अन्य खर्चे |

ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (Notice) किया जाता है। कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर, वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चो का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदार से की जावेगी।

दिनांक : 18.12.2025
स्थान : जबलपुर

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.



**पश्चिम मध्य रेल**

इंजीनियरिंग विभाग खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमन्त्रित की जाती है। निविदा सूचना क्रमांक: डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी–202–2025 दिनांक: 12 / 12 / 2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित: जबलपुर में मुख्य स्टेशन भवन के प्लेटफार्म नंबर 1 और प्लेटफार्म नंबर 6 की ओर जाने वाली सड़क और सर्कुलेटिंग एरिया की मरम्मत का कार्य।, कार्य का अनुमानित मूल्य: 99,67,978 / –, बयाना राशि रूपये: 1,87,400 / –, समापन अवधि: 06 माह, निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक: 06 / 01 / 2026, निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि: 06 / 01 / 2026, निविदा सूचना क्रमांक: डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी–203–2025 दिनांक: 12 / 12 / 2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित: सहायक मंडल अभियंता (मुख्या.) जबलपुर उप–मंडल के अंतर्गत डीआरएम जबलपुर के कार्यालय में पुराने सीवर लाइन की मरम्मत, डैमेज सीपेज कार्य तथा ऐंटी–टर्माइट उपचार एवं डीआर जबलपुर के कार्यालय में जोनल IT सेंटर का नवीनीकरण का कार्य। (कार्य का हिस्सा: सहायक मंडल अभियंता (मुख्या.), जबलपुर उप–मंडल के अंतर्गत पुराने सीवर लाइन की मरम्मत, डैमेज सीपेज कार्य तथा डीआरएम जबलपुर के कार्यालय में ऐंटी–टर्माइट उपचार।), कार्य का अनुमानित मूल्य: 77,28,094 / –, बयाना राशि रूपये: 1,54,600 / –, समापन अवधि: 08 माह, निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक: 06 / 01 / 2026, निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि: 06 / 01 / 2026, निविदा सूचना क्रमांक: डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी–204–2025 दिनांक: 12 / 12 / 2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित: सहायक मंडल अभियंता (दक्षिण) सतना उप–मंडल के अंतर्गत मैहर डिपो में रेलवे के ट्रैक, गिट्टी आईएस / आरडीएसओ–जीई / 0001:2023 विनिर्देशन के अनुसार 65 एम.एम मशीन क्रश हार्ड और डयूरेबल ट्रैक स्टोन गिट्टी की आपूर्ति, स्टैकिंग और लोडिंग, जिसमें सभी लीड, लिफ्ट, कर, रॉयल्टी, शुल्क आदि शामिल हैं।, कार्य का अनुमानित मूल्य: 5,72,68,500 / –, बयाना राशि रूपये: 4,36,400 / –, समापन अवधि: 12 माह, निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक: 06 / 01 / 2026, निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि: 06 / 01 / 2026। उपरोक्त ई–निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

*भारतीय सेना की मारक शक्ति में बड़ा इजाफा*

# उड़ता हुआ टैंक कहे जाने वाले 3 अपाचे हेलिकॉप्टर अमेरिका ने भारत को सौंपे, अब पाकिस्तान से सटी सीमा पर होंगे तैनात

**यूएस से मिला एएच-64ई अपाचे हेलिकॉप्टरों का आखिरी बैच**

**पहले भारतीय वायुसेना भी 22 अपाचे हेलिकॉप्टर शामिल कर चुकी है**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना की युद्ध क्षमता में मंगलवार को एक और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया। अमेरिका ने एएच-64ई अपाचे अटैक हेलिकॉप्टरों का दूसरा और अंतिम बैच भारतीय सेना को सौंप दिया है। इस डिलीवरी के साथ ही सेना को अपने सभी 6 अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर मिल गए हैं, जिससे देश की सीमा सुरक्षा और आक्रामक क्षमता को नई धार मिली है।

अमेरिका से आए ये तीन अत्याधुनिक अपाचे हेलीकॉप्टर गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस पर उतरे। इसके बाद इन्हें राजस्थान के जोधपुर में स्थित 451 आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन में शामिल किया जाएगा, जहां से ये रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इलाकों में तैनात किए जाएंगे। इन अपाचे हेलीकॉप्टरों को भारतीय सेना ने सनातन हिंदू परंपरा के अनुसार विधिवत पूजन के साथ अपने बेड़े में शामिल किया। मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि के साथ हुए इस पूजन ने यह स्पष्ट किया कि भारत में आधुनिक युद्ध तकनीक और हजारों वर्षों पुरानी सैन्य परंपराएँ साथ-साथ चलती हैं। सेना के जवानों द्वारा किया गया यह पूजन न केवल आस्था का प्रतीक था।


पूजन करते सेना के अधिकारी

**सनातन परंपरा से आधुनिक हथियारों का स्वागत**

### अपाचे को फ्लाइंग टैंक भी कहते हैं

अमेरिका में निर्मित एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टर को दुनिया के सबसे घातक और भरोसेमंद मल्टीरोल अटैक हेलीकॉप्टरों में गिना जाता है। इसकी असाधारण मारक क्षमता और युद्ध क्षेत्र में टिके रहने की ताकत के कारण इसे फ्लाइंग टैंक कहा जाता है। अपाचे हेलीकॉप्टरः हेलफायर मिसाइल, 70 मिमी रॉकेट, 30 मिमी चेन गन से लैस होते हैं, जिससे यह दुश्मन के बंकरों, टैंकों, सैन्य ठिकानों और एयर डिफेंस सिस्टम को सटीक तरीके से नष्ट करने में सक्षम है।

### अमेरिकी दूतावास ने किया स्वागत

एएच-64ई अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर्स की अंतिम खेप भारत पहुंचने पर अमेरिकी दूतावास ने इसका स्वागत किया। दूतावास ने कहा कि भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी की तहत किए गए वादे को पूरा किया गया है। इन हेलिकॉप्टर्स की डिलीवरी में पहले कई बार देरी हुई थी।



अपाचे को गाजियाबाद के एयरबेस पर उतारा गया

### रात, पहाड़ और दुर्गम इलाके में सक्षम

*अपाचे हेलीकॉप्टर में लगे अत्याधुनिक सेंसर्स और नाइट फाइटिंग सिस्टम इसे दिन-रात किसी भी परिस्थिति में युद्ध के लिए सक्षम बनाते हैं विशेष रूप से पर्वतीय, रेगिस्तानी और जोखिमभरे इलाकों में इसकी भूमिका बेहद प्रभावी मानी जाती है। यही वजह है कि अमेरिकी सेना सहित कई देशों ने इसे अपने प्रमुख सैन्य अभियानों में इस्तेमाल किया है।*


**4,168 करोड़ रुपए का सौदा**

भारत सरकार ने वर्ष 2020 में बोइंग कंपनी के साथ 4,168 करोड़ रुपए का सौदा कर भारतीय सेना के लिए 6 अपाचे हेलीकॉप्टर खरीदे थे। यह सौदा सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम माना जाता है।

## खबर संक्षेप


### अहमदाबाद में 10 स्कूलों को मिली बम की धमकी

**अहमदाबाद।** यहां के 10 निजी स्कूलों को बुधवार को बम विस्फोट की धमकी वाले ईमेल मिले। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों द्वारा की गई तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, जिसके बाद यह धमकी झूठी साबित हुई। जोन-1 के पुलिस उपायुक्त हर्षद पटेल ने बताया कि एहतियात के तौर पर स्कूलों ने दोपहर की शिफ्ट के लिए छुट्टी घोषित कर दी। ईमेल सुबह की शिफ्ट समाप्त होने के बाद मिले थे और सभी स्कूलों को एक ही तरह का संदेश भेजा गया था। पटेल ने पत्रकारों को बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच की।



### ग्लोबल साउथ तय करेगा दुनिया का एआई एजेंडा

**नई दिल्ली।** भारत 2026 की शुरुआत में एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी करने जा रहा है। 19-20 फरवरी के बीच होने वाला ये समिट 'ग्लोबल साउथ' के देशों के लिए एक बड़ा अवसर होगा। यहां वे न सिर्फ एक साथ मिलकर समाधानों पर चर्चा करेंगे, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एआई के एजेंडे को सक्रिय रूप से आकार भी देंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी दी। 'इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का आयोजन 19-20 फरवरी 2026 को नई दिल्ली में किया जाएगा।



**धमकी के बाद भारत ने उठाया सख्त कदम**

# 7-सिस्टर्स पर विवादित बयान के बीच भारत सख्त, बांग्लादेश के उच्चायुक्त को किया तलब


फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए बांग्लादेश के उच्चायुक्त को तलब किया है। यह कदम हालिया धमकी और 'सेवन सिस्टर्स' को अलग-थलग करने वाले बयान के बाद उठाया गया, जिससे दोनों देशों के कूटनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। भारत ने बुधवार को ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए बांग्लादेश के उच्चायुक्त एम. रियाज हमीदुल्लाह को तलब किया।

### पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी

इस ऐतिहासिक युद्ध में भारत ने बांग्लादेश की मुक्ति वाहिनी (मुक्ति योद्धाओं) के साथ मिलकर पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, जिसका अंत दिसंबर 1971 में 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों के आत्मसमर्पण के साथ हुआ और बांग्लादेश एक स्वतंत्र राष्ट्र बना। दिल्ली में मंगलवार को बांग्लादेश उच्चायोग ने भी विजय दिवस मनाया था। इस मौके पर उच्चायुक्त एम. रियाज हमीदुल्लाह ने भारत-बांग्लादेश संबंधों को परस्पर हितों पर आधारित बताया था। उन्होंने कहा था कि दोनों देशों के बीच आपसी निर्भरता है और संबंध क्षेत्र में शांति, समृद्धि और सुरक्षा के लिए अहम हैं।

### भारत को मिली थी धमकी

हाल ही में भारतीय उच्चायोग को एक धमकी मिली थी, जिसके बाद भारत ने इस मुद्दे पर बांग्लादेश सरकार से औपचारिक रूप से अपनी आपत्ति दर्ज कराई। हालांकि सरकार ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि धमकी किस तरह की थी, लेकिन इसे गंभीर सुरक्षा चिंता के रूप में देखा जा रहा है। यह मामला ऐसे समय सामने आया है जब एक दिन पहले बांग्लादेश में एक नेता ने भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों 'सेवन सिस्टर्स' को अलग-थलग करने की धमकी दी थी। इस बयान के बाद भारत की चिंताएं और बढ़ गई हैं, खासकर अपने राजनयिक मिशनों और वहां काम करने वाले अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर खतरा बढ़ गया है। गौरतलब है कि यह घटनाक्रम विजय दिवस के ठीक एक दिन बाद सामने आया। मंगलवार को भारत ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध और बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम की 54वीं वर्षगांठ यानी विजय दिवस मनाया था।

**पीएम मोदी ने पार्लियामेंट और लोकतांत्रिक यात्रा के लिए गहरा सम्मान जताया**

# इथियोपिया शेरों की धरती... हम दोस्ती का नया 'अध्याय' लिख रहे, संसद में बोले प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी ▶▶ अदीस अबाबा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अदीस अबाबा में इथियोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज आपके सामने खड़ा होना मेरे लिए बड़े सम्मान और सौभाग्य की बात है। इथियोपिया, जिसे शेरों की धरती कहा जाता है, आकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। मैं यहां खुद को बिल्कुल अपने घर जैसा महसूस कर रहा हूं। क्योंकि भारत में मेरा गृह राज्य गुजरात भी शेरों की धरती के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा, आज आपके सामने खड़ा होना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। मैं लोकतंत्र के मंदिर में, पुरानी समझ और मॉडर्न उम्मीदों वाले देश के दिल में आकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह अपने साथ 1.4 बिलियन भारतीयों का अभिवादन लेकर आए हैं और इथियोपिया की पार्लियामेंट, लोगों और लोकतांत्रिक यात्रा के लिए गहरा सम्मान जताया।



उन्होंने कहा,इस महान इमारत में लोगों की इच्छा ही राज्य की इच्छा बन जाती है। जब राज्य का पहिया लोगों के पहिये के साथ तालमेल बिठाकर चलता है, तो तरक्की का पहिया उम्मीद और मकसद के साथ आगे बढ़ता है। यह भाषण पीएम मोदी की प्रधानमंत्री अबी अहमद अली के साथ कई मुद्दों पर बातचीत के एक दिन बाद आया, जिसके दौरान भारत और इथियोपिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप तक बढ़ाया।

चर्चा में फूड और हेल्थ सिक्योरिटी, कैपेसिटी बिल्डिंग, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, फार्मास्यूटिकल्स, मेडिकल टूरिज्म, एनर्जी और जरूरी मिनरल्स में सहयोग पर ध्यान दिया गया। इथोपिया के बाद पीएम मोदी ओमान के लिए रवाना हो गए हैं। ओमान जाने के लिए पीएम मोदी को इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद ने अपनी कार में बिठाकर एयरपोर्ट तक छोड़ा और ओमान के लिए विमान में सवार होने से पहले उन्हें व्यक्तिगत रूप से विदा किया।

**पीएम मोदी की प्रधानमंत्री अबी अहमद अली के साथ चर्चा**

**इथियोपिया के पीएम ने खुद कार ड्राइव कर एयरपोर्ट पर छोड़ा**


इथियोपिया के पीएम खुद कार चलाकर पीएम मोदी को एयरपोर्ट ले गए

### ग्रैंड ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया से सम्मानित

*पीएम मोदी ने इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली को देश के सबसे बड़े सिविलियन अवॉर्ड ग्रैंड ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया से सम्मानित करने के लिए धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा, मैं भारत के लोगों की ओर से हाथ जोड़कर और विनम्रता से यह सम्मान स्वीकार करता हूं। इथियोपिया को दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इतिहास इसके पहाड़ों, घाटियों और इसके लोगों के दिलों में जिंदा है। उन्होंने एक कल्चरल लिंक पर भी जोर दिया, यह देखते हुए कि भारत का राष्ट्रीय गीत, वंदे मातरम और इथियोपिया का राष्ट्रीय गान, दोनों ही जमीन को मां कहते हैं. हम भी एक पुरानी सभ्यता हैं, जो 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास' के नारे से चलते हुए, भविष्य की ओर आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहे हैं. अपनी मातृभूमि के लिए हमारी भावनाएं भी हमारे साझा नजरिए को दिखाती हैं।*

### पीएम मोदी ने खोला भारत-इथोपिया कृषि सहयोग का रोडमैप

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इथोपिया दौरे के दौरान भारत-इथोपिया रणनीतिक साझेदारी में खेती और किसानों को भी केंद्र में रखा। इथोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने बीज विकास, सिंचाई, मिलेट्स, जलवायु अनुकूल खेती, डेयरी और खाद्य प्रसंस्करण में सहयोग बढ़ाने की घोषणा की और कहा कि कृषि दोनों देशों की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसी के जरिए खाद्य सुरक्षा और किसानों की आय को मजबूती दी जा सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और इथोपिया दोनों विकासशील देश हैं और दोनों की अर्थव्यवस्था में कृषि की भूमिका केंद्रीय है। खेती सिर्फ आजीविका का साधन नहीं, बल्कि परंपरा और नवाचार को जोड़ने वाली कड़ी है। उन्होंने बीज विकास, सिंचाई प्रणालियों और मिट्टी की सेहत सुधारने वाली तकनीकों पर मिलकर काम करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा किबेहतर बीज और आधुनिक खेती तकनीक से दोनों देशों के किसानों की आय और उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है।

# ईरान के तट पर साइलेंट गार्जियन



### चाबहार में भारतीय जहाज की एंट्री ने बदला समंदर का खेल?

**तेहरान।** भारतीय तटरक्षक बल का अत्याधुनिक जहाज 'आईसीजीएस सार्थक' ईरान के रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह पर लंगर डाल चुका है। ओमान की खाड़ी में लहरों का शोर वही है, लेकिन हवाओं का रुख बदल चुका है। बुधवार को जब इंडियन कोस्ट गार्ड का जहाज आईसीजीएस सार्थक ईरान के चाबहार बंदरगाह पर पहुंचा, तो कूटनीतिक गलियारों में हलचल मच गई। इसे हिंद महासागर में भारत की बदलती और आक्रामक रणनीति के तौर पर देखा जाने लगा।

### ऑपरेशन सिंदूर पर बोले चव्हाण आधे घंटे में भारत हार गया

**मुंबई।** कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े अपने दावे पर बुधवार को माफी मांगने से इनकार कर दिया है। चव्हाण ने कहा, मैं माफी नहीं मांगूंगा मैंने कुछ भी गलत नहीं कहा है और मेरे पास माफी मांगने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने एक दिन पहले था कि मई में पाकिस्तान के साथ हुए सैन्य संघर्ष में भारतीय सेना को पहले दिन ही हार का सामना करना पड़ा था। इस पर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा सेना का अपमान करना अब कांग्रेस की पहचान बन गया है। यह सिर्फ पृथ्वीराज चव्हाण का बयान नहीं है, बल्कि राहुल गांधी भी पहले इसी तरह के बयान दे चुके हैं। बता दें चव्हाण ने पुणे में कहा था 7 मई को हुई आधे घंटे की हवाई झड़प में भारतीय विमान उड़ानेकी हालत में नहीं थे।



**राष्ट्रपति ट्रंप का नया फरमान**

# अमेरिका ने सीरिया और माली समेत 39 देशों में ट्रैवल बैन बढ़ा दिया

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने पूर्ण यात्रा प्रतिबंध के दायरे में आने वाले देशों की सूची का विस्तार करते हुए सीरिया समेत सात और देशों के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर रोक लगा दी है।



व्हाइट हाउस ने कहा कि ट्रंप ने प्रतिबंध के लिए घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इस कदम के तहत बर्किना फासो, माली, नाइजर, दक्षिण सूडान, सीरिया और फलस्तीनी प्राधिकरण द्वारा जारी यात्रा दस्तावेजों वाले नागरिकों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस कार्रवाई के तहत लाओस और सिएरा लियोन पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिन पर पहले केवल आंशिक प्रतिबंध लागू थे। यह विस्तारित प्रतिबंध एक जनवरी से प रभावी होगा।

यह कार्रवाई ट्रंप के उस वादे के बावजूद की गई है जिसमें उन्होंने सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शारा के साथ नवंबर में हुई वार्ता के बाद सीरिया को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही थी।

### यूएस ने वेनेज़ुएला में तेल टैंकरों को घेरा

*अमेरिका और वेनेज़ुएला के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बड़ा कदम उठाते हुए वेनेज़ुएला में आने और वहां से जाने वाले सभी प्रतिबंधित तेल टैंकरों पर पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया है। यह कदम वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर दबाव बढ़ाने के लिए उठाया गया है। ट्रंप के इस नए कदम से दक्षिण अमेरिकी देश की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ने वाला है।*

**वित्त मंत्री ने कॉन्क्लेव को किया संबोधित, टैरिफ किंग को दिया करारा जवाब**

**वित्त वर्ष 2026 में भारत में 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद**

# मुल्कों ने शुल्कों को वैश्विक व्यापार के लिए हथियार की तरह इस्तेमाल किया: वित्त मंत्री सीतारमण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को वैश्विक व्यापार की बदलती और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में शुल्कों और अन्य उपायों के जरिए वैश्विक व्यापार को तेजी से 'हथियार' बनाया जा रहा है।



उन्होंने जोर देकर कहा कि इस माहौल में भारत को बहुत सावधानी से अपना रास्ता तय करना होगा, और देश की समग्र आर्थिक मजबूती उसे एक अतिरिक्त लाभ प्रदान करेगी। वित्त मंत्री ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि अब यह पूरी तरह साफ हो चुका है कि वैश्विक व्यापार 'मुक्त और निष्पक्ष' नहीं रह गया है। भारत पर अक्सर लगाए जाने वाले आरोपों का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा, भारत को यह कहकर लेक्चर दिया जा सकता है कि आप बहुत अंतर्मुखी हैं, आप 'टैरिफ किंग' हैं, वगैरह। लेकिन हकीकत यह है कि आज टैरिफ को ही हथियार बना दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का इरादा कभी भी शुल्कों को हथियार बनाने का नहीं रहा। भारत ने केवल अपने घरेलू उद्योगों को उस 'बाढ़' से बचाने के लिए कदम उठाए हैं जो किसी 'शिकारी' द्वारा की जाती है। उनका इशारा उन देशों की ओर था जो अनुचित व्यापार व्यवहार के जरिए भारतीय बाजारों में अपना सामान डंप करते हैं।

### *बिना आलोचना के थोपे जा रहे नए प्रतिबंध*

*वित्त मंत्री ने वैश्विक दोहरे मापदंडों पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि आज व्यापार का यह हथियारीकरण बिना किसी आलोचना के हो रहा है। उन्होंने कहा, कुछ देश कहते हैं कि टैरिफ अच्छे नहीं हैं और किसी को भी ये उपाय नहीं करने चाहिए, लेकिन अचानक हमारे सामने नए लोग आ रहे हैं जो कह रहे हैं कि हम टैरिफ बाधाएं लगाएंगे और उन पर कोई सवाल भी नहीं उठा रहा।*

### सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत

सीतारमण ने कहा, टैरिफ और दूसरे कई उपायों से व्यापार का हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। भारत को ऐसी स्थिति में सावधानीपूर्वक अपना रास्ता बनाना होगा। सिर्फ टैरिफ का ध्यान रखना ही काफी नहीं है, मुझे लगता है कि कुल मिलाकर हमारी अर्थव्यवस्था की ताकत ही हमें वह अतिरिक्त लाभ देने वाली है।

### *अमेरिका और मेक्सिको के फैसलों का असर*

*वित्त मंत्री की ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब अमेरिका की ओर से लगाए गए भारी टैरिफ के कारण वैश्विक व्यापार बाधित हो रहा है। हाल ही में मेक्सिको ने भी उन देशों से आने वाले आयात पर उच्च शुल्क लगाने की घोषणा की है जिनके साथ उसका मुक्त व्यापार समझौता नहीं है। इन वैश्विक गतिविधियों ने भारत जैसे देशों के लिए अपनी व्यापारिक रणनीतियों पर पुनर्विचार करना जरूरी बना दिया है।*

**राहुल ने म्यूनिख में बीएमडबल्यू प्लांट देखा**

# कहा-भारत में मैन्युफैक्चरिंग में तेजी से आ रही है गिरावट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को जर्मनी में कहा, मैन्युफैक्चरिंग मजबूत अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ होती है। दुर्भाग्य से भारत में मैन्युफैक्चरिंग में गिरावट आ रही है। विकास को तेज करने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा उत्पादन करना होगा। मैन्युफैक्चरिंग का इकोसिस्टम बनाना होगा।

राहुल गांधी प्रोग्रेसिव अलायंस के आमंत्रण पर तीन दिन के दौरे पर आज जर्मनी पहुंचे। ये अलायंस दुनियाभर की 117 प्रगतिशील राजनीतिक पार्टियों का एक प्रमुख समूह है। राहुल ने पहले दिन म्यूनिख स्थित ऑटोमोबाइल कंपनी बीएमडबल्यू के मुख्यालय का दौरा किया। यहां उन्होंने विभिन्न कारों और मोटरसाइकिलों के बारे में जानकारी ली। राहुल देर रात बर्लिन के कार्यक्रम में भाग लेंगे। बीएमडबल्यू और टीवीएस ने पार्टनशिप में 450सीसी की यह एडवेंचर बाइक बनाई है। राहुल इस बाइक पर बैठे भी।


बीएमडब्ल्यू बाइक पर राहुल गांधी

**अग्नि पीठाधीश्वर रामकृष्णानन्द जी के आगमन से विशेष हुई पौष मास की सूर्योपासना, ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द जी का सारगर्भित उद्बोधन**

# सूर्य प्रत्यक्ष देव हैं उनके बिना जीवन और सत्कर्म की कल्पना असंभव

हरिभूमि, जबलपुर।

पौष मास के पावन अवसर पर श्री बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ, सिविक सेंटर मढ़ाताल में विश्वकल्याणार्थ आयोजित मास पर्यन्त सूर्योपासना उस समय विशेष आध्यात्मिक गरिमा से सम्पन्न हुई, जब अग्निपीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्मर्षि रामकृष्णानन्द जी महाराज का दिव्य आगमन हुआ। उनके सान्निध्य में सम्पन्न इस पावन अवसर पर ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सूर्योपासना के गूढ़ आध्यात्मिक रहस्यों पर प्रकाश डाला।



### सिद्धपीठ में महारुद्राभिषेक और सूर्यनारायण का सहस्त्रार्चन

अग्निपीठाधीश्वर रामकृष्णानन्द जी महाराज एवं ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द जी महाराज के सान्निध्य में सर्वप्रथम भगवान देवाधिदेव महादेव का विधिवत महारुद्राभिषेक किया गया। इसके पश्चात भगवान श्री सूर्यनारायण को अर्घ्य अर्पित कर पाटल्य पुष्पों से सहस्त्रार्चन सम्पन्न हुआ। वैदिक ब्राह्मणों के मंत्रोच्चारण से सम्पूर्ण परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से अनुप्राणित हो उठा।

### ऐसे देव जिनके दर्शन नित्य होते हैं

अपने उद्बोधन में ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द जी महाराज ने कहा कि भगवान सूर्यनारायण प्रत्यक्ष देव हैं, जो प्रतिदिन हमारे समक्ष उदित होकर अपने तेज से सम्पूर्ण सृष्टि को आलोकित करते हैं। अन्य देवताओं के दर्शन के लिए साधना की आवश्यकता होती है, किंतु सूर्य के दर्शन प्रत्येक प्राणी को सहज रूप से प्राप्त होते हैं। यही कारण है कि सूर्योपासना को सबसे सरल और प्रभावशाली साधना कहा गया है।

### वेदत्रयरूप सविता देव हैं भगवान सूर्य

उन्होंने बताया कि भगवान सूर्य ऋक्, यजुः और साम तीनों वेदों के साक्षात स्वरूप हैं। वे सविता देव के रूप में समस्त प्राणियों को कर्म, चेतना और जीवन शक्ति प्रदान करते हैं। अग्नि और चन्द्रमा भी सूर्य के ही रूप हैं, जो जगत के संतुलन को बनाए रखते हैं।

### सूर्य के बिना सत्कर्म और अनुशासन असंभव

ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द जी महाराज ने कहा कि सूर्य के उदय के साथ ही मनुष्य में सत्कर्म की प्रवृत्ति जाग्रत होती है। सूर्य न केवल बाह्य अंधकार को दूर करते हैं, बल्कि अंतःकरण के अज्ञान, आलस्य और तमस को भी नष्ट करते हैं। सूर्योपासना से जीवन में अनुशासन, समयबद्धता और धर्म के प्रति निष्ठा का विकास होता है।

### सूर्योपासना से आरोग्य और मुक्ति का मार्ग

ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द जी महाराज ने बताया कि सूर्योपासना को आरोग्य, दीर्घायु, तेजस्विता और आत्मिक बल का मूल स्रोत बताते हुए कहा कि नियमित अर्घ्यदान और श्रद्धापूर्वक पूजन से मन, बुद्धि और आत्मा शुद्ध होती है। पौष मास में की जा रही यह सूर्य साधना केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व के कल्याण का माध्यम है।

### अविस्मरणीय बन गया कार्यक्रम

अग्निपीठाधीश्वर रामकृष्णानन्द जी महाराज के आगमन और ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द जी महाराज के ओजस्वी उद्बोधन से यह सूर्योपासना कार्यक्रम श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय बन गया।

**यह रहे उपस्थित**

पूजन में सुंदर पाण्डेय, श्याम नीता चौदाहा, मधु यादव, विजय ऊषा कटारिया, गीता राघवेन्द्र व्यास, आशीष आराधना चौकसे, प्रीति अग्रवाल, ऋचा मिश्रा, रीता मिश्रा, नीलू, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, पीयूष दुबे, अंकित दीक्षित, सोनू कुरेले, राहुल मौर्य, राज गुप्ता, गोविंदा साहू, शिव गुप्ता, लकी शर्मा, सुनील गुप्ता, रोहित तिवारी, मीडिया प्रभारी मनोज सेन समेत अनेकों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# मृदा संरक्षण व परीक्षण को जनआंदोलन बनाएं: डॉ. जी.के. कौतु

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर आयोजित मृदा जागरूकता सप्ताह का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी.के. कौतु ने विद्यार्थियों से मृदा परीक्षण, संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मिट्टी ही टिकाऊ कृषि, पोषण और पर्यावरण संतुलन की आधारशिला है।

समारोह की अध्यक्षता अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. जयंत भट्ट ने की। उन्होंने असंतुलित रासायनिक उपयोग से मिट्टी व पर्यावरण पर पड़ रहे दुष्प्रभावों की ओर ध्यान दिलाते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया। जबलपुर चेप्टर इंडियन सोसायटी ऑफ सॉइल साइंस के अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश दीक्षित ने कहा कि स्वस्थ मिट्टी ही स्वस्थ शहरों का आधार है और छात्र भविष्य में मृदा जागरूकता एंबेसडर की भूमिका निभाएंगे। सचिव डॉ. बी.एस. द्विवेदी ने सप्ताह भर चली विभिन्न प्रतियोगिताओं की जानकारी दी। समापन अवसर पर भाषण, क्विज, पोस्टर, रंगोली व कोलॉज प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन गायत्री तुरकर एवं आभार प्रदर्शन डॉ. जी.एस. टैगोर ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 115वें स्थापना दिवस पर स्वच्छता अभियान और वॉकाथन आयोजित



**जबलपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 115वें स्थापना दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए गौरीघाट तट पर स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य जागरूकता वॉकाथन का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छ-स्वस्थ वातावरण के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम आयुक्त श्री राम प्रकाश अहिरवार ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक के कम से कम उपयोग और स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख श्री अविनाश कुमार ने कहा कि बैंक केवल वित्तीय सेवाएँ ही नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों के प्रति भी जिम्मेदारी निभा रहा है। वॉकाथन में बैंक के अधिकारी, कर्मचारी, ग्राहक और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में संदेश तख्तियाँ लेकर ₹स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत₹ और ₹स्वच्छता अपनाएँ, देश को आगे बढ़ाएँ₹ जैसे नारों के माध्यम से जागरूकता फैलायी।

# चिप्स खरीदकर लौट रहे दोस्तों पर हमला

**जबलपुर।** थाना मदनमहल क्षेत्र में देर रात बदमाशों द्वारा दो युवकों के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जबाली पैलेस के पास धनवंतरीनगर संजीवनीनगर निवासी आशुतोष पाठक ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि बीती रात करीब 2:45 बजे वह अपने दोस्त रौनक उपाध्याय निवासी चावला अपार्टमेंट नेपियर टाउन ओमती, के साथ उसकी कार से साउथ एवेन्यू मॉल गौरीघाट रोड पर पिक्चर देखकर लौट रहे थे। रास्ते में मदनमहल स्थित 24×7 स्टोर से चिप्स खरीदकर जैसे ही वे दुकान के बाहर निकले, तभी ईशु, आजम और उनके अन्य साथी वहां पहुंचे। आरोप है कि आरोपियों ने शराब पीने के लिए 500 रुपये की मांग की। रुपये देने से मना करने पर सभी ने सड़क पर गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दीं। गालियां देने से मना करने पर आरोपियों ने किसी वस्तु से आशुतोष के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसे चोट आई। वहीं उसके साथी रौनक उपाध्याय के सिर पर भी हमला किया गया, जिससे खून निकलने लगा। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए कार से मौके से फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 119(1), 118(1), 296(ए), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

# जिला अमेच्योर शरीर सौष्ठव स्पर्धा सम्पन्न, आसिफ, विकास, अमित एवं संजू बने विजेता




**जबलपुर।** स्थानीय सिटी बंगाली क्लब में जिला अमेच्योर शरीर सौष्ठव संघ के तत्वावधान में आयोजित जिला अमेच्योर शरीर सौष्ठव स्पर्धा 2025 में 42 हेल्थ क्लब के 145 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता जिले के प्रतिष्ठित पांच खिताबों—जबलपुर उदय, जबलपुर किशोर, जबलपुर केसरी, जबलपुर कुमार और जबलपुर श्री—के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा रही। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमानजी के तैल चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर पूजा पाठ से किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद राम सोनकर, अध्यक्ष अवधेश यादव, तथा विशिष्ट अतिथि पार्षद रजनी साहू, मधुबाला राजपूत, ए.के. दुबे और बी.के. पाठक उपस्थित रहे। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सभी वर्गों के प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडे, पूर्व नेता प्रतिपक्ष दिनेश यादव, विशिष्ट अतिथि गुड्डु नबी, प्रदेश महासचिव राकेश तिवारी, अशोक कपूर और जय सचदेवा उपस्थित रहे।

विजेताः जबलपुर किशोरः मो. आसिफ, जबलपुर केसरीः विकास कनौजिया, जबलपुर कुमारः अमित पांडे, जबलपुर श्रीः संजू लोधी, उन्हें विजय पट्ट, आकर्षक ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और 10,500/- रुपये नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने सेंट्रल जेल का किया निरीक्षण



**जबलपुर।** मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन, जबलपुर द्वारा सेंट्रल जेल जबलपुर का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कैदियों के लिए भोजन व्यवस्था, रसोईघर की स्वच्छता, व्यक्तिगत साफ-सफाई, वस्त्र, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं जेल प्रबंधन की समग्र व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि सेंट्रल जेल जबलपुर में सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित, नियमित एवं मानवीय मानकों के अनुरूप संचालित की जा रही हैं। जेल परिसर में स्वच्छता, कैदियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को लेकर किए गए प्रबंध सराहनीय पाए गए। सुरक्षा व्यवस्था भी पूर्णतः संतोषजनक एवं अनुशासित स्तर की रही। उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के लिए संगठन की ओर से अध्यक्ष डॉ. अजय वाधवानी, महिला विंग प्रमुख एड. भावना निगम, सचिव एड. आशीष त्रिपाठी एवं उपाध्यक्ष डॉ. अभिषेक जैन द्वारा सेंट्रल जेल जबलपुर के एसपी अखिलेश तोमर को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संगठन ने जेल प्रशासन के मानवीय एवं अनुकरणीय कार्यों की प्रशंसा की।

# जिला कराटे चैम्पियनशिप पर मास्टर संघ कराटे एकेडमी का कब्जा



**जबलपुर।** कराटे डेवलपमेंट एसोसियेशन द्वारा 43वीं जबलपुर जिला कराटे चैम्पियनशिप जो 14 दिसम्बर को रानीताल खेल परिसर स्थित इनडोर हॉल में आयोजित की गई, जिसमें मास्टर संघ कराटे एकेडमी के अध्यक्ष महेन्द्र सोनकर ने बताया कि 16 गोल्ड, 14 सिल्वर तथा 15 कांस्य पदक जीतकर खिलाड़ियों ने ओवरऑल चैम्पियनशिप पर कब्जा किया। कोच की भूमिका भगवानदास काछी, जिज्ञासा काछी और विकास सैनी ने निभाई। पदक विजेताओं में मास्टर संघ कराटे अकादमी न्यू रामनगर, गोकुलधाम जिम आधारताल शाखा के उज्जवल चौकसे, विराज शाह, दैविक कुशवाहा, पार्थ चौरसिया रहे। साथ ही पवन झूरावत, श्रेया राजपूत, अवान अहमद ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया।

### इंजी. विनोद नयन गीत पराग के कार्यकारी संपादक मनोनीत

**जबलपुर।** गीत पराग पत्रिका की संपादक डॉ. गीता गीत द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार कवि, लेखक इंजी. विनोद नयन को गीत पराग पत्रिका का कार्यकारी संपादक मनोनीत किया गया। इस अवसर पर पं. अशोक मनोध्या, लेखराम कोरी, राकेश पाठक, विजय नेता, मथुरा जैन उत्साही, डॉ. मकबूल अली, डॉ. रानू राठौर रूही, डॉ. विनीता पांडेय विनीत, कृष्णा राजपूत, डॉ. संध्या पाठक आदि ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025/26/एम/195
दिनांक:- 17/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री दिनेश सावलानी (2)श्री मोहन कुमार सावलानी (3) श्री नरेश कुमार सावलानी तीनों के पिता स्व. श्री कुमार सावलानी ने मकान नं. 38/gf-518 जयंती काम्पलेक्स वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 240 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **NEETESH KUMAR NAMDEV** I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I SHALL BE KNOWN AS **NEETESH NAMDEV** S/O JAGDEESH PRASAD NAMDEV RESIDENT OF - CHHINDWARA CHOWK, KATNI BHAI KA WARD, TILAK WARD, SEONI (M. P.) 480661.
75AA 353073

**आम-सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि राजिन्दर सिंह मारवाहा पिता श्री के. एस. मारवाहा, निवासी- 38, फाईन एवेन्यू, नयापुरा कोलार रोड भोपाल ने अखिल कुमार पिता श्री ए. डेविड, निवासी- 487, गर्वमेंट अस्पताल के सामने, बरगी जबलपुर को ग्राम चौरई, प.ह.नं. - 134, तह. व जिला जबलपुर में स्थित खसरा क्रमांक-3 (S) रकवा 0.1000 हेक्टेयर, CLR No.-25009106174 हेतु प्रमाणीकृत मुख्त्यारनामा के द्वारा मुख्त्यार नियुक्त किया है जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय भोपाल में दि - 08 / 12 / 2025 को रजिस्ट्रेशन नं- एमपी43आईजीआर 16952025ए401116857 पर पंजीयत हुआ है। यह कि मैंने व्यस्तता के कारण उनको मुख्त्यार नियुक्त किया था परन्तु मैं वर्तमान में उपरोक्त संपत्ति के दस्तावेज का पंजीयन स्वयं करना चाहता हूँ, किन्हीं तकनीकी कारणों से नियुक्त मुख्त्यार उपरोक्त समस्त कार्य नहीं कर सकेंगे इसलिये उनको नियुक्त किया गया प्रमाणीकृत मुख्त्यारनामा दि - 08/12/2025 को रजिस्ट्रेशन नं- एमपी43 आईजीआर 16952025ए401116857 को निरस्त करता हूँ तथा अखिल कुमार द्वारा उपरोक्त संपति के संबंध में पंजीयन करने का कोई अधिकार नहीं रहेगा तथा न ही उनके द्वारा पंजीयन संबंधी कोई कार्य मेरे उपर पाबंद होगें । यह कि आज दिन से उपरोक्त प्रमाणीकृत मुख्त्यारनामा दि-08/12/2025 रजिस्ट्रेशन नं-एमपी43आईजीआर 16952025ए401116857 सारहीन हो गया है एवं अस्तित्व में नहीं रहेगा।

जबलपुर
दिनांक-15/12/2025

भवदीय
आर.एस.अग्रवाल (एडवोकेट)
784, सतना बिल्डिंग, जबलपुर
संपर्क सूत्र मो.-8435153324 मो. नं.-9827017587

# भाजपा नगर महामंत्री बनने पर रंजीत पटेल का हुआ भव्य स्वागत



**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर के महामंत्री नियुक्त होने पर रंजीत पटेल का रंजीत पटेल मित्र मंडली के द्वारा दीनदयाल चौक एवं यादव कॉलोनी चौक पर भव्य स्वागत किया गया। नवनियुक्त महामंत्री रंजीत पटेल ने कहा कि भाजपा जबलपुर महानगर के महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्व की जिम्मेदारी सौंपकर संगठन ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसके लिए मैं हृदय से प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा एवं जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर का आभारी हूँ। कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, सांसद द्वय आशीष दुबे, सुमित्रा बाल्मिक, विधायक द्वय अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे तथा समस्त जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठजनों के स्नेह, मार्गदर्शन और विश्वास के लिए कोटि-कोटि धन्यवाद आभार।

संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए, पूर्ण निष्ठा, समर्पण और कर्मठता के साथ दायित्व निर्वहन का संकल्प करता हूँ। स्वागत कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अमर पटेल, रूपराम पटेल, सुजीत जैन, राघवेंद्र यादव, राहुल मिश्रा, आयुष चौबे, आकाश गुप्ता, अनिकेत चौरसिया, शरद पटेल, राहुल पटेल, नीरज जैन, कमल सिंह, पंकज पटेल, सोनू अग्रवाल, संदीप पाठक, त्रिलोक नायडू, मयंक मिश्रा, दीपू कनोजिया, अनुज चौरसिया, चिन्मय जोशी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# पेंशन आदेश मिलने पर बधाई दी

**जबलपुर।** आज भारतीय जीवन बीमा निगम में जबलपुर मंडल के बीमा कर्मचारियों एवं पेंशनर साथियों ने मंडल कार्यालय परिसर में दोपहर भोजनावकाश के समय 1.30 बजे द्वार सभा कर डी.एस. नाकरा के पक्ष में माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गए पेंशन आदेश को याद कर सभी को बधाई दी। सभी साथियों ने नारे लगाते हुए शपथ ली कि अपने अधिकार के लिए हम हमेशा मिलकर लड़ते रहेंगे। इस अवसर पर जबलपुर पेंशनर एसोसिएशन से विनय कुमार गुप्ता, महासचिव हीरालाल कुशवाहा, विवेकशील हरदहा, अमोल कामले सहित भारी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं पेंशनर साथी उपस्थित रहे।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025/26/एम/196
दिनांक:- 17/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री धर्मेन्द्र कुमार जैन पिता श्री नरेश चन्द्र जैन (2)श्रीमती चन्द्रप्रभा जैन पति श्री धर्मेन्द्र कुमार जैन ने मकान नं. 906/5 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 750 व.फु., प्रथम तल 750 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**न्यायलय तहसीलदार, तहसील अधारताल**
रा.प्र.क्र. 1934 / अ-6 / 2025-26
जबलपुर, दिनांक.16/12/2025

**/ / आम इश्तहार / /**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री/श्रीमती श्री गणेश प्रसाद जयसवाल पिता/पति-श्री गोकुल प्रसाद जयसवाल ग्राम/नगर / 586/85, पुत्री शाला बेलबाग रोड, छोटी ओमती, जबलपुर का मूल निवासी हूँ। मेरे द्वारा विक्रेता श्री कसौधन वैश्य गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, निवासी-जबलपुर से भूमि मौजा- माढ़ोताल, न.ब. 660 प.ह.नं. 01 रा.नि.म. - माढ़ोताल, तहसील - अधारताल, भूमि खसरा न. 112/1/29/1/1/1/1/1/1रकवा 2400 वर्गफुट भूखंड क्रमांक 79 जिला जबलपुर में स्थित पंजीकृत दस्तावेज/विक्रय पत्र द्वारा 3711 से दिनांक- 20/06/1988 को विक्रय पत्र के आधार पर की गई भूमि का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वर्तमान में भूमि श्री / श्रीमती विक्रेता कसौधन वैश्य गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित के नाम दर्ज है। तत्संबंध में नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वो अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 31/12/2025 तक कार्यालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-16/12/25
पेशी दिनांक-31/12/25

मुद्रा

नायब तहसीलदार
तहसील अधारताल जबलपुर

दावा


न नदी, न समंदर, वैज्ञानिक भी रह गए हैरान


# धरती की इस जगह पर छिपा है पानी का सबसे बड़ा खजाना

पानी की बात करते ही हमारे दिमाग में यही आता है कि समंदर में सबसे ज्यादा पानी है। आपको बता दें कि धरती पर पानी का सबसे बड़ा भंडार न तो किसी नदी में है और न ही किसी महासागर में है।

**लंदन।** वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी के अंदर हमारी पैरों के नीचे करीब 1,609 किलोमीटर गहराई में एक ऐसा जल-भंडार छिपा है, जो प्रशांत महासागर से भी बड़ा हो सकता है। यह पानी लिक्विड रूप में नहीं, बल्कि एक खास खनिज के भीतर बंद है और अरबों सालों से वहीं पर ही है।

बता दें कि वैज्ञानिकों का दावा है, पृथ्वी की निचली परत जिसे मेंटल कहा जाता है, उसके अंदर पानी की बहुत बड़ी मात्रा मौजूद हो सकती है। यह पानी इतना ज्यादा हो सकता है कि प्रशांत महासागर भी इसके सामने छोटा लगने लगे। धरती के अंदर एक ऐसा छिपा हुआ महासागर हो सकता है, जो अरबों सालों से ठोस चट्टानों के भीतर कैद पड़ा





## पानी को पकड़ने वाला खनिज

साइंस जर्नल में प्रकाशित एक रिसर्च में वैज्ञानिकों ने बताया कि धरती की गहराई में पाया जाने वाला एक आम खनिज, ब्रिजमैनाइट पहले के अनुमान से कहीं ज्यादा पानी जमा कर सकता है। रिसर्च में यह भी सामने आया कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, यह खनिज और ज्यादा पानी अपने भीतर सोख लेता है। इससे यह संकेत मिलता है कि धरती का काफी पानी सतह पर आने के बजाय अंदर ही फंसा रह गया है।

## क्या शुरुआत से था पानी?

एक रिपोर्ट की माने तो पहले माना जाता था कि पृथ्वी का केंद्र पूरी तरह सूखा है। हालांकि, नई रिसर्च बताती है कि हमारा ग्रह शायद शुरुआत से ही इस अंदरूनी जल-भंडार के साथ बना था। ऐसा भी हो सकता है कि यह भंडार आज भी धरती के जिओलॉजिकल प्रोसेस को प्रभावित कर रहा हो।

## कितनी गहराई में है यह पानी

यह ना दिखाई देने वाला जल-भंडार हमारे पैरों के नीचे लगभग 1609 किलोमीटर की गहराई में मौजूद है। इतनी गहराई तक पहुंचना फिलहाल इंसान के लिए संभव नहीं है इसलिए यह पानी आज भी पूरी तरह रहस्य बना हुआ है। आपको बता दें कि यह पानी किसी झील या समुद्र की तरह तरल रूप में नहीं है। ब्रिजमैनाइट के अंदर पानी हाइड्रोजन परमाणुओं के रूप में खनिज की तरह बंधा हुआ है। यह ठोस चट्टानों के अंदर छिपा हुआ एक महासागर जैसा है।

## यह रिसर्च किसने की?


यह रिसर्च वेनहुआ लू के नेतृत्व में कार्नेगी इंस्टीट्यूशन फॉर साइंस के वैज्ञानिकों ने की। उन्होंने धरती के शुरुआती दौर की परिस्थितियों को समझने के लिए हाई-प्रेशर और हाई-टेम्परेचर प्रयोग किया। इन एक्सपेरीमेंट में 3,700 केल्विन से ज्यादा तापमान और 7 लाख एटमॉस्फियर से अधिक दबाव की स्थिति बनाई गई। जिससे निचले मेंटल की असली हालत को समझा जा सके।

# चांद पर कंपन कैसे हो रहा? बस्तियां बसाने वाले प्लान को लगा झटका

**वॉशिंगटन।** पहले कहानियों में चांद पर बसने की बातें होती थीं, लेकिन अब साइंटिस्ट इस दिशा में काम भी कर रहे हैं। चीन, नासा, भारत चांद पर इंसानों को भेजने और वहां बेस बनाने की दिशा में प्रयासरत हैं। रूस और चीन तो 10 साल के अंदर चांद पर पॉवर प्लांट बनाने की तैयारी में हैं। अब चांद पर कंपन का पता चला है।

**चांद पर आ रहे भूकंप :** दो महीने से भी कम समय बाद नासा चार एस्ट्रोनॉट्स को चांद पर भेजने वाला है। 10 दिन का यह मिशन चांद पर उतरने और धरती पर सुरक्षित लौटने का होगा। क्रू तैयार है। इसके बाद 2027 का अलग प्लान है। इस बीच, एक स्टडी से चांद पर बस्ती बसाने के प्लान को शुरुआती झटका लगा है। हां, पता चला है कि चांद पर भी धरती की तरह भूकंप आ रहे हैं। इससे आप चांद पर कहीं भी ज्यादा दिन रहने के बारे में नहीं सोच सकते।

चांद पर कंपन नया खतरा पैदा कर रहा है। बडे. साइंटिस्ट थॉमस आर वाटर्स और यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड के भूविज्ञानी निकोलस शमेर ने एक स्टडी में पाया है कि चांद पर बार-बार मून क्वेक आते हैं और इस कारण अपोलो 17 के लैंडिंग वाले इलाके में बदलाव भी हुआ है। कुछ साइंटिस्टस इसकी वजह उल्कापिंडों का टकराना मान रहे थे।



## कैसे पता लगाया चांद पर भूकंप?

साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित स्टडी में वाटर्स और शमेर ने बताया है कि उन्होंने ली-लिंकन फॉल्ट के पास 3 की तीव्रता के झटकों का अनुमान लगाने के लिए चट्टानों के निशानों और भूस्खलन का अध्ययन किया। शमेर ने कहा कि उनके पास मोशन को मापने वाले उपकरण नहीं थे, इसलिए उन्होंने सतह के सुरागों पर भरोसा किया।

## चांद पर कहीं भी बस्ती नहीं

वाटर्स ने आगाह किया है कि भविष्य में चांद पर बेस या कहें कि बस्तियां बसाने की योजना बनाते समय इन सक्रिय फॉल्ट पर गौर करना होगा, क्योंकि ये एक्टिव हैं। वैसे उन्होंने यह भी कहा कि नुकसान पहुंचाने वाले भूकंप की रोजाना संभावना 20 मिलियन में से एक ही है, लेकिन लंबे समय तक रहने से जोखिम बढ़ जाता है। इसका मतलब यह है कि चांद पर रहने की जगहें सक्रिय फॉल्ट लाइन से काफी दूर बनानी होंगी।

## गंभीरता से करना होगा विचार

चांद पर ही टॉरस-लिट्रो वैली में बड़े-बड़े पत्थर बिखरे हुए दिखे हैं। हो सकता है कि कुछ उल्कापिंडों के टकराने से निकले हों, लेकिन कई पत्थरों के पास कोई क्रेटर के निशान नहीं हैं। सीनियर साइंटिस्टों ने इन पत्थरों का ऊंची ढलानों पर भी पता लगाया। पता चला कि उनके निशान टक्कर से बने मलबे के पैटर्न की बजाय भूकंपीय कंपन से ज्यादा मिलते हैं। नासा के साइंटिस्टों या एलन मस्क जैसे दिग्गजों को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा।

# क्योटो में झड़ते बालों के लिए मांगी जाती है दुआ, गंजेपन से परेशान लोग करते हैं अनुष्ठान

**टोक्यो।** वर्तमान समय में दुनिया के ज्यादातर लोग झड़ते बालों से परेशान हैं। अब इस बीच एक मंदिर वायरल हो रहा है, जहां पर झड़ते बालों के लिए चिट्ठी लिखा जाती है। यह मंदिर जापान के क्योटो शहर के अराशियामा इलाके में मशहूर बैंबू फॉरेस्ट के पास स्थित है। अब दुनियाभर में लोगों का ध्यान अपनी अनोखी मान्यता के कारण खींच रहा है। मंदिर का नाम है मिकामी श्राइन है। यहां पर सुख और सफलता के लिए लोग मन्नत नहीं करते, बल्कि अपने बालों की सेहत के लिए प्रार्थना करते के लिए पहुंचते हैं।

**हेयरड्रेसर को समर्पित है मंदिर :** इस मंदिर की स्थापना 1960 में हुई थी, जो मिकामी श्राइन को फुजीवारा उनेमेनोसुके मसायुकी को समर्पित है। इन्हें जापान का पहला हेयरड्रेसर माना जाता है। बताया जाता है कि उनके काम से प्रभावित होकर सदियों तक जापान में नाई और हेयर सैलून हर महीने 17 तारीख को उनकी पुण्यतिथि के दिन अपनी दुकान बंद रखते हैं। इसके कारण अभी भी बड़ी संख्या में बार्बर, हेयर स्टाइलिस्ट और ब्यूटीशियन इस मंदिर में आशीर्वाद लेने के लिए आते हैं।

# पाकिस्तान सरकारी विमानन कंपनी में पूरी हिस्सेदारी बेचेगा

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने सार्वजनिक क्षेत्र की विमानन कंपनी पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) में अपनी पूरी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। स्थानीय मीडिया में बुधवार को आई खबरों के मुताबिक निजीकरण प्रक्रिया में शामिल बोलीदाताओं ने सौदे के बाद सरकार की किसी भी भूमिका के बिना पूर्ण प्रबंधन नियंत्रण की मांग की थी।

बोली 23 दिसंबर को होनी है और घाटे में चल रही राष्ट्रीय विमानन कंपनी की 75 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए शुरुआत में बोली लगाई जाएगी।

विजेता बोलीदाता को एक महीने के भीतर बाकी 25 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का विकल्प दिया जाएगा, जिसके लिए उसे 12 प्रतिशत का प्रीमियम भी देना होगा। यह अतिरिक्त 12 प्रतिशत इसलिए लिया जाएगा, क्योंकि खरीदार को तत्काल भुगतान के बजाय एक साल तक भुगतान टालने की अनुमति दी जाएगी।



- पीआईए घाटे में चल रही है
- बोली 23 दिसंबर को होनी है

# शौक हो तो ऐसा! घर की छत पर खड़ा कर दिया 10 चक्का ट्रक

**जबलपुर।** अगर आप किसी ट्रक को मकान की छत पर खड़ा देखें तो क्या सोचेंगे? पहले तो आप हैरत में पड़ जाएंगे। उसके बाद मन में तरह-तरह के सवाल आएंगे। कुछ ऐसा ही होता है, जब जबलपुर-नागपुर हाईवे से गुजरते समय। यहां एक मकान की छत पर बड़ा सा ट्रक खड़ा है। दरअसल, ये ट्रक एक क्लिनर की मेहनत की निशानी है। ट्रक की सफाई से शुरू हुआ सफर, ट्रक मालिक तक पहुंच चुका है। इस सफर में क्लिनर से मालिक बने शख्स की ट्रक से दोस्ती हो गई। आज दोस्त ट्रक उनके दो मंजिला



मकान की छत पर खड़ा है। खास बात ये कि ट्रक अब भी चालू हालत में है। यह सफलता की कहानी जबलपुर के कारोबारी अमरकांत पटेल की है, जो दसवीं हो गए थे। फिर उन्हें कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि आगे क्या करें। इसके बाद उन्होंने ट्रक में क्लिनर का काम शुरू किया। घर में महज जमीन का टुकड़ा था। फेल होने के बाद घर के लोग डांटा करते थे। इसके बाद उन्होंने छोटी सी उम्र में परिवार से दूरी बनाकर, ट्रक में चलना सही समझा। ट्रक क्लिनर का काम शुरू किया। इसी दौरान अमरकांत ने क्लीनर का काम करते हुए ट्रक को अपना दोस्त बना लिया। अमरकांत ट्रक की कंडक्टिंग भी कर लेते थे, लेकिन उन्होंने सोचा, क्यों न ट्रक ड्राइविंग करना भी सीखा जाए।

कौशल एवं प्रदर्शन पर रहेगा जोरः रिपोर्ट

# अगले साल नौ प्रतिशत वेतन वृद्धि का अनुमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के औसत वेतन में अगले साल करीब नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी होने की संभावना है। इस दौरान कंपनियां बोनस, कौशल और प्रदर्शन को भी ज्यादा अहमियत देंगी। वैश्विक सलाहकार कंपनी 'मर्सर' की वेतन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2026 के मुताबिक, , कंपनियां अब वेतन और लाभ की ऐसी व्यवस्था बना रही हैं, जिसमें कर्मचारी को सिर्फ पैसा ही नहीं, बल्कि करियर में आगे बढ़ने और बेहतर कामकाजी अनुभव भी मिले।



## वेतन वृद्धि में ये कारण प्रमुख कारक

रिपोर्ट कहती है कि वेतन बढ़ोतरी के फैसले में कर्मचारी का व्यक्तिगत प्रदर्शन, महंगाई का असर और नौकरी बाजार में कंपनी की प्रतिस्पर्धी स्थिति जैसे प्रमुख कारक अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस सर्वेक्षण में 1,500 से ज्यादा कंपनियों और 8,000 से अधिक पदों का विश्लेषण किया गया।

## प्रदर्शन से जुड़े बोनस पर ज्यादा जोर

रिपोर्ट बताती है कि अब अल्पकालिक प्रोत्साहन यानी प्रदर्शन से जुड़े बोनस पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। साथ ही कंपनियां कौशल पर आधारित सांगठनिक ढांचे की तरफ कदम बढ़ा रही हैं, ताकि जरूरी और दुर्लभ कौशल वाले कर्मचारियों को बेहतर पहचान और भुगतान मिल सके।

## उच्च प्रौद्योगिकी वाले क्षेत्रों में सर्वाधिक वेतन वृद्धि

मर्सर की सलाहकार प्रमुख (भारत) मालती के.एस. ने कहा, /"सर्वेक्षण से पता चलता है कि भारत में कंपनियां लागत दबाव और अच्छी प्रतिभाओं को बनाए रखने के बीच वेतन वृद्धि की योजना पर टिकी रहेंगी।/" क्षेत्रवार देखें तो वर्ष 2026 में सर्वाधिक वेतन वृद्धि उच्च प्रौद्योगिकी वाले क्षेत्रों और वाहन उद्योग में होने की उम्मीद है।

## नए श्रम कानून से सुरक्षा होगी मजबूत

डिजिटल बदलाव, कृत्रिम मेधा (एआई) और उत्पादकता की बढ़ती जरूरतों के चलते कर्मचारियों के कौशल आधारित भुगतान का रुझान तेज हुआ है।रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नए श्रम कानूनों के लागू होने से सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं अधिक मजबूत होंगी।

## वाहन उद्योग का वेतन 9.5 फीसदी बढ़ सकता है

इस दौरान उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्र में वेतन 9.3 प्रतिशत बढ़ने की संभावना है जबकि वाहन उद्योग का वेतन 9.5 प्रतिशत बढ़ सकता है। वहीं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), आईटी से जुड़ी सेवाएं (आईटीईएस) और वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के कर्मचारी सुविधाओं एवं खुशहाली के मामले में आगे बने हुए हैं।

# एनसीएलटी ने फ्लिपकार्ट के पुनर्गठन को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने फ्लिपकार्ट की आठ इकाइयों के विलय को मंजूरी दे दी है। इससे ऑनलाइन बाजार की इस दिग्गज कंपनी को सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने में मदद मिलेगी।

न्यायाधिकरण ने सिंगापुर में पंजीकृत आठ कंपनियों के बेंगलुरु स्थित परिचालन इकाई फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड में विलय से जुड़ी योजना को मंजूरी दी है। अब इस मामले को कंपनी पंजीयक (आरओसी) के पास ले जाने से पहले फ्लिपकार्ट को सिंगापुर की अदालत से भी मंजूरी लेनी होगी। सूत्रों के अनुसार यह मंजूरी प्रेस नोट तीन के तहत आवश्यक स्वीकृति पर भी निर्भर है, जिसके तहत भारत के साथ स्थल सीमा साझा करने वाले देशों से आने वाले निवेश के लिए सरकारी मंजूरी अनिवार्य होती है।

एनसीएलटी के आदेश को वॉलमार्ट के स्वामित्व वाले समूह के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है, जो भारत में लंबे समय से आईपीओ लाने की तैयारी में है। सिंगापुर स्थित आठ कंपनियां — फ्लिपकार्ट हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड, क्विकरूट्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस प्राइवेट लिमिटेड, एफके मिंत्रा होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, फ्लिपकार्ट इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, क्लिक2शॉप लॉजिस्टिक्स सर्विसेज इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, फ्लिपपे प्राइवेट लिमिटेड और फ्लिपकार्ट प्राइवेट लिमिटेड हैं।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## शब्द पहेली - 6081



**बाएँ से दाए**
1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा-2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा-2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

**शब्द पहेली - 6080 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | य | ती | म | खा | ना | ■ | म | हा | बी | र |
| क | क्ष | ■ | हा | ■ | ना | ह | क | ■ | र | म |
| हा | ■ | ना | न | सें | स | ■ | र | मा | ■ | जा |
| नी | र | ब | ता | ■ | सु | र | ■ | न | म | न |
| का | ■ | खे | ■ | अ | र | क्त | ■ | ■ | सी | ■ |
| र | वा | ना | हो | ना | ■ | पा | ल | न | हा | र |
| ■ | ह | ■ | ■ | चा | ह | त | ■ | का | ■ | च |
| का | न | न | ■ | र | म | ■ | ब | र | सा | ना |
| म | ■ | र | ज | ■ | स | का | र | ना | ■ | का |
| धा | र | ■ | खि | ला | फ | ■ | स | ■ | भो | र |
| म | स | ख | रा | ■ | र | म | ता | जो | गी | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6091

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6090 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |



हेल्थ क्वेस्ट

**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब पेट में बार-बार महसूस होता हो दर्द



**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मुझे सप्ताह में एक दो बार अपने पेट के बाईं तरफ दर्द महसूस होता है, फिर कुछ देर में ठीक भी हो जाता है। कृपया इसका उपचार बताएं।**

**-प्रकाश, बिलासपुर**

पेट में इस तरह के दर्द के कई कारण हो सकते हैं। कई बार संक्रमण की वजह से ऐसा होता है तो कई बार पाचन क्रिया प्रभावित होना भी इसकी वजह बन सकता है। हालांकि कई लोगों में स्टोन की वजह से भी कभी-कभी दर्द उठता है, इसलिए एक बार डॉक्टर से संपर्क करना ही बेहतर रहेगा। जांच करने के बाद ही इसकी वजह पता चलेगी और इलाज किया जा सकेगा। फिलहाल आप बाहर का फास्ट फूड और अधिक ऑयली फूड खाना बिल्कुल बंद कर दें। घर का बना सादा खाना ही खाएं।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। सर्दी के मौसम में अकसर मेरे चेहरे पर सूजन हो जाती है। कृपया बताएं ऐसा क्यों होता है और इसका उपचार क्या है?**

**-सेवाराम, महेंद्रगढ़**

आपने यह नहीं बताया कि आपको शुगर की समस्या तो नहीं है। क्योंकि कई बार शुगर बढ़ने की वजह से सूजन आ जाती है। सर्दियों के मौसम में फिजिकल एक्टिविटीज कम हो जाती हैं और शुगर लेवल बढ़ जाता है। अगर ऐसा है तो आपको डॉक्टर से तुरंत संपर्क करना चाहिए। अगर शुगर समस्या नहीं है तो भी आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क करना पड़ेगा वह फिजिकल एग्जामिन करने के बाद ही कुछ बता पाएंगे।

**मेरी उम्र 49 वर्ष है। मुझे बार-बार भूख महसूस होती है। प्लीज बताएं भूख और वेट कैसे कंट्रोल करूं?**

**-भवेश, रायपुर**

सबसे पहले आप शुगर की जांच कराएं। कई बार शुगर बढ़ने के बाद भूख बहुत लगती है। हालांकि आप बता रहे हैं कि आपका वजन भी बढ़ रहा है तो इसकी वजह थायरॉइड भी हो सकती है। इसलिए बगैर जांच किए कुछ कहना ठीक नहीं है। आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**मेरी उम्र 42 वर्ष है। लगभग साल भर से मेरे मुंह में छाले होते रहते हैं। ठीक होकर फिर हो जाते हैं। प्लीज इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-सुनील किशोर, ईमेल से**

अगर लगातार छाले रहते हैं तो यह ठीक नहीं है। आप इसे हल्के में ना लें, तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वे आपकी कुछ जांच कराएंगे, जिससे पता चलेगा ये छाले नॉर्मल है या और भी वजह है क्योंकि कई बार गंभीर बीमारी के भी लक्षण हो सकते हैं। इसलिए बगैर देर किए आप डॉक्टर से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। मुझे कभी कब्ज तो कभी लूज मोशन की समस्या होती रहती है। इसका स्थाई निदान बताएं।**

**-मनोहर, बिलासपुर**

आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है, जिस वजह से इस तरह की समस्या आ रही है। इसके लिए सबसे पहले आप बाजार का खाना और पैक्ड फूड्स खाना बिल्कुल बंद कर दें। घर का खाना खाएं। दोपहर में खाने के साथ दही और सलाद जरूर खाएं। रात का खाना बिल्कुल हल्का खाना चाहिए। खाने और सोने के बीच में 3 घंटे का गैप जरूर होना चाहिए। इन बदलावों से आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। कुछ महीने पहले मुझे चिकनपॉक्स हुआ था। मेरे चेहरे और बॉडी पर इसके निशान रह गए हैं। कृपया बताएं ये कैसे ठीक होंगे?**

**-कुणाल, दुर्ग**

इसके निशान धीरे-धीरे जाते हैं। कई बार गहरे निशान हुए तो लंबा समय लग जाता है। हालांकि कई बार निशान जाना मुश्किल हो जाता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। वे एग्जामिन करके यह बताएंगे कि दाग जाने लायक है या नहीं है और अगर है तो उसके लिए ट्रीटमेंट शुरू कर देंगे। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**



डॉक्टर्स एडवाइस

**डॉ. प्रवीण कहाले**

कार्डियोलॉजिस्ट-कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

हालांकि हर मौसम में दिल की सेहत पर ध्यान देना जरूरी है, किंतु सर्दियों के मौसम में इस संदर्भ में विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि आमतौर पर सर्दियों में अन्य मौसमों की तुलना में रक्त में कहीं ज्यादा गाढ़ापन आ जाता है, जिससे रक्त में थक्का (क्लॉट) बनने लगता है। हार्ट अटैक के ज्यादातर मामले रक्त के थक्कों के बनने से होते हैं। ऐसे थक्के हृदय की धमनियों या रक्त नलिकाओं के मार्ग को बाधित करते हैं, जो कालांतर में दिल के दौरे का कारण बनते हैं।

इसके अलावा, तापमान में गिरावट का दुष्प्रभाव हृदय की धमनियों (कोरोनरी आर्टरीज) पर भी पड़ता है, जिस कारण वे सिकुड़ जाती हैं। ऐसी स्थिति में रक्त संचार प्रक्रिया के दौरान धमनियों की आंतरिक दीवारों पर रक्त का दबाव ज्यादा पड़ता है, यह स्थिति उच्च रक्तचाप को बढ़ाती है।

### हाई बीपी में लापरवाही न बरतें

इंडियन हार्ट एसोसिएशन (आईएचए) के अनुसार उच्च रक्तचाप यानी हाई बीपी, हार्ट अटैक का एक प्रमुख कारण है। इंडियन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार गर्मियों की तुलना में सर्दियों में दिल के दौरों के मामले लगभग 26 फीसदी से अधिक बढ़ जाते हैं। जब धमनियों की आंतरिक दीवार पर रक्त संचार का दवाब 140/90 के पार पहुंच जाता है तो यह स्थिति उच्च रक्तचाप कहलाती है। इस कंडीशन में लापरवाही न बरतें।

### इन लक्षणों पर दें ध्यान

- सीने में भारीपन या दर्द महसूस होना।
- बिना कारण बेचैनी होना।
- बार-बार चक्कर आना।
- बार-बार पसीना आना।
- सांस तेज लेना या फिर सांस फूलना।
- सिर भारी होना या सिरदर्द।



### हाई बीपी पर नियंत्रण जरूरी

वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अनुसार अकसर तनावग्रस्त रहना, उच्च रक्तचाप को बुलावा देना है। उच्च रक्तचाप अस्वास्थ्यकर जीवनशैली (समुचित खान-पान और व्यायाम का अभाव और नकारात्मक सोच-विचार) का नतीजा है, जो कालांतर में हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाता है। इसलिए इन सुझावों पर अमल करें।

- असहज महसूस करने पर ब्लड प्रेशर चेक करें।
- अपने रक्तचाप को 120/80 रखने का प्रयास करें। इस संबंध में डॉक्टर से कंसल्ट करें।
- जंक फूड्स से परहेज करें।
- आहार में हरी सब्जियों और फलों को वरीयता दें।
- आमतौर पर एक स्वस्थ व्यक्ति को प्रतिदिन अपने भोजन में विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए 5 ग्राम (आधी छोटी चम्मच) से अधिक नमक का सेवन नहीं करना चाहिए।
- दिनचर्या में योगासन, प्राणायाम, व्यायाम और शारीरिक श्रम से संबंधित अन्य गतिविधियों को शामिल करें।

सर्दी का मौसम हार्ट पेशेंट्स के लिए काफी रिस्की होता है। इसलिए इस दौरान पेशेंट्स और उनके परिजनों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। डॉक्टर से रेग्युलर चेकअप, दवा लेने के साथ और किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है, यहां डिटेल में बता रहे हैं।

# सर्दी के मौसम में हार्ट पेशेंट्स ना बरतें जरा भी लापरवाही







### क्यों होते हैं हार्ट अटैक

हृदय में तीन प्रमुख धमनियां (आर्टरीज) होती हैं। जब इन तीनों में से किसी एक में या फिर अन्य में कई कारणों (जैसे धमनियों की आंतरिक दीवारों पर रक्त का थक्का जमने से धमनियों में अवरोध या ब्लॉकेज की समस्या उत्पन्न हो जाती है) से अचानक रक्त संचार रुक जाता है, तो इस स्थिति में दिल को ऑक्सीजन नहीं मिल पाती और उसकी कार्य प्रणाली ठप होने लगती है। इसी तरह एक अर्से तक अत्यधिक वसायुक्त खाद्य पदार्थ ग्रहण करने से धमनियों की आंतरिक दीवारों पर प्लाक (एक प्रकार की वसा) संचित हो जाता है, जिसके कारण भी धमनियां अवरुद्ध हो जाती हैं और दिल को ऑक्सीजन नहीं मिल पाती। यह स्थिति दिल का दौरा कहलाती है। समस्या की पहचान के लिए ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफी, टीएमटी, एंजियोग्राफी, लिपिड प्रोफाइल और रक्त परीक्षण आदि जांचें की जाती हैं।

### हार्ट अटैक के लक्षण

सीने में तेज दर्द होना, जो कंधे, बाजू और पीठ के पीछे तक जा सकता है। असहनीय बेचैनी होना और पसीना आना आदि।

### समस्या का निदान



धमनियों के अवरोध को दूर करने के लिए इंजेक्शन लगाए जाते हैं। इसके अलावा अगर तीनों धमनियों में अवरोध 70 प्रतिशत से कम है तो एंजियोप्लास्टी की जा सकती है और कुछ मरीजों में जरूरत पड़ने पर बाईपास सर्जरी भी। इस संदर्भ में प्रत्येक मरीज की स्थिति के अनुसार उसके इलाज की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाती है।

### सर्दी के मौसम में दें ध्यान

- जो लोग पहले से ही उच्च रक्तचाप या हृदय रोग से ग्रस्त हैं, उन्हें सर्दियों में धूप निकलने के बाद ही टहलने जाना चाहिए। ऐसा इसलिए, क्योंकि सुबह के वक्त वातावरण का तापमान कम होने से अत्यधिक ठंड होने के कारण धमनियों के सिकुड़ने का खतरा ज्यादा रहता है और यह स्थिति हार्ट अटैक का कारण बन सकती है।
- डॉक्टर द्वारा सुझाई गई दवाओं का नियमित रूप से सेवन करें। बहुत संभव है कि सर्दियों में डॉक्टर आपकी दवाओं की डोज को नए सिरे से सुनिश्चित करें।
- सर्दियों में आलस्य के कारण अनेक लोग अपने व्यायाम कार्यक्रम को स्थगित कर कंबल-रजाई में लिपटे रहना चाहते हैं, या फिर व्यायाम या शारीरिक परिश्रम के लिए समुचित समय नहीं निकालते। यह प्रवृत्ति सेहत के लिए ठीक नहीं है।
- सर्दियों में एक्स्पोजर से स्वयं को बचाएं। पर्याप्त ऊनी कपड़े पहनकर ही घर से बाहर निकलें।
- शराब और धूम्रपान से दूरी बनाएं। सर्दियों में एक बड़ी संख्या में लोग शराब और धूम्रपान के कहीं ज्यादा तलबगार हो जाते हैं। हालांकि डॉक्टर्स के अनुसार शराब और धूम्रपान का सेवन किसी भी मौसम में स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद नहीं है।
- सर्दियों में खून के गाढ़ा हो जाने का खतरा बढ़ जाता है, जिसके कारण धमनियों में रक्त के थक्के जमने लगते हैं। यह स्थिति हाई बीपी का कारण बन सकती है। इससे बचने के लिए अपने डॉक्टर द्वारा प्रिसक्राइब्ड ब्लड थिनर दवा लें।
- लहसुन रक्त को पतला करने वाला एक कुदरती ब्लड थिनर है, जिसका सेवन दिल की सेहत के लिए लाभप्रद है। *

### डायबिटिक पेशेंट्स को ज्यादा रिस्क



**वर्ल्ड डायबिटीज** फेडरेशन के अनुसार, रक्त शर्करा के अनियंत्रित रहने से कालांतर में हृदय रोग होने का जोखिम उन लोगों की तुलना में दोगुना बढ़ जाता है, जो इन समस्याओं से ग्रस्त नहीं हैं। इसलिए डायबिटिक रोगी कुछ बातों का ध्यान रखें। जो लोग डायबिटीज से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने ब्लड शुगर को डॉक्टर से परामर्श लेकर नियंत्रित रखना चाहिए। मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए अपने डॉक्टर के परामर्श के अनुसार दवाएं लें और सक्रिय जीवनशैली पर अमल करें। मधुमेह से ग्रस्त लोगों को साइलेंट हार्ट अटैक होने का जोखिम ज्यादा रहता है। साइलेंट हार्ट अटैक की मेडिकल कंडीशन में पीड़ित व्यक्ति को हार्ट अटैक से संबंधित लक्षण आमतौर पर महसूस नहीं होते। जैसे ऐसे लोग सीने में तेज दर्द या बेचैनी, चक्कर आना आदि महसूस नहीं करते, लेकिन किसी न किसी रूप में स्वयं को असहज महसूस करते हैं। ऐसी स्थिति में अगर संभव हो, तो पीड़ित व्यक्ति के परिजनों को उसका ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर चेक करना चाहिए या फिर अतिशीघ्र डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

हर्बल जोन

**रेखा देशराज**

## सर्दी से दिलाए राहत मुलेठी की गर्माहट





सर्दियों में मुलेठी (लिकोराइस) का उपयोग सदियों से होता आ रहा है। सर्दियों में मुलेठी हमारे शरीर को एक नहीं अनेक तरह से राहत पहुंचाती है। यह गले के संक्रमण से बचाव करती है, संक्रमित गले को ठीक करती है, आवाज बैठ जाए या सूखी खांसी का सिलसिला न बंद हो तो मुलेठी ही कारगर होती है। मुलेठी में एंटीइंफ्लेमेट्री और डिमल्सेंट गुण होते हैं, जो गले पर एक स्मूदिंग परत बनाते हैं ताकि गले की जलन कम हो और खांसी में आराम मिले। यह आपकी आवाज को सुचारु रूप से कामकाजी बनाए रखने के लिए और गले की खुश्की को सुधारने में भी सहायक होती है।

**बढ़ाती है इम्यूनिटी:** मुलेठी में ग्लायसिराइजिन यौगिक पाए जाते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। इसलिए सर्दियों में बार-बार होने वाली वायरल कोल्ड से बचने में मुलेठी कारगर मानी जाती है। यह हमारे श्वसन तंत्र के लिए भी फायदेमंद है। ठंड में कई बार सांस की नली में कफ जम जाता है, ऐसे में विशेषकर उन लोगों को जो अस्थमा जैसी समस्याओं के शिकार होते हैं, मुलेठी बहुत फायदेमंद साबित होती है, क्योंकि कफ को पतला करती है, म्यूकस मेंब्रेन को शांत करती है, छाती जकड़न में राहत देती है और शरीर की गर्माहट बनाए रखने में मददगार होती है। भारी सर्दियों में शरीर को होने वाले तनाव से भी मुलेठी बचाती है और इस मौसम में होने वाली थकान, कमजोरी या ठंड से ऐंठन में मुलेठी मदद करती है।

**पाचनतंत्र को रखे सही:** सर्दियों में जब हम भारी-भरकम, तले-भुने भोजन अधिक खा लेते हैं तो पेट में जलन पैदा होती है। गैस होती है और अपच की समस्या घेर लेती है। इनसे बचाव का रामबाण तरीका मुलेठी है। यह हमारे पाचनतंत्र को शांत करती है और म्यूकोसा लाइनिंग को हील करती है। त्वचा को रूखेपन से भी मुलेठी बचाती है, क्योंकि मुलेठी में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट त्वचा की ड्राइनेस को कम कर देते हैं।

**ऐसे करें सेवन:** मुलेठी को लेने का सबसे आसान तरीका यह है कि इसे मुंह में डालकर चूसते रहें। एक छोटा टुकड़ा पूरे दिन में एक या दो बार डालें और उसे दांतों से दबा-दबाकर चूसते रहें या फिर मुलेठी की चाय पीना भी मुलेठी लेने का एक बढ़िया तरीका है। आधा चम्मच मुलेठी पावडर या एक छोटे टुकड़े मुलेठी को एक कप पानी में हल्का उबालकर पिएं या फिर तुलसी, अदरक और कालीमिर्च के साथ उसका काढ़ा बनाएं, वो बहुत कारगर होता है। चाहें तो बाजार से मुलेठी का पाउडर खरीद लें, लेकिन बिना डॉक्टर के सलाह इसका इस्तेमाल न करें। *

डाइट सजेशन

**शिखर चंद जैन**

गर्मी की तुलना में सर्दी में लोग कम पानी पीते हैं। लेकिन शरीर में जरूरत के अनुसार हाइड्रेशन मेंटेन रहे, इसके लिए आपको कॉन्शस रहना होगा। विंटर सीजन में हाइड्रेशन मेंटेन करने के कुछ तरीकों के बारे में जानिए।


## सर्दी में ऐसे मेंटेन रहेगा हाइड्रेशन



गर्मी में तो हम धूप और पसीने से बेहाल होने पर जब प्यास लगती है तो पानी पी लेते हैं। लेकिन सर्दी के मौसम में प्यास न लगने पर अकसर पानी बहुत कम पीते हैं। इससे शरीर में डिहाइड्रेशन की शिकायत हो सकती है और कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। सर्दियों में पानी पीने की इच्छा कम होती है, इसलिए आपको कुछ ट्रिक्स अपनानी चाहिए, जिससे शरीर में पानी की कमी न हो सके।

**ज्यादा सलाद खाएं:** इन दिनों बाजार में सब्जियों और फलों की बहार है। तरह-तरह की सब्जियां और फल अपनी डाइट में शामिल करें। दिन में कम से कम 3-4 सर्विंग फ्रूट सलाद या वेजीटेबल सलाद की लें। कच्ची सब्जियां (टमाटर, मूली, खीरा) पोषक तत्वों और पानी से भरी होती हैं। इसी प्रकार अनार, संतरा आदि न सिर्फ प्रचुर फाइबर और पोषक तत्वों बल्कि पानी की कमी भी पूरी कर सकते हैं।





**पानी पीने का शेड्यूल बना लें:** अपनी कुछ गतिविधियों के साथ पानी पीने की आदत को जोड़ दें। जैसे ऑफिस पहुंचते ही दोपहर को लंच से आधा घंटा पहले। घर पहुंचते ही एक ग्लास पानी पिएं। इसके अलावा कुछ अन्य एक्टिविटीज से भी इसे जोड़ लें। दिन में दो-तीन बार रिफ्रेश होने के लिए पानी पिएं और सबसे अहम है सुबह की शुरुआत एक लीटर गुनगुना पानी से करें। यह पानी रात में तांबे के बर्तन में रखा हो, तो और फायदेमंद होगा।

**हर्बल चाय लें:** कैफीन शरीर का डिहाइड्रेशन करता है। इसलिए इस मौसम में चाय या कॉफी ज्यादा पीने से बचें। इनकी बजाय आप तरह-तरह की हर्बल-टी ट्राई कर सकते हैं। कैनोमाइल, रोज या मिंट-टी का स्वाद आपको खूब भाएगा। इसमें मीठे के लिए चीनी की बजाय शहद डालें। इससे आपको नई ऊर्जा, स्फूर्ति और हाइड्रेशन तीन तरफा फायदा मिलेगा। सीमित मात्रा में गर्म पेय जैसे गर्म पानी, अदरक, तुलसी की चाय या सूप पिएं। ये शरीर को गर्म रखते हैं और हाइड्रेशन में मदद करते हैं।

**चाय नहीं नीबू पानी:** शाम को ठंडी हवाओं के बीच भले ही आपका मन चाय-कॉफी पीने का करता हो, लेकिन आप अपनी सेहत का ख्याल रखते हुए एक गिलास गुनगुने पानी में नीबू का रस मिलाकर पिएं तो बेहतर होगा। इससे हाइड्रेशन तो होगा ही साथ ही इम्यूनिटी सिस्टम स्ट्रांग होगा, सर्दी-जुकाम से बचाव होगा और गले की सूदिंग भी होगी। इसमें जरा-सा काला नमक भी मिला सकते हैं।

**पिएं नारियल पानी:** सॉफ्ट ड्रिंक हानिकारक तत्वों, चीनी आदि से भरे होते हैं। प्यास बुझाने के लिए इनका सेवन भूलकर भी न करें। इनकी बजाय नारियल पानी, छाछ, दही आदि फायदेमंद पेय का सेवन करें। नारियल पानी आपके शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स लेवल को ठीक करेगा और दही-छाछ पाचन को दुरुस्त करेंगे।

**पानी को दें नया स्वाद:** पानी में पुदीने की पत्तियां, तरबूज के स्लाइस, खीरे के टुकड़े आदि डालकर इसे नया टेस्ट दे सकते हैं। यह टेस्टी लगेगा और फायदेमंद भी रहेगा। आप अपनी पानी की बोतल में नीबू, अदरक या दालचीनी डालकर भी पी सकते हैं। *

**(न्यूट्रिशनिस्ट पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)**



# वरुण चक्रवर्ती ने टी20 रैंकिंग में हासिल की नई ऊंचाई, बनाया 818 अंकों का रेटिंग पॉइंट

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है और अपने करियर की नई उच्चतम रेटिंग हासिल कर ली है। आईसीसी के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही पांच मैचों की घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में लगातार तीसरी बार दो विकेट लेने के बाद भारतीय गेंदबाज ने 818 अंकों का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया है।



### चक्रवर्ती टी20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल

दाएं हाथ के लेग स्पिनर ने श्रृंखला के पहले तीन मैचों में छह विकेट लिए हैं, जिनमें धर्मशाला में खेले गए तीसरे भारत-दक्षिण अफ्रीका टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार ओवरों में 2/11 के उनके प्रभावशाली आंकड़े शामिल हैं, जिन्होंने भारत की सात विकेट की शानदार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 818 रेटिंग अंकों के साथ, चक्रवर्ती अब दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी (699) से 119 अंकों की बड़ी बढ़त पर हैं। 34 वर्षीय चक्रवर्ती टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में सर्वकालिक शीर्ष 10 में भी शामिल हो गए हैं।



### वनडे में रोहित की बादशाहत कायम

वनडे में बल्लेबाजों की रैंकिंग की बात करें तो रोहित शर्मा 781 और विराट कोहली 773 रेटिंग अंकों के साथ पहले और दूसरे नंबर पर काबिज हैं। शुभमन गिल पांचवें नंबर पर हैं। उनके 723 रेटिंग अंक हैं। श्रेयस अय्यर को एक स्थान का नुकसान हुआ है। वह 10 वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

### अर्शदीप चढ़े चार पायदान ऊपर

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के तीसरे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीतने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में चार पायदान ऊपर चढ़कर 16वां स्थान हासिल कर लिया है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की रैंकिंग में भी कई सुधार देखने को मिले हैं। मार्को जानसेन 14 पायदान ऊपर चढ़कर 25वें स्थान पर, लुंगी एनगिडी 11 पायदान ऊपर चढ़कर 44वें स्थान पर और ओटनेल बार्टमैन शीर्ष 100 से बाहर से छलांग लगाकर 68वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



### भारत के दो बल्लेबाज शीर्ष पांच में शामिल

आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत के दो बल्लेबाज शीर्ष पांच में शामिल हैं। तिलक वर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन शानदार पारियों के बाद दो पायदान ऊपर चढ़कर चौथा स्थान हासिल कर लिया है। उनके साथी खिलाड़ी अभिषेक शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी आरामदायक बढ़त बनाए हुए हैं, वहीं दक्षिण अफ्रीका के एडन मार्कराम और क्विंटन डी कॉक ने भी उल्लेखनीय प्रगति की है। मार्कराम आठ पायदान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि डी कॉक हाल के कुछ उत्साहजनक प्रदर्शनों के बाद 14 पायदान ऊपर चढ़कर 43वें स्थान पर आ गए हैं। सूर्यकुमार यादव एक स्थान फिसलकर नंबर 10 पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिचेल मार्श एक स्थान ऊपर आठवें पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट 2 रैंक ऊपर 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## खबर संक्षेप

HOCKEY INDIA LEAGUE

### सीनियर टीम में जगह बनाने पर जूनियर खिलाड़ियों की निगाह

**नई दिल्ली।** विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के खिलाड़ियों की निगाह अब आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में अच्छा प्रदर्शन करके सीनियर टीम में जगह बनाने पर टिकी है। भारत ने हाल ही में समाप्त हुए जूनियर विश्व कप में तीसरे स्थान के मैच में अर्जेंटीना को 4-2 से हराकर कांस्य पदक जीता था। पुरुषों की एचआईएल लीग 3 जनवरी को चेन्नई में जबकि महिलाओं की लीग 28 दिसंबर को रांची में शुरू होगी। जूनियर खिलाड़ी इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि सीनियर टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन एचआईएल के दौरान उनके खेल पर कड़ी नजर रखेंगे।

### टी20 विश्व कप : मैडसेन करेंगे इटली की कप्तानी

**रोम।** इटली को पहली बार टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कराने में अहम भूमिका निभाने वाले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज जो बर्न्स भारत और श्रीलंका में



अगले साल के शुरू में होने वाली प्रतियोगिता में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उपलब्धता से संबंधित समस्या उनके और इटली क्रिकेट महासंघ के बीच हुए अनुबंध में बाधा बन रही है। महासंघ ने 36 वर्षीय बर्न्स की जगह वेन मैडसेन को कप्तान नियुक्त किया है। बर्न्स ने 2020 में ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद अनिवार्य 'कूलिंग ऑफ' अवधि पूरी करने के बाद पिछले साल इटली की तरफ से पदार्पण किया था।

### श्रीधर बने श्रीलंका टीम के फील्डिंग कोच



**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने भारत के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर को अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले टी20 विश्व कप के आखिर तक अपनी राष्ट्रीय टीम का फील्डिंग कोच नियुक्त किया। श्रीधर 2014 से 2021 तक भारत के फील्डिंग कोच रहे थे। उन्होंने इस साल की शुरुआत में श्रीलंका के राष्ट्रीय हाई परफार्मेंस सेंटर में 10 दिन का विशेष फील्डिंग शिविर भी आयोजित किया था। श्रीलंका क्रिकेट ने कहा, 'श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के समापन तक श्रीलंका राष्ट्रीय टीम के फील्डिंग कोच के रूप में आर श्रीधर की नियुक्ति की घोषणा करता है।' 'बीसीसीआई के लेवल तीन के कोच श्रीधर 2014 से 2021 तक भारतीय राष्ट्रीय पुरुष टीम के फील्डिंग कोच रहे और उन्होंने 300 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपनी सेवाएं दी।' इसमें कहा गया है, 'अब वह श्रीलंका की राष्ट्रीय टीम की फील्डिंग को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे तथा पाकिस्तान और इंग्लैंड के आगामी दौरों के दौरान खिलाड़ियों के साथ काम करेंगे।

## एशेज : कैरी और ख्वाजा के नाम पर रहा तीसरे टेस्ट मैच का पहला दिन

# एलेक्स कैरी के तूफानी शतक से ऑस्ट्रेलिया मजबूत, इंग्लैंड के खिलाफ 326/8 का स्कोर

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी के कॅरियर के तीसरे शतक और स्टीव स्मिथ के अस्वस्थ होने के कारण अंतिम समय में टीम में जगह बनाने वाले उस्मान ख्वाजा की 82 रन की लाजवाब पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शुरुआती झटकों से उबरकर आठ विकेट पर 326 रन बनाए। कैरी ने अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए ऐसे समय में क्रीज पर कदम रखा जब टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 94 रन था। उन्होंने 143 गेंद का सामना करके 106 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल है। इससे पहले ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती झटकों से उबारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कैरी ने स्टीव स्मिथ को पछाड़ा

कैरी का यह शतक एशेज में 12 साल बाद किसी ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज के बल्ले से आया पहला शतक है। आखिरी शतक ब्रैड हेडिन ने दिसंबर 2013 में जड़ा था। इस शतकीय पारी की बदौलत कैरी अब साल 2025 में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने स्टीव स्मिथ को पछाड़ दिया है। वह इस साल छठे सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। उनसे आगे अब सिर्फ शुभमन गिल (983) केएल राहुल (813), रवींद्र जडेजा (764), यशस्वी जायसवाल (745) और जो रूट (732) हैं।



### स्टेडियम में मौजूद रहे 56 हजार से अधिक दर्शक

तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल देखने के लिए 56298 दर्शक स्टेडियम में मौजूद थे जो एडिलेड ओवल में नया रिकॉर्ड है। उन्होंने कैरी का भरपूर समर्थन किया, जिन्होंने एशेज में अपने पहले टेस्ट शतक को अपने दिवंगत पिता को समर्पित किया। कैरी ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, 'यह क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा दिन था। एडिलेड में 56000 दर्शकों की मौजूदगी वास्तव में खास है। अपने घरेलू प्रशंसकों और परिवार के सामने शतक जड़ना बेहद खास पल था।'

### ख्वाजा को स्मिथ के बीमार होने पर मिली टीम में एंट्री


ख्वाजा को स्मिथ के अस्वस्थ होने के कारण बाहर हो जाने से जल्दबाजी में टीम में शामिल किया गया। ख्वाजा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे। जब वह पांच रन पर खेल रहे थे तब उन्हें जीवनदान मिला। उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाकर मार्नस लाबुशेन (19) के साथ 61 रन की और कैरी के साथ 91 रन की दो महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाई। कैरी ने जोश इंग्लिश (32) के साथ 59 रन और इस मैच में वापसी करने वाले कप्तान पैट कमिंस (13) के साथ 50 रन की साझेदारी की। दिन का खेल समाप्त होने के समय मिशेल स्टार्क 33 रन पर खेल रहे थे जबकि नाथन लियोन ने अभी अपना खाता नहीं खोला है।

### आर्चर ने 29 रन देकर लिए तीन विकेट

तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर इंग्लैंड के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 29 रन देकर तीन विकेट लिए हैं। उनके अलावा तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स और स्पिनर विल जैक्स ने दो-दो विकेट हासिल किए हैं। कैरी और ख्वाजा ने शानदार बल्लेबाजी की और मैच का पहला दिन काफी हद तक ऑस्ट्रेलिया के नाम सुनिश्चित किया। इन दोनों ने स्लॉग-स्वीप शॉट खेल कर अपना विकेट गंवाया। ख्वाजा ने जैक्स की गेंद पर स्लॉग-स्वीप शॉट खेला जो सीधे आउटफील्ड में जोश टोंग के हाथों में चला गया। कैरी ने भी इसी स्पिनर पर स्लॉग-स्वीप करने के प्रयास में विकेटकीपर जेमी स्मिथ को कैच दिया।

# श्रीचरणी को आंध्र प्रदेश सरकार ने भेंट की 2.5 करोड़ की राशि

### महिला विश्व कप में लिए थे 14 विकेट



एजेंसी ▶▶| अमरावती

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 2 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला वनडे विश्व कप जीता था। विश्व विजेता भारतीय महिला टीम की सदस्य श्रीचरणी को बुधवार को आंध्र प्रदेश की सरकार ने सम्मानित किया।

आंध्र प्रदेश सरकार के शिक्षा और आईटी मंत्री नारा लोकेश ने श्रीचरणी से उनके उंडावल्ली स्थित घर पर मुलाकात की और उन्हें सरकार की तरफ से 2.5 करोड़ रुपए का चेक सौंपा। कैश इनाम के अलावा, सरकार ने उन्हें विशाखापत्तनम में एक आवासीय प्लॉट भी दिया है। उनकी डिग्री पूरी होने के बाद आंध्र प्रदेश सरकार ने नौकरी का भी भरोसा दिया है। इससे संबंधित आदेश जारी किए गए हैं। सरकार की तरफ से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह कदम राज्य सरकार के खेल में बेहतरीन प्रदर्शन को बढ़ावा देने और आंध्र प्रदेश की युवा महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ खेलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

### खिताब दिलाने में निभाई थी अहम भूमिका

कडप्पा जिले की रहने वाली श्रीचरणी ने भारतीय टीम को महिला विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। बाएं हाथ की इस स्पिनर ने 9 मैचों में 14 विकेट लिए थे और टूर्नामेंट की चौथी सफल गेंदबाज रही थीं। 21 साल की चरणी ने अप्रैल 2025 में भारतीय टीम के लिए डेब्यू किया था। कुल 18 वनडे में 23 और 5 टी20 में 10 विकेट ले चुकी चरणी भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बड़ी स्टार के रूप में उभरी हैं।

# भारत और श्रीलंका के बीच 21 दिसंबर से टी20 सीरीज

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम वनडे विश्व चैंपियन भारत के खिलाफ 21 दिसंबर से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भाग लेने के लिए रवाना हो गई। इस श्रृंखला के पहले दो मैच 21 और 23 दिसंबर को विशाखापत्तनम में खेले जाएंगे, जबकि बाकी तीन मैच 26, 28 और 30 दिसंबर को तिरुवनंतपुरम में होंगे। चमारी अटापट्टू के नेतृत्व वाली टीम सीनियर और युवा खिलाड़ियों का मिश्रण है।

श्रीलंका ने पिछले लंबे समय से टीम के नियमित सदस्य रहे कुछ खिलाड़ियों को लगातार खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर कर दिया है। इन खिलाड़ियों में अनुष्का संजीवनी, उदेशिका प्रबोधनी, सुगंधिका दासनायके और अचिनी कुलसुरिया शामिल हैं। संजीवनी की अनुपस्थिति में कौशिनी नुथ्यांगना विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल सकती है। 17 वर्षीय स्पिनर शशिनि गिम्हानी और 19 वर्षीय मध्यम गति की गेंदबाज रश्मिका सेवंदी की टीम में वापसी हुई है।




# प्रतिस्पर्धी मुकाबले में 6 साल बाद आनंद की वापसी गुकेश से होगी भिड़ंत

**कोलकाता।** यह एक गुरु और उनके शिष्य के बीच एक जबरदस्त मुकाबला होगा जब पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद छह साल बाद प्रतिस्पर्धी मुकाबले में वापसी करेंगे और 7 से 11 जनवरी तक यहां सातवें टाटा स्टील शतरंज में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश और अपने दूसरे पूर्व शिष्यों का सामना करेंगे। पिछली बार 2019 में टूर्नामेंट खेलने वाले आनंद भारतीय सितारों की नई पीढ़ी के खिलाफ वापसी करेंगे, जिसमें गुकेश सबसे आगे हैं। आनंद ने गुकेश का हाल के वर्षों में अपनी वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में करीब से मार्गदर्शन (मेंटर) किया है। यह पहली बार होगा जब ये दोनों विश्व चैंपियन भारतीय धरती पर किसी व्यक्तिगत टूर्नामेंट में आपस में भिड़ेंगे। टाटा स्टील शतरंज इंडिया 'धोनो धन्यो ऑडिटोरियम' में आयोजित किया जाएगा, जिसमें रैपिड और ब्लिट्ज दोनों प्रारुप में ओपन और महिला दोनों वर्ग होंगे और दोनों वर्ग के लिए समान पुरस्कार राशि होगी। ओपन वर्ग में फिडे विश्व कप उप विजेता वेई यी, पूर्व अमेरिकी चैंपियन वेस्ली सो, हेन्स नीमेन, वोलोडार मुर्जिन और आर प्रज्ञानानंदा तथा अर्जुन एरिगेसी सहित एक मजबूत भारतीय दल भी शामिल होगा। अन्य भारतीयों में विदित गुजराती, अरविंद चिदंबरम, दिव्या देशमुख, वैशाली आर, वंतिका अग्रवाल और रक्षिता रवि शामिल हैं।

# 2025 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने डेम्बेले और बोनमाटी, फीफा ने पुरस्कार से नवाजा

एजेंसी ▶▶| दोहा

उस्मान डेम्बेले और ऐताना बोनमाटी को फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के पुरस्कारों में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में 2025 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

इन दोनों खिलाड़ियों ने इससे पहले बैलोन डीओर का प्रतिष्ठित पुरस्कार भी जीता था। डेम्बेले ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को उसके पहले चैंपियंस लीग खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई। बोनमाटी ने इस वर्ष स्पेन और बार्सिलोना की तरफ से शानदार खेल दिखाया था। फीफा पुरस्कारों के लिए दुनिया भर के राष्ट्रीय टीम के कप्तान, कोच, मीडिया और प्रशंसक मतदान करते हैं। यूरोप के



दो कोच को सर्वश्रेष्ठ कोच चुना गया। इनमें महिला वर्ग में सरीना विगमैन शामिल हैं, जिन्होंने इंग्लैंड को लगातार दूसरी बार महिला यूरो खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पुरुष वर्ग में यह पुरस्कार लुई एनरिक को मिला, जिन्होंने पीएसजी को चैंपियंस लीग और फ्रांसीसी लीग का खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## मिनर्वा एकेडमी ने भारतीय फुटबॉल के जमीनी ढांचे को नई दिशा दी

# मेस्सी ने वर्ल्ड यूथ चैंपियन मिनर्वा एकेडमी एफसी को किया सम्मानित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया, जब फुटबॉल के महानायक लियोनेस मेस्सी ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित मिनर्वा एकेडमी फुटबॉल क्लब (एमएएफसी) की वर्ल्ड यूथ चैंपियन टीम को स्वयं सम्मानित किया। यह ऐतिहासिक सम्मान मिनर्वा एकेडमी की अंडर-15 टीम को मिला, जिसने अगस्त 2025 में यूरोप में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए गोथिया कप (स्वीडन), डाना कप (डेनमार्क) और नॉर्वे कप जीतकर ऐतिहासिक यूरोपियन ट्रेबल हासिल किया था। ऐसा कारनामा करने वाली मिनर्वा एकेडमी भारत की पहली और इकलौती टीम बनी। पिछले दस वर्षों में मिनर्वा एकेडमी ने भारतीय फुटबॉल के जमीनी ढांचे को नई दिशा दी है। अंडर-15 टीम की यह उपलब्धि भारतीय फुटबॉल के लिए मील का पत्थर मानी जा रही है।



### भारत में फुटबॉल का भविष्य उज्ज्वल होगा : मेस्सी

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने अपने संक्षिप्त दौरे के दौरान शानदार मेहमाननवाजी के लिए आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भारत का फुटबॉल में भविष्य उज्ज्वल होगा। मेस्सी ने अपने भारत दौरे में चार शहरों का दौरा किया और इस दौरान हजारों प्रशंसक अर्जेंटीना के इस दिग्गज खिलाड़ी की एक झलक पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे। जामनगर में अनंत अंबानी की ओर से स्थापित वंतारा वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र का दौरा करने के लिए भारत में अपना प्रवास एक दिन के लिए बढ़ाने के बाद मेस्सी बुधवार को मियामी के लिए रवाना हो गए।

### भारत का दौरा अदभुत

मेस्सी ने कहा, 'दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और कोलकाता का दौरा अद्भुत रहा। पूरे दौरे के दौरान आपने जिस गर्मजोशी से स्वागत, उदार आतिथ्य सत्कार और प्रेम भाव दिखाया उसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं। मुझे उम्मीद है कि भारत में फुटबॉल का भविष्य उज्ज्वल है।'' मेस्सी ने ऐसे समय में भारतीय फुटबॉल को शुभकामना दी है जबकि वह अपने बुरे दौर से गुजर रही है। कोई व्यावसायिक साझेदार नहीं मिलने के कारण घरेलू सत्र शुरू नहीं हो पा रहा है जबकि राष्ट्रीय टीम का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा है। विश्व के सबसे प्रसिद्ध और लोकप्रिय खिलाड़ियों में से एक मेस्सी ने इस यात्रा के दौरान कोई भी प्रतिस्पर्धी फुटबॉल मैच नहीं खेला। इस दौरे के दौरान उनके साथ उरुग्वे के महान खिलाड़ी और उनके करीबी मित्र लुई सुआरेज और अर्जेंटीना के साथी खिलाड़ी रोड्रिगो डी पॉल भी थे।

# 13 करोड़ मिलते ही गरजा लिविंगस्टन का बल्ला, खेली 76 रन की तूफानी पारी



एजेंसी ▶▶| अबूधाबी

लियाम लिविंगस्टोन की 76 रन की शानदार पारी की मदद से अबूधाबी नाइट राइडर्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में तालिका में शीर्ष पर काबिज डेजर्ट वाइपर्स पर एक रन से रोमांचक जीत दर्ज की। लिविंगस्टोन (48 गेंदों में 76 रन) ने यूएई के अलीशान शराफू (35 गेंदों में 39 रन) और शेरफेन रदरफोर्ड (14 गेंदों पर 24 रन नाबाद) के साथ दो महत्वपूर्ण साझेदारियां की, जिससे नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 181 रन बनाए।

इसके जवाब में वाइपर्स की टीम ने छह विकेट पर 180 रन बनाए और इस तरह से उसे टूर्नामेंट में अपनी पहली पराजय का सामना करना पड़ा। वाइपर्स की तरफ से फखर जमां (32 गेंदों में 44 रन) और मैक्स होल्डन (43 गेंदों में 52 रन) ने उपयोगी योगदान दिया लेकिन आंद्रे रसेल और अजय कुमार ने दो-दो विकेट लेकर नाइट राइडर्स की करीबी जीत सुनिश्चित की।




जनहित याचिका में आरोप, राज्य सरकार सहित अन्य को हाईकोर्ट का नोटिस

# नियमों में छूट के चलते ई-रिक्शा सड़कों पर फैला रहे अव्यवस्था

हरिभूमि जबलपुर।



मप्र हाईकोर्ट में दायर एक जनहित याचिका में शहर में ई-रिक्शो की अराजकता व धमाचौकड़ी को चुनौती दी गई है। याचिका में आरोप है कि नियमों में छूट के चलते ई-रिक्शा सड़कों पर अव्यवस्था फैला रहे हैं। मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, परिवहन आयुक्त, कलेक्टर व जिला परिवहन अधिकारी जबलपुर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका की सुनवाई के दौरान पत्रिका में गत 12 दिसंबर को प्रकाशित खबर भी कोर्ट के पटल पर पेश की गई।

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ पीजी नाजपांडे व रजत भार्गव की ओर से याचिका दायर की गई।अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखते हुए कोर्ट को बताया कि भारत सरकार ने 2018 में एक अधिसूचना जारी कर मोटर वीकल एक्ट के नियम 66 के तहत ई-रिक्शा व बैटरी चलित वाहनों को छूट दी है। याचिका में नियम में किए गए संशोधन की वैधानिकता को चुनौती दी गई है। दलील दी गई कि यह संशोधन मोटर वीकल एक्ट के मूल स्वरूप का उल्लंघन कर किया गया है। इस संशोधन के चलते ई-रिक्शॉ चलाने के लिए चालक को आरटीओ से ड्रायविंग लायसेंस और परमिट की आवश्यकता नहीं होती।

चूंकि कानून में इनके खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान नहीं है, इसलिए बेधड़क इनका संचालन बढ़ रहा है। कई ई-रिक्शॉ तो नाबालिग तक चला रहे हैं। ई-रिक्शॉ की अराजकता के चलते कुछ दिन पहले कलेक्टर ने हस्तक्षेप करते हुए स्कूलों में इन पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी।

इंदौर ट्रक हादसा मामला, अगली सुनवाई 28 जनवरी को

# सुधारात्मक प्रयासों की रिपोर्ट पेश, अमली जामा पहनाने के निर्देश

**जबलपुर।** इंदौर में बेलगाम ट्रक की जानलेवा धमाचौकड़ी के मामले में मप्र हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। पूर्व निर्देश के पालन में राज्य सरकार की ओर से सुधारात्मक प्रयासों की रिपोर्ट पेश की गई। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने रिपोर्ट को रिकार्ड पर ले लिया। कोर्ट ने निर्देश दिए कि इन प्रयासों को अमली जामा पहनाया जाए। अगली सुनवाई 28 जनवरी को तय की गई। विगत सुनवाई में इंदौर के पुलिस आयुक्त वीसी के जरिए हाजिर हुए थे। उन्होंने अवगत कराया था कि इंदौर में उक्त घटना के बाद कोई भीषण सड़क दुर्घटना घटित नहीं हुई है। सड़क दुर्घटनाएं रोकने सुधारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। कोर्ट ने इस जानकारी को नाकाफी पाते हुए इंदौर में सड़क हादसों को रोकने के संबंध में समग्र सुधारात्मक प्रयासों की रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे।

उल्लेखनीय है कि 15 सितंबर की शाम इंदौर के एयरपोर्ट इलाके की सड़कों पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने करीब एक किलोमीटर तक कई लोगों और वाहनों को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। इंदौर में नो एंट्री में ट्रक के कोहराम मचाने की घटना को संज्ञान में लेते हुए हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई जनहित याचिका के रूप में करने की व्यवस्था दी थी।

## 35 वर्ष सेवा पूर्ण करने वाले सेवानिवृत्त कर्मी चतुर्थ समयमान वेतनमान के हकदार

हाईकोर्ट का राहतकारी आदेश : 60 दिन की मोहलत

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्त कर्मियों को चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ देने का राहतकारी आदेश पारित किया है। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने यह आदेश राज्य शासन के उस परिपत्र के आधार पर दिया है, जिसमें कहा गया था कि एक जुलाई, 2023 को या उसके बाद सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी, जिनकी सेवा 35 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे चतुर्थ समयमान वेतनमान के पात्र होंगे। कोर्ट ने इसी आधार पर 60 दिन में लाभ प्रदान करने को कहा है।
याचिकाकर्ता मंडला निवासी सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक राकेश कुमार पाल व हीरालाल झारिया की ओर से दलील दी गई कि जब राज्य शासन का स्पष्ट नियम है, तो याचिकाकर्ताओ को अपेक्षित लाभ क्यों नहीं दिया गया। अभ्यावेदन का कोई नतीजा न निकलने के कारण हाईकोर्ट की शरण ली गई। कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर राहत प्रदान कर दी।

तीन पुलिस थानों का बल रहा मौजूद

# मंडी मदार टेकरी में देर रात से तड़के तक हटे अतिक्रमण

**जबलपुर।** जबलपुर नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने शहर भर में चल रही अतिक्रमण विरोधी मुहिम के तहत कल देर रात पहली बार जो कार्यवाही आरंभ की वह लगभग आज तडके तक चली । अतिक्रमण हटाने की यह कार्यवाही पूरी रात खुले रहने वाले हनुमानताल और गोहलपुर थाना क्षेत्र के मंडी मदार टेकरी में की गई। इस दौरान तीन थानें का अमला मौके पर मौजूद रहा। नगर निगम अतिक्रमण विभाग, पूरे पुलिस बंदोबस्त के साथ मंडी मदार टेकरी क्षेत्र पर पहुंचा और देर रात चल रही यातायात में बाधक दुकानों सहित अन्य अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई।

जबलपुर नगर निगम अतिक्रमण दल के प्रभारी मनीष तड़से से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यवाही अभी केवल सांकेतिक रूप पर की गई है। इसके बाद यदि यह दुकान दोबारा शुरू होती हैं तो यहां पर लगातार कार्रवाई की जाएगी। दुकानों में लग रहे अवैध ठेलों की जब्ती के साथ ही अब पुलिस से भी सहायता लेकर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अतिक्रमण कर दुकानों को देर रात संचालित न किया जाए। कार्यवाही के दौरान क्षेत्रीय लोगों की भीड़ एकत्र होने के कारण पुलिस को अप्रिय स्थिति का भी अंदेशा लगा, जिसके चलते गोहलपुर व हनुमानताल सहित तीन थानों का पुलिस बाल भी मौके पर पहुंच गया, हालांकि पूरी कार्यवाही शांतिपूर्ण चलती रही।

# सीबीआई का ट्रैप ऑपरेशनः जीएसटी इंस्पेक्टर रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**जबलपुर।** जीएसटी कार्यालय में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने ट्रैप ऑपरेशन के तहत जीएसटी इंस्पेक्टर सचिन खरे को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में 10 से 12 सीबीआई अधिकारी शामिल थे। जानकारी के अनुसार, इंस्पेक्टर सचिन खरे ने जबलपुर के होटल व्यवसायी विवेक त्रिपाठी के खिलाफ ओयो (OYO) से जुड़े लेन-देन को लेकर लगभग एक करोड़ रुपये की टैक्स रिकवरी की बात कही थी। मामले को "सेटिल" करने के बदले उसने 10 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी, जिसमें से चार लाख रुपये तत्काल देने का दबाव बनाया जा रहा था। इससे परेशान होकर कारोबारी ने सीबीआई से शिकायत की। शिकायत की पुष्टि के बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और जैसे ही निर्धारित स्थान पर रिश्वत की राशि दी गई, टीम ने आरोपी इंस्पेक्टर को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद सीबीआई ने जीएसटी कार्यालय में अन्य अधिकारियों से भी पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार, असिस्टेंट कमिश्नर सहित कुछ कर्मचारियों से भी सवाल-जवाब किए जा रहे हैं। सीबीआई यह जांच कर रही है कि मामला किसी बड़े नेटवर्क से तो नहीं जुड़ा है। फिलहाल आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



# खोवा मंडी में जमे जुए के फड़ पर पुलिस का छापा

**जबलपुर।** कोतवाली पुलिस ने गत रात खोवा मंडी जैन मंदिर के पास चल रहे एक जुए के फड़ पर छापा मारकर 9 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 10 हजार 200 रुपए जब्त किए हैं। कोतवाली थाना प्रभारी मानस द्विवेदी ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर खोवा मंडी जैन मंदिर के पास जुआ मन्ना खेल रहे आनंद विश्वकर्मा, विश्वनाथ विश्वकर्मा, शानू विश्वकर्मा, संदीप उर्फ परमेश जैन, अंकित सिंह राठौर, अंकित विश्वकर्मा, सागर विश्वकर्मा, गौरव विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर उनके पास से ताश के पत्ते तथा 10 हजार 200 रूपये जब्त करते हुये सभी जुआड़यों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



# दमोह से आईएसबीटी पहुंचे गांजा तस्कर पुलिस के हाथ लगे

**जबलपुर।** क्राईम ब्रांच एवं थाना माढोताल की संयुक्त टीम ने गत रात आईएसबीटी तालाब के पास दो गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उनके पास से 06 किलोग्राम गांजा जब्त किया है।

माढ़ोताल थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह पवार ने बताया कि गत रात क्राईम ब्रांच और माढ़ोताल पुलिस की टीम ने आईएसबीटी तालाब के पास गांजा बेचने की फिराक में खड़े बांदकपुर रोड धरमपुरा चंदन मंदिर के पास कोतवाली जिला दमोह निवासी 45 वर्षीय रोशन कुम्हार और मोरगंज गल्ला मंडी संजीवनी अस्तपाल के सामने कोतवाली जिला दमोह निवासी 18 वर्षीय कृष्णा जाटव को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर पिठ्ठू बैग में 3-3 किलोग्राम गांजा रखे हुए थे।



पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से 6 किलोग्राम गांजा, एक मोबाइल जब्त किया है। जब्त किए गए गांजे की कीमत लगभग 3 लाख रूपये बताई गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मामला जांच में लिया है।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया

# आदिवासी की जमीन बेचने के मामले में अपर कलेक्टर के आदेश को दरकिनार करने को चुनौती

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में आदिवासी की जमीन बेचने के मामले में अपर कलेक्टर के आदेश को दरकिनार कर नया आदेश जारी करने को चुनौती दी गई है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने इस मामले में राज्य शासन को जवाब पेश करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने कहा कि यदि अगली सुनवाई तक कोई जवाब नहीं आया तो तहसीलदार को स्वयं व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर स्पष्टीकरण देना होगा। मामले पर अगली सुनवाई 19 दिसंबर को होगी।

बालाघाट निवासी निर्मला तारण की ओर से अधिवक्ता शिशिर सोनी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि अपर कलेक्टर ने 18 सितंबर 2002 को भू-राजस्व संहिता के तहत याचिकाकर्ता को संपत्ति बेचने के आदेश जारी किए थे। इसके बाद पटवारी की सलाह पर तहसीलदार ने उक्त आदेश के विरुद्ध नया आदेश जारी कर दिया। इसके तहत याचिकाकर्ता की संपत्ति को अहस्तांतरणीय कर दिया।




संभावित ठिकानों पर पुलिस कर रही छापेमारी

# पनागर लूट काण्डः 24 घंटे बाद भी नहीं मिला कोई सुराग

हरिभूमि जबलपुर।

**पनागर थाना क्षेत्र में भूरा ज्वेलर्स के संचालकों से हुई सनसनीखेज लूट को 24 घंटे से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। मंगलवार रात करीब 8 बजे हुई इस वारदात के बाद बुधवार को पूरा दिन पुलिस आरोपियों की तलाश और जांच-पड़ताल में जुटी रही, मगर देर शाम तक भी कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका। कई संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।**

पुलिस के मुताबिक, कमानिया गेट स्थित भूरा ज्वेलर्स के संचालक सुनील सराफ और उनके बेटे संभव सराफ दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें रोककर मारपीट की और करीब 900 ग्राम सोना, 19 किलो 750 ग्राम चांदी तथा लगभग 17 लाख रुपए नकद से भरा बैग कुल लगभग 54 लाख की लूट के बाद आरोपी फरार हो गए। वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया।





फाइल फोटो

**बुधवार को जिलेभर में दबिश**

घटना के बाद मंगलवार रात ही पनागर पुलिस के साथ गोसलपुर, सिहोरा, अधारताल, माढ़ोताल, तिलवारा, बरगी, खितौला, मझगवां और मझौली थाना पुलिस को अलर्ट कर नाकाबंदी कराई गई थी। बुधवार को भी पुलिस टीमों ने संभावित रास्तों, ढाबों, बस स्टैंड और संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन न तो कोई संदिग्ध पकड़ा जा सका और न ही लूटे गए जेवर-नकदी का कोई सुराग मिला।

**क्राइम ब्रांच और साइबर सेल सक्रिय**

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर क्राइम ब्रांच को जांच में लगाया गया है। वहीं साइबर सेल द्वारा पनागर और आसपास के क्षेत्रों के मोबाइल टावरों का डेटा खंगाला जा रहा है। पुलिस ने वारदात के समय शाम 6 से रात 8 बजे के बीच सक्रिय मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल और लोकेशन का विश्लेषण शुरू किया है, लेकिन बुधवार तक इसमें कोई पुख्ता इनपुट नहीं मिल सका। बदमाशों के आने-जाने के संभावित रास्तों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, कई इलाकों में कैमरे बंद या खराब पाए गए, जिससे जांच को झटका लगा है।

**पुराने लूट मामलों की याद दिलाई**

इस लूटकांड के बाद एक बार फिर जिले में पिछले कई वर्षों से लंबित लूट और डकैती के मामलों पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय पुलिस गश्त कमजोर रहती है, जिससे अपराधियों के हौसले बढ़े हुए हैं। क्षेत्र में सक्रिय पारधी, कंजर, डेरा वाले और बाहरी गिरोहों की भूमिका को भी पुलिस जांच के दायरे में लिया जा रहा है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240